e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 122

**सुविचार**

प्रेम एक ऐसा अनुभव है जो मनुष्य को कभी हारने नही देता, और घृणा एक ऐसा अनुभव है जो इंसान को कभी जीतने नही देता।

# प्रभात मंत्र

शनिवार
06.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30° |
| न्युनतम | 18° |

## क्विक न्यूज

### राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर बने रहने के लिए राजी हुए शरद पवार

**मुंबई** : वरिष्ठ नेता शरद पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष पद पर बने रहने के लिए राजी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे, लेकिन पार्टी को नए उत्तराधिकारी की जरूरत है। इस पर पार्टी नेताओं को ध्यान देना चाहिए। शरद पवार ने कहा कि वे पार्टी के विस्तार के लिए आगे काम करते रहेंगे। शरद पवार ने शुक्रवार को वाईबी सेंटर में पत्रकारों से कहा कि दो मई को उन्होंने पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में पद छोड़ने की घोषणा की थी। उन्हें लगा था कि इसकी प्रतिक्रिया होगी, लेकिन इतनी ज्यादा होगी, यह नहीं सोचा था। उनकी इस घोषणा के बाद पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने निर्णय बदलने के लिए आग्रह जारी रखा। इसके साथ ही अन्य पार्टी के नेताओं ने भी उनके अध्यक्ष पर बने रहने का आग्रह किया।

### कटिहार-मालदा टाउन पैसेंजर ट्रेन में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

**समसी** : 55702 कटिहार-मालदा टाउन पैसेंजर ट्रेन में आग लगने की घटना शुक्रवार को सामने आई है। घटना से यात्री दहशत में आ गए। बताया जा रहा है कि कटिहार से मालदा जाने के दौरान मलहार स्टेशन पर कोच के नीचे पहिया जाम होने से आग लग गई। इससे ट्रेन में बैठे यात्री डर गए। ट्रेन को जैसे-तैसे समसी स्टेशन पहुंचाया गया, जहां आग को बुझा दिया गया। समाचार लिखे जाने तक घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। सभी यात्री सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि आग यांत्रिक खराबी के कारण लगी थी। इस दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस को भालुका स्टेशन पर रोक दिया गया।

### पंजाब विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष चरणजीत सिंह अटवाल भाजपा में हुए शामिल

**नई दिल्ली** : पंजाब विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष चरणजीत सिंह अटवाल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने नई दिल्ली स्थित आवास पर चरणजीत सिंह अटवाल को बधाई दी। अटवाल ने 19 अप्रैल को शिरोमणि अकाली दल की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। अटवाल 1997 से 2002 तक और फिर 2012 से 2017 तक पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष रहे। इसी बीच 2004 से 2009 तक देश की 14वीं लोकसभा के उपाध्यक्ष रहे। वे लोकसभा में पंजाब के फिल्लौर से चुनकर आए थे। इससे पहले चरणजीत के बेटे शिरोमणि अकाली दल के नेता और पूर्व विधायक इंदर इकबाल सिंह अटवाल अन्य लोगों के साथ 9 अप्रैल को भाजपा में शामिल हुए थे।

### मणिपुर के हालात को देखते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने रद्द किया कर्नाटक दौरा

**नई दिल्ली** : केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के हालात को देखते हुए शुक्रवार को कर्नाटक यात्रा रद्द कर दी है। वे मणिपुर के हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और शांति बहाली के लिए लगातार संवाद कर रहे हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर हिंसा पर नजर बनाए हुए हैं। इस संबंध में वह शुक्रवार को आला अधिकारियों के साथ मणिपुर में शांति बहाली को लेकर बैठक की। सूत्रों का कहना है कि मणिपुर में स्थिति अब नियंत्रण में है। शाह ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मणिपुर की स्थिति को लेकर नागालैंड, मिजोरम और असम सहित पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत की थी। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में आदिवासी आंदोलन के दौरान बुधवार को राज्य के कई जिलों में हिंसा भड़क गई, जिसके बाद राज्य सरकार ने अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। इसके अलावा इंफाल पश्चिम, काकचिंग, थौबल, जिरिबाम, बिष्णुपुर, चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़

# सेना के 5 जवान शहीद

**एजेंसी**

**श्रीनगर** : जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शुक्रवार को मुठभेड़ हो गई. इस दौरान आतंकवादियों द्वारा विस्फोट किए जाने से सेना के पांच जवान शहीद हो गए.एक जख्मी जवान का अभी इलाज चल रहा है.वहीं कुछ आतंकियों के मारे जाने का भी अनुमान है. फिलहाल इलाके में ऑपरेशन जारी है.सुरक्षा के लिहाज से जिले में इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया गया है.जानकारी के मुताबिक खराब मौसम और लगातार बारिश के बीच यह मुठभेड़ राजौरी जिले के घने जंगलों वाले कंडी इलाके में हुई. जम्मू क्षेत्र में भाटा धूरियन के तोता गली इलाके में आतंकियों ने सेना के जवानों पर घात लगाकर हमला कर दिया था, जिसके बाद यह इलाके में छुपे आतंकियों को बाहर निकालने के लिए लगातार यह ऑपरेशन जारी है.मुठभेड़ में दो जवान मौके पर शहीद हो गए थे और मेजर समेत चार घायल हो गए थे. उन्हें इलाज के लिए हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया. बाद में उधमपुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान तीन और जवानों ने दम तोड़ दिया. इस ऑपरेशन में सेना के कुल 5 जवान शहीद हो गए हैं.उधमपुर में सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि अभियान जारी है. राजौरी सेक्टर में चल रहे ऑपरेशन में गंभीर रूप से घायल हुए तीन सैनिकों ने दम तोड़ दिया है. राजौरी इलाके में मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है. बयान में आगे कहा गया है, आतंकवादियों ने जवाबी कार्रवाई में एक विस्फोटक उपकरण चलाया. सेना के दो जवानों की मौत हो गई थी. इसके अलावा, एक मेजर समेत चार सैनिक घायल हो गए थे. घायल कर्मियों को उधमपुर के कमांड अस्पताल में ले जाया गया.

### सुरक्षाबलों ने तेज किया सर्च ऑपरेशन

सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली है और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है. इससे पहले बुधवार को भी दो आतंकवादियों को मार गिराए गए थे. ये नियंत्रण रेखा के समीप से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे.एडीजीपी कश्मीर ने मारे गए आतंकियों के बारे में बताया कि, दोनों स्थानीय आतंकवादी हैं, प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर से जुड़े हुए हैं. इनकी पहचान शोपियां जिले के शाकिर माजिद नजर और हनान अहमद सेह के रूप में हुई है.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया दुःख



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जम्मू कश्मीर के राजौरी में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के पांच जवानों के बलिदान पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि परमात्मा वीर जवानों की आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को विकट घड़ी को सहने की ताकत दें।



### घाटी में 50 आतंकी सक्रिय

केंद्रीय एजेंसियों के मुताबिक,घाटी में अभी 50 सक्रिय आतंकी, 20-24 विदेशी आतंकी और 30-35 आतंकी स्थानीय हैं. डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया कि हमने चारों तरफ से आतंक के इको सिस्टम को घेर लिया है. चाहे वह पत्थरबाजों पर कार्रवाई हो या अलगाववादी, फाइनेंसरों पर कार्रवाई हो या सीमा पार से ड्रोन के जरिए आने वाले हथियारों को जब्त करना हो. साल 2017 में जब आतंकियों की संख्या 350 थी, अब उनकी संख्या दहाई में आ गई है.

## आदिवासी समाज के उत्थान में रघुनाथ मुर्मू का अहम योगदान : हेमंत सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : महान संताली साहित्यकार और ओलचिकी लिपि के आविष्कारक गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की 119 वीं जयंती है। इस अवसर पर पंडित रघुनाथ मुर्मू के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का दाँडबोस, रायरंगपुर, मयूरभंज, ओडिशा आगमन हुआ। मुख्यमंत्री ने यहां उनकी समाधि पीठ (स्मारक) और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाधि पीठ परिसर का भ्रमण करने के साथ स्थानीय लोगों से संवाद भी किया।

आदिवासी समाज को नई दिशा दी पंडित रघुनाथ मुर्मू की याद और सम्मान में यहां आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संताली भाषा और साहित्य के विकास में उनके अविस्मरणीय योगदान को हम कभी भुला नहीं सकते हैं। उन्होंने ओलचिकी के रूप में संताली को एक नई लिपि दी। विशेषकर आदिवासी समाज की परंपरा, कला संस्कृति और भाषा-साहित्य के संरक्षण और उसे समृद्ध करने में उनकी भूमिका इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। विशेषकर आदिवासियों के बीच शिक्षा का अलख जगाने में उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समर्पित कर दी।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने दाँडबोस, रायरंगपुर, मयूरभंज,ओडिशा में पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा और समाधि पीठ पर माल्यार्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि

पंडित रघुनाथ जी की रचनाएं और कृतियां अमर हैं। आज संताली भाषा और साहित्य कि अपनी समृद्ध परंपरा कायम है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान पंडित रघुनाथ मुरमू जी का ही है।

**आदिवासी समुदाय का संघर्षों से रहा है नाता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, अमर शहीद सिदो-कान्हू, वीर बुधु भगत और तेलंगा खड़िया जैसे अनेकों वीर हुए हैं जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत और जमींदारों के शोषण- अन्याय के विरुद्ध हुए आंदोलनों का नेतृत्व किया । अन्याय के खिलाफ आदिवासी वीर ना कभी झुके और ना ही कभी डरे हैं। इन्होंने अपने वीरता, संघर्ष और नेतृत्व क्षमता से ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिला दी थी। हमें ऐसे वीर शहीदों पर गर्व है। इस अवसर पर राज्य सरकार में मंत्री श्री चम्पाई सोरेन और कई गणमान्य मौजूद रहे।

## आईएएस छवि रंजन के आंख से छलका आंसू, भेजे गए जेल



छाया : नसीम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राजधानी के पूर्व डीसी आईएएस अधिकारी छवि रंजन को न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया.

ईडी आईएएस छवि रंजन की अब रिमांड के लिए शनिवार को विशेष अदालत में आग्रह करेगी. रांची में सेना के साथ अन्य विवादित जमीनों की खरीद बिक्री में फर्जीवाड़ा मामले में आईएएस छवि रंजन को गुरुवार को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था.

इसके बाद शुक्रवार को उन्हें ईडी कोर्ट में पेश किया गया. इसके बाद ईडी कोर्ट ने छवि रंजन को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. कोर्ट में क्लोजिंग डे के कारण ईडी को आईएएस छवि रंजन का रिमांड नहीं मिल सका.

शनिवार को ईडी छवि रंजन की रिमांड के लिए कोर्ट में आवेदन देगी. कोर्ट ले जाने से पहले ईडी ने अपने दफ्तर में ही छवि रंजन का मेडिकल जांच सदर अस्पताल के डॉक्टरों की देख रेख में कराया.

छवि रंजन का बीपी, शुगर, पल्स सभी सामान्य पाया गया. उनका कोविड टेस्ट भी नेगेटिव आया है. कोर्ट में पेशी के बाद जब छवि रंजन अदालत से बाहर निकल रहे थे, तब उनकी आंखों में आंसू साफ झलक रहे थे.

हालांकि वे बार बार अपने आंसुओं को छुपाने की कोशिश कर रहे थे. कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी की टीम उन्हें अदालत से रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ले कर चली गई. बता दें कि रांची में सेना की जमीन की खरीद बिक्री और कई अन्य विवादित जमीनों की खरीद बिक्री में फर्जीवाड़ा मामले में ईडी ने आईएएस अधिकारी छवि रंजन को गिरफ्तार किया था.

## जैन समाज का प्रमुख तीर्थ स्थल है सम्मेद शिखर : राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अपने दो दिवसीय गिरिडीह प्रवास के क्रम में शुक्रवार को गिरिडीह स्थित तमिलनाडु जैन भवन जाकर 'लघु पंचकल्याणक' में भाग लेते हुए कहा कि सम्मेद शिखर जी जैन समाज के लिए सबसे अहम तीर्थ स्थल है। 24 में से 20 जैन धर्म के तीर्थकरों ने यहां मोक्ष व निर्वाण प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पारसनाथ स्थल परिसर शिक्षा व ध्यान का भी महत्वपूर्ण केन्द्र है। राज्यपाल ने कहा इस पवित्र स्थल में देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा कि यह पारसनाथ व मधुबन अपने धार्मिक, सांस्कृतिक व प्राकृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थल है।।राज्यपाल ने पारसनाथ में तमिलनाडु भवन निर्मित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी ट्रस्टी एवं इस भवन के निर्माण में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने उक्त अवसर पर तमिलनाडु से इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आये हुए सभी लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने तमिल भाषा व संस्कृति को अत्यन्त समृद्ध बताते हुए कहा कि तमिल साहित्य के महाकाव्यों में जैन मुनियों का उल्लेखनीय योगदान है। उन्होंने तिरुपुर के निकट स्थित विजयमंगलम जैन मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उस क्षेत्र का प्राचीनतम जैन मंदिर है। उक्त अवसर पर आचार्य श्री संभव सागर मुनि महराज जी ने भी आशीर्वचन प्रकट करते हुए मानव शरीर एवं आत्मा के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व राज्यपाल ने सिंहपुर में आंगनबाड़ी के केंद्र और स्कूल में बच्चों के बीच टॉफी बांटी। काफी देर तक बच्चों के साथ समय बिताया। इस दौरान राज्यपाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और समस्याओं के समाधान कराने की बात कही। राज्यपाल ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता गांवों का विकास कराना है। इसके लिए भागीदारी व एकजुटता जरूरी है। अगर हम भी एकजुट रहेंगे तो विकास निश्चित होगा। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने स्कूल की चहारदीवारी के निर्माण की बात कही। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के कई लोगों को इसकी जानकारी नहीं रहती है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते है।इसके बाद राज्यपाल पीरटांड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे। यहां बच्चियों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने बच्चियों से बातचीत की और उनका हाल जाना।



## बेंगलुरु से रेस्क्यू कराई गई पहाड़िया जनजाति की 11 नाबालिग बच्चियों को लाया गया रांची

### बेंगलुरु से रेस्क्यू कराई गईं सभी बच्चियों को कल पाकुड़ और साहिबगंज जिले में रहने वाले उनके परिजनों को सौंपा जाएगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्य के बच्चे- बच्चियां ह्यूमन ट्रैफिकिंग की शिकार नहीं हों। जो किन्ही भी वजहों से ह्यूमन ट्रैफिकिंग के शिकार हो चुके हैं, उनकी पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द रेस्क्यू कराया जाए। इतना ही नहीं, जो भी बच्चे- बच्चियां और युवक -युवतियां दूसरे राज्यों और बड़े शहरों से रेस्क्यू करा कर वापस लाए जाएं, उनके पुनर्वास और रोजगार की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा अधिकारियों को दिए गए इस निर्देश के सकारात्मक नतीजे लगातार सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में राज्य बाल अधिकार और संरक्षण आयोग की टीम आज बेंगलुरु से रेस्क्यू कराई गई पहाड़िया जनजाति की 11 नाबालिग बच्चियों को रांची लेकर पहुंची। बच्चियों की सकुशल रेस्क्यू कराने में राज्य बाल अधिकार व संरक्षण आयोग, समाज कल्याण विभाग, पुलिस प्रशासन एवं राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष - श्रम विभाग की टीम का अहम योगदान रहा।

### प्रेमाश्रय, रांची में रखी गई है सभी बच्चियां

साहिबगंज और पाकुड़ जिले की रहने वाली इन सभी बच्चियों को फिलहाल प्रेमाश्रय बालिका गृह, रांची में रखा गया है। मनरेगा आयुक्त - सह- निदेशक-सह-सदस्य सचिव, झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था, राजेश्वरी बी ने यहां इन बच्चियों से मुलाकात कर उनसे पूरी जानकारी ली। अब जिला बाल संरक्षण अधिकारी , रांची इन सभी बच्चियों को कल इनके साहिबगंज और पाकुड़ जिले में स्थित उनके घर ले जाकर परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया पूरी करेंगे।



### क्या है पूरा मामला

ज्ञात हो कि पाकुड़ जिला के हिरणपुर थाना क्षेत्र से 25 व्यक्ति इस वर्ष 7 जनवरी को बेंगलुरु गए थे। इनमें एक बालक समेत 11 नाबालिग बच्चियां भी शामिल थीं।

इनमे सात पाकुड़ और चार साहिबगंज जिले की रहने वाली थी। इनके नाबालिग होने की बात सामने आने पर बेंगलुरु पुलिस ने सभी को सीडब्ल्यूसी, बेंगलुरु के सुपुर्द कर दिया। सीडब्ल्यूसी की जांच में पता चला कि ये सभी ह्यूमन ट्रैफिकिंग का शिकार हुई हैं। ऐसे में सीडब्ल्यूसी, बेंगलुरु ने इन सभी बच्चियों को वापस उनके घर भेजने के लिए डीसीपीओ और बेंगलुरु पुलिस से संपर्क किया ।

इसके उपरांत उन्होंने रांची के जिला बाल संरक्षण अधिकारी से संपर्क साध पूरी जानकारी दी। इसके बाद राज्य बाल अधिकार और संरक्षण आयोग के द्वारा इन सभी बच्चियों को वापस लाने की सारी प्रक्रिया पूरी की गई।

### जमीनी विवाद में चली गोलियां, एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

**मुरैना** : मध्य प्रदेश के मुरैना में शुक्रवार सुबह जमीनी विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। इस दौरान हुई फायरिंग में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। ताबड़तोड़ गोलीबारी में छह से अधिक लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सभी मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में काफी लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसे लेकर साल 2011 में भी एक व्यक्ति की हत्या हो चुकी है।

# पांडू को जाम से निजात कबतक!

## पांडू प्रखंड मुख्यालय में लग रही है घंटों जाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड मुख्यालय में लग रही है घंटों जाम. जाम में फसने से लोगों को हो रही है काफी परेशानी. बताते चले की पांडू का जाम के मामले में काफी पुराना नाता रहा है. शुरुआती दौर में पांडू थाना प्रभारी पवन कुमार ने भी जाम से निजात दिलाने के लिए कई बार प्रयास किए परंतु सारा किया गया प्रयास असफल साबित हो रहा है. थाना प्रभारी के कई बार किए गए आग्रह के बावजूद भी लोग उनकी बातों को अनदेखी किया है जिसका नतीजा है की पांडू आज भी जाम से जूझ रहा है.बाजार के लोगों की माने तो जाम लगने का कारण मुख्य सड़क किनारे मोटरसाइकल लगा दिया जाना एंव सवारी बस शंकर जी के सामने रोककर सवारी एंव समान उतारना बताया जा रहा है. हलाकिं जाम के कारण कई सवारी बस का समय भी फेल हो रहा है. थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा जाम लगाने वालों को बहुत जल्द सुधारा जायेगा. किसी भी किमत में पांडू बाजार परिसर में जाम नहीं लगने दिया जायेगा।

## दुर्घटना में पुलिस जवान घायल स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के जीएलए कॉलेज गेट के पास दो बाइक की टक्कर में एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रेडमा निवासी पुलिस के जवान संजय कुमार किसी काम से मेदनीनगर आए थे। इसी बीच मेदिनीनगर से अपने घर लौटने के दौरान जीएलए कॉलेज गेट के पास उनकी बाइक की टक्कर एक दूसरे बाइक से हो गई। जिसमें बाइक से गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल पहुंचाया गया।जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही दूसरे बाइक चालक कसमार गांव निवासी छोटन कुमार को हल्की फुल्की चोट आई है। वही बाइक दुर्घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दिया गया।

## पलामू में 10 मई को लगेगा रोजगार मेला

**मेदनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू के मेदनीनगर में 10 मई को रोजगार मेला लगाया जाएगा। रोजगार मेला में आईटीआई कर रहे छात्रों को चयन किया जाएगा. साथ ही साइंस स्ट्रीम से इंटरमीडिएट पास विद्यार्थियों के लिए भी पढ़ाई के साथ कमाई का अवसर है।जिला मुख्यालय में रांची रोड स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पलामू में 10 मई को जॉब फेयर लने वाला है. जहां टाटा मोटर्स की ओर से युवाओं को नौकरी का अवसर प्रदान किया जाएगा. इसमें किसी भी संस्थान से आईटीआई पास छात्र-छात्रा भाग ले सकते हैं. वहीं, साइंस स्ट्रीम से इंटरमीडिएट पास विद्यार्थी भी शामिल हो सकते हैं।औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पलामू के प्रचार्य जनार्धन ने बताया कि टाटा मोटर्स की ओर से यहां रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें आईटीआई किए हुए युवा भाग ले सकते हैं. इन्हें टाटा मोटर्स के द्वारा जमशेदपुर में नौकरी दी जाएगी. वहीं, साइंस विषय से इंटरमीडिएट पास आउट छात्र-छात्रा भी शामिल हो सकते हैं. इन्हें टाटा मोटर्स के द्वारा जमशेदपुर में डिप्लोमा कोर्स कराया जाएगा. इस दौरान काम भी करेंगे. कंपनी के द्वारा प्रति माह के भुगान भी किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इसके लिए कंपनी के द्वारा लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा. संस्थान में सुबह 10 बजे रोजगार मेला की शुरुआत होगा. इसमें पलामू से बाहर के भी उम्मीदवार भाग ले सकते हैं. इस जॉब फेयर में 100 उम्मीदवारों का चयन होगा. इच्छुक उम्मीदवार अपने शैक्षणिक योग्यता की सर्टिफिकेट, पास्पोर्ट साइज की दो फोटो व आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ पहुंचे।

## वैशाख पूर्णिमा पर चतुर्भुजी मंदिर में भंडारा का आयोजन

**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मां चतुर्भुजी मंदिर परिसर में शुक्रवार को वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ मां चतुर्भुजी शक्तिपीठ के विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरण किया गया।भंडारे में प्रसाद पाने के लिए भारी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी देखी गई। इस मौके पर मंदिर विकास समिति के सचिव हेमन्त कुमार पाठक ने बताया की आज का भण्डारा का आयोजन मंदिर विकास समिति के द्वारा की गई है।वैशाख पूर्णिमा को इसलिए इस दिन बैशाख पूर्णिमा का भगवान बिष्णु के नौ अवतारका पुजन होता हैं। भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। हिन्दू धर्म में आज का दिन विशेष महत्व माना जाता है। बैशाख पूर्णिमा बेहद खास होता है। इस मौके पर मंदिर विकास समिति के संरक्षक रामविचार साहू, अध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष विमलेश कुमार पासवान, उपसचिव प्रमोद कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद ,उप मुखिया संजय पाल ,पंकज कुमार, जयशंकर प्रसाद ,दिलीप कुमार गुप्ता ,महेंद्र पासवान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ उपस्थित थे।

## मंदिर के लिए भूमि दान करने वाले मथुरा तिवारी के वंशजो को नहीं है कोई आपत्ति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव पलामू के द्वारा पलामू की धरती पर भव्य परशुराम मंदिर का निर्माण किया जाना है। जिसका भूमि पूजन बीते 3 मई दिन बुधवार को किया जा चुका है, जिसमें समाज के सभी लोगों का उत्साह देखने को मिला इस भूमि पूजन कार्यक्रम में हजारो लोगों ने शामिल हो कर इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने का काम किया। इसी कड़ी में भूमि दानदाता स्व पण्डित मथुरा तिवारी जी के वंशजों को राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव ने अपनों के सम्मान अपनों से अभियान के तहत उनके द्वार पहुँच कर उनके वशंजो को अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया । स्व मथुरा तिवारी जी के भतीजा अधिवक्ता त्रिपुरारी तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा जो मेरे वंशज के दान किए गए भूमि पर जो परशुराम मंदिर बना रही है उसमे मेरे किसी भी कूल खानदान की कोई आपत्ति नहीं है, हम सभी स्व मथुरा तिवारी जी के वंशज मंदिर निर्माण कार्य में राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। वहीं सिपिआई नेता जिला सचिव रुचिर तिवारी ने कहा कि आपसी मतभेद को दूर कर लिया गया है, अब किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है हम राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के साथ हैं मंदिर निर्माण कार्य में हर कदम पर खड़े रहेंगे। आगे श्री तिवारी ने कहा कि कि मंदिर धर्म को जोड़ने का कार्य करती है, तोड़ने का नहीं और जो राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव जो यह ठानी है उसकी हम सराहना करते हैं। इस सम्मान समारोह में भूमि दान करने वाले स्व मथुरा तिवारी जी के वंशज त्रिपुरारी तिवारी जी, रुचिर तिवारी जी, शिवध्यान तिवारी, पपड़ तिवारी जी के साथ राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के प्रदेश संरक्षक मुकेश तिवारी, प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी प्रमंडलीय उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ब्राह्मण, अरविंद पांडे, अंकित पांडे, संजीत पांडे सहित दर्जनों परशुराम भक्त उपस्थित रहें।

## भंडरिया में ग्राम सभा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भंडरिया में बड़गड़-भंडरिया प्रखंड के विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों कि आज ग्राम सभा हुई। सभा में बड़गड़-भंडरिया प्रखंड के 25 गांव के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा जनसमस्याओं के समाधान के लिए सांगठनिक अनुशासन एवं रणनीति के अंतर्गत कार्य करने की आवश्यकता है। समस्याएं आज इतनी विकराल हैं कि आम आदमी का जीवन निराशा और हताशा का पर्याय हो गया है। जनप्रतिनिधियों की लूट और स्वार्थ ने क्षेत्र में विकास नहीं होने दिया है। समस्याओं के समाधान के लिए भ्रष्ट व्यवस्था से संघर्ष को युवा तैयार रहें। संगठन की रणनीतियों एवं आगामी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा ने कहा शीघ्र ही कुछ गांव जो छूट गए हैं उन्हें भी संगठन से जोड़ दिया जाएगा। बड़गड़ प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन राम ने कहा क्षेत्र की जनता युवा जागृति केंद्र को एकमात्र विकल्प के रूप में देख रही है तथा संगठन को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। सभा में विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधियों ने केंद्रीय अध्यक्ष एवं वरीय पदाधिकारियों से संवाद किया एवं स्थानीय समस्याओं की चर्चा की तथा उनके समाधान हेतु संगठन को क्षेत्र में और भी मजबूत करने की बात पर जोर दिया। सभा में केंद्रीय अध्यक्ष मुकेश विश्वकर्मा, जिला सचिव अमित रंजन, नीरज तिवारी, वाईजेकेएसएफ के प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह, जिला सचिव मोहित साहू, आनंद सिंह, विशेश्वर मांझी, काश्मीर कुजूर, अमरदीप तिर्की, ईश्वरदास तिर्की, भीम सिंह, रोहित सिंह, इंद्राज मुंडा, रिझु सिंह, जयदीप तिर्की,। चंदन बाखला, मनोज सिंह, संजीव सिंह, खुशहाल सिंह, रामवृक्ष नगेसिया, देव नारायण सिंह, सिंधु कच्छप,रंजीत तिग्गा, रंजीत लकड़ा, अशोक कुमार सिंह, धनंजय सिंह, राजेश कुमार पासवान, मनोज कुमार ठाकुर, पितांबर सिंह, विनोद कुमार सिंह, समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 5 इंच की दीवार से गिरकर 13 वर्षीय बच्चा घायल

**मेदनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम निमिया निवासी स्वर्गीय गुलाब सिंह का पुत्र लकी कुमार उम्र 13 वर्ष 5 इंच दीवार से गिरकर गंभीर और से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह लकी अपने घर में 5 इंच के दीवाल पर चढ़कर पानी पटवन कर रहा था। इसी बीच अचानक वह दीवार से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।इस घटना को देखने के लिए स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल लकी कुमार को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी लक्की कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही इस घटना के के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## रेहला में प्राचीन शिव मंदिर के पास पीपल पेड़ के नीचे रखा मिला हनुमान जी के चांदी की मूर्ति

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद स्थित रेहला के स्टेशन रोड में प्राचीन शिव मंदिर के पास स्थित पीपल पेड़ के नीचे से आठ सौ 70 ग्राम चांदी के हनुमान जी की मूर्ति मिली है। जिसके बाद से क्षेत्र में कौतूहल का विषय बन गया है। लोग मूर्ति को देखने हेतु काफी संख्या में पीपल पेड़ के पास जमा हो गए। सूचना मिलने पर रेहला पुलिस स्थल पर पहुंची व मूर्ति को अपने साथ थाना ले गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम स्थानीय लोगो ने पीपल पेड़ के नीचे हनुमान जी की मूर्ति को देखा। उसके बाद लोग पीपल पेड़ के पास जमा होने लगे और देखते ही देखते भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक पुलिस बल के साथ स्थल पर पहुंचे और इसकी जांच पड़ताल शुरू की। उन्होंने स्थानीय लोगों से मूर्ति के बाबत पूछताछ भी की। लेकिन कुछ भी स्पष्ट पता नही चल पाया। मूर्ति की जांच कराई तो मूर्ति नई व चांदी का है। जिसका वजन आठ सौ 70 ग्राम है। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि मूर्ति कहा से आई और कौन रखा, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाल रही है। ताकि मूर्ति के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी मिल सके। इधर स्थानीय लोगो की माने तो मन्नत के पूरा होने पर कुछ महिला एक कार से गुरुवार की देर शाम में आई व पूजा-अर्चना के बाद चांदी के हनुमान जी की मूर्ति को पीपल पेड़ के नीचे रख कर चली गई। इसके आलावा भी स्थानीय लोग कई तरह का कयास लगा रहे हैं।

## धूम-धाम से मनाया गया श्री श्री आनंदमूर्ति का 102 वीं जन्मोत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** आनंद मार्ग जागृति नई मुहोल्ला में आनंद मार्ग के संस्थापक श्रीश्री आनंदमूर्ति जी का 102 वीं जन्मदिन आनंद पूर्णिमा उत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। आनंदमार्ग पलामू भुक्ति कमिटी के भुक्ति प्रधान मधेस्वर देव ने बताया कि आनंदमार्ग के संस्थापक प्रभात रंजन सरकार का जन्म 1921 की बुद्धपूर्णिमा के दिन जमांलपुर बिहार में हुआ था। उन्होंने मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए तांडव व कोशिकी तथा मानसिक एवं आध्यातमिक विकास के लिए साधना का मार्ग प्रशस्त करके आनंदमार्ग मिशन की स्थापना की। आनंद मार्ग मिशन समाज के चहुंमुखी विकास के लिए कार्य कर रहा। आज दुनिया के सभी देशों में आनंदमार्ग अपने मिशन का कार्य कर रहा है। इस कार्यक्रम में नई मोहोल्ला स्थित आनंदमार्ग जागृति में सुबह से कीर्तन भजन साधना किया गया। शोभा यात्रा भी निकाली गई। शोभा यात्रा जागृति से स्टेशन रोड होते चर्च रोड, कचहरी चौक, सरकारी बस डिपो, छामुहान होते शदिक चौक, स्टेशन चौक होते वापस जागृति को समाप्त हुआ। इस शोभायात्रा में जिले भर से आए सैकड़ों आनंदमार्गीयों ने हिस्सा लिया और मानव मानव एक है मानव का धर्म एक है व अन्य के नारे लगाते हुए अपने समाज का प्रचार प्रसार किया।

## भारत माता चौक नाम को लेकर नहीं होनी चाहिए राजनीति : मंगल सिंह





प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर में भारत माता चौक मामले पर नगर निगम के निवर्तमान डिप्टी मेयर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह ने कहा कि भारत माता चौक साहित्य समाज को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। विश्व में भारत ही ऐसा देश है. जहां राष्ट्र को मां का दर्जा दिया गया है ऐसे भी पिता से पहले मां को महत्व दिया जाता है जैसे माता पिता, राधा कृष्ण, सीता राम आदि। भारत माता की प्रतिमा में तिरंगा के बजाय भगवा झंडा लगाने का जहां तक सवाल है तो यहां बता दूं कि भगवा झंडा भी लगाया जाता रहा है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका सपना शहर में किसी चौक को भारत माता चौक बनाने का शुरू से था। निगम बोर्ड की पहली बैठक में उन्होंने साहित्य समाज चौक को भारत माता चौक का नामाकरण देने और इसके सौंदर्यीकरण करने का प्रस्ताव लाया था जहां तक प्रतिमा के साथ नक्शा नहीं होने की बात है तो यह उनका निजी विचार है, कोई कमेंट नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि अबतक 15 हजार से अधिक लोगों ने भारत माता चौक को लेकर उनकी प्रशंसा कर चुके हैं।

## श्री वंशीधर महोत्सव को झामुमो ने चुनावी मंच बना दिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। मिडिया को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार ने तानाशाही में बाबा बंशीधर का अपमान किया है महोत्सव के नाम पर झामुमो मंत्री विधायक ने मंच को झामुमो का चुनावी मंच बना दिया। उन्होंने कहा कि बाबा बंशीधर महोत्सव पुरी तरह से फेल रहा है महोत्सव में मनोरंजन के लिए बाहरी कलाकार को बुलाया गया। जिसमें लाखों रुपए जिला प्रशासन ने खर्च किए जबकी स्थानीय कलाकारों को इससे भारी निराशा हुआ है उन्होंने कहा कि झामूमो सरकार ने भोजपुरी मगही भाषा को झारखंड में स्थान नहीं दिया फिर भोजपुरी मगही कलाकारों को बुलाकर नाच गाना क्यों कराया। यह दोहरी नीति का खेल नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव का मंच पर बाबा बंशीधर का तस्वीर भी नहीं लगाया गया। वहीं मंच पर मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक सिर्फ भाजपा का चर्चा करते रहे। देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि बाबा बंशीधर महोत्सव के नाम पर झामुमो मंत्री मुख्यमंत्री राजनीति मंच बना दिया। महोत्सव में मंच से सिर्फ भाजपा का चर्चा किया गया।उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने जनता के पैसे का दुरुपयोग कर झामुमो का प्रचार प्रसार का एक माध्यम बना दिया। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि जिला प्रशासन मंत्री के ईसारे पर तोता की तरह काम किया है मंच पर मौजूद झामुमो मंत्री मुख्यमंत्री ने बाबा बंशीधर महोत्सव के बजाय भाजपा जनप्रतिनिधि का विरोध करने में समय लगाया इससे यह साफ जाहिर होता है कि बंशीधर महोत्सव के नाम पर झामुमो मंत्री मिथलेश ठाकुर अपना प्रचार प्रसार करने में लगे हुए थे। लेकिन आम जनता इनकी चाल चरित्र को पूरी तरह से समझ चुकी है। महोत्सव के नाम पर आम जनता को परेशान किया गया। जगह जगह गाड़ी रोक दिया गया इससे मरीज से लेकर शादी समारोह में आने जाने वाले लोग को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है ।

## बुध पूर्णिमा पर गौतम बुद्ध जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** स्थानीय गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनाई गई । इस दौरान गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर संजय कुमार मेहता व शिक्षकों ने गौतम बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया। मौके पर गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर संजय कुमार मेहता ने कहा कि हम सभी को महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। भगवान गौतम बुद्ध करुणा के सागर, दयालु व अहिंसा के पुजारी थे। भगवान बुद्ध के समय भारत पूरे विश्व का गुरु रहा है ।हम लोग उनके बताए मार्ग पर चल कर देश को ऊंचे शिखर तक पहुंचा सकते हैं। इस अवसर पर प्रिंसिपल मनीष कुमार, शिक्षक पंकज यादव, किरण देवी, संतोष कुमार, प्रकाश कुमार, शिवदयाल शर्मा, रविकांत सिंह, कंचन कुमारी, गुड्डू कुमार, सुचिता कुमारी, नीलू कुमारी,मनीष कुमार गुप्ता, इबरार आलम, गजल साहिया, लवकुश कुमार, सुनीता कुमारी, मनीषा सिंह के अलावे कई शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

## शपथ पत्र

**नोटरी पब्लिक, नगर उंटारी**

शपथ पत्र संख्या 2094 दिनांक 01.05.2023 के अनुसार मैं राजकुमार साव पिता राम जी साव उम्र 57 वर्ष सा चेचरिया पोस्ट थाना नगर उंटारी जिला गढ़वा राज्य झारखंड राष्ट्रीयता भारतीय शपथ पूर्वक निम्नांकित बयान करता हूं।

1. यह कि मैं सा चेचरिया पोस्ट थाना नगर उंटारी जिला गढ़वा का स्थाई निवासी हूं।

2. या है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम राजकुमार साव पिता राम जी साव है। तथा पोस्ट ऑफिस के खाता में मेरा नाम राजकुमार गुप्ता पिता राम जी साव है।

3. यह कि राजकुमार साव पिता राम जी साव यह दोनों नाम मेरा है तथा मैं इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूं जो पूर्णता सही वह सत्य है।

4. यह कि मैं उपरोक्त आशय का शपथ पत्र निष्पादन कर रहा हूं कि जिससे सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर अपना दोनों नामा सत्यापित कर सकूं।

# दो दिवसीय वंशीधर महोत्सव का हो गया समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** दो दिवसीय राजकीय बंशीधर महोत्सव के अंतिम दिन माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति में कई मशहूर कलाकारों द्वारा एक के बाद एक बेहतरीन प्रस्तुति से लोगों को मनोरंजित किया। इनमें छाऊ नृत्य के जाने-माने कलाकार प्रभात कुमार महतो एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुति दी गई। जिसके पश्चात मशहूर गायिका मैथिली ठाकुर द्वारा लाइव परफॉरमेंस दिया गया। उन्होंने एक से बढ़कर एक भजन एवं अन्य गाने गाए, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। मौके पर माननीय मंत्री द्वारा सुश्री मैथिली ठाकुर को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनकी गायकी की प्रशंसा करते हुए सम्मनित किया गया। इस दौरान उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर समेत अन्य मंच पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।वहीं महोत्सव में लोगों का पूरी तरह से मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए हास्य कलाकार विजय ईश्वर लाल पवार उर्फ वीआईपी ने भी अपने प्रस्तुति से लोगों को खूब हंसाया। प्रस्तुति के पश्चात महोत्सव में उपस्थित उपायुक्त पलामू, आंजनेयुलू दोड्डे ने हास्य कलाकार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान मंच पर उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर उपस्थित रहे। इसके अलावा गायक रजत आनंद ने भी बेहतरीन गाना गाया, जिन्हें उप विकास आयुक्त, राजेश कुमार राय द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। महोत्सव में मशहूर गायिका पूजा चटर्जी ने भी एक से बढ़कर एक गाने गाए एवं लोगों का खूब मनोरंजन किया। प्रस्तुति के पश्चात मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, संतोष आनंद प्रसाद द्वारा सिंगर पूजा चटर्जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। महोत्सव में लोक गायक कल्पना पटवारी ने भी एक से बढ़कर एक बेहतरीन गाने गाए, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। पूरे कार्यक्रम में एंकर सोनाली शर्मा द्वारा बेहतरीन ढंग से मंच का संचालन किया गया। प्रस्तुति के पश्चात अपर समाहर्ता, पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रामनारायण सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधर नगर आलोक कुमार द्वारा गायिका कल्पना पटवारी एवं एंकर सोनाली शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उप विकास आयुक्त द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ महोत्सव के समापन की घोषणा की गइ। साथ हीं उपायुक्त ने महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता, पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार एवं एसडीपीओ श्री बंशीधर नगर प्रमोद कुमार केशरी समेत पूरे जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की टीम को श्रेय दिया।इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर मुख्य रूप से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, संतोष आनंद प्रसाद, उपायुक्त पलामू, आंजनेयुलू दोड्डे, उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, उप विकास आयुक्त, राजेश कुमार राय, अपर समाहर्त्ता, पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए, दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमण्डल पदाधिकारी गढ़वा, राज महेश्वरम, अनुमण्डल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार अनुमण्डल पदाधिकारी, रंका, राम नारायण सिंह, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अन्य पदाधिकारी समेत जिला एवं विभिन्न प्रखंडों से आए जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का दर्शन विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 15 मई को

**रांची** : गोस्सनर कॉलेज रांची आईक्यूएसी तथा झारखंड फिलोसॉफिकल फोरम के तत्वावधान में 15 मई को गोस्सनर कॉलेज ऑडिटोरियम में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। इस संगोष्ठी का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का दर्शन है। इसे सफल बनाने के लिए संगोष्ठी पूर्व बैठक का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. ईलानी पूर्ति सह संरक्षक ने महाविद्यालय में हो रही तैयारियों की जानकारी दी। झारखंड फिलोसॉफिकल फोरम के सचिव डॉ. पीके सिन्हा एवं अध्यक्ष डॉ. अशरफ बिहारी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी सभी के बीच साझा किया। बैठक में संगोष्ठी के संयोजक डॉ. पीके गुप्ता, असिस्टेंट बर्सर प्रो प्रवीण सुरीन, गोस्सनर कॉलेज आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ अजय कुमार और मीडिया प्रभारी डॉ. शारदा वंदना मौजूद थीं।

## रांची नगर निगम 150 लोगों पर करेगा सर्टिफिकेट केस

**रांची** : नगर निगम 150 लोगों के खिलाफ सर्टिफिकेट केस करेगा। निगम की ओर डिफाल्टरों की सूची जारी की गयी है। जानकारी के अनुसार 2015 से 2020 तक कुछ लाभुकों की ओर से प्रथम, द्वितीय और तृतीय किस्त की राशि मिलने के बाद भी उसके अनुरूप काम नहीं किया है। निगम ने कहा है कि जिन लाभुकों ने मिली राशि के अनुरूप काम नहीं किया है, वे जल्द से जल्द काम करवा कर निगम को लिखित जानकारी दें। नहीं तो नगर निगम उन पर सर्टिफिकेट केस करेगा।

# एनएसडीसी ने आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए किया एमओयू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तत्वावधान में कार्यरत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने तेजी से विकसित होती मल्टीनेशनल एल्कॉहल बेवरेज कंपनी पेरनोड रिकार्ड इंडिया फाउन्डेशन के साथ एमओयू किया । इसके तहत झारखंड के गुमला जिले में एक मल्टी-स्किलिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह साझेदारी स्थानीय आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सेंटर बुआई से लेकर कटाई तक कृषि के हर चरण से जुड़े सभी पहलुओं जैसे आधुनिक तकनीक और रूझानों तक को समझने के लिए मुख्य हब की तरह काम करेगा। एनएसडीसी के सीओओ वेद मणि तिवारी और सीएसआर के हैड सशिधर वेम्पाला



ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। मौके पर तिवारी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं को कौशल प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाया जा सकता है। इससे न सिर्फ वे आत्मनिर्भर बनती हैं बल्कि उनका अपने जीवन पर बेहतर नियन्त्रण होता है। खासतौर पर झारखंड में स्थिति बेहद गंभीर है जहां अधिकतर महिलाएं कृषि कार्य में सक्रिय है, लेकिन उनके पास जरूरी कौशल और ज्ञान नहीं है, जिससे उनका मुनाफा बढ़ सके। पेरनोड रिकार्ड इंडिया फाउन्डेशन के साथ साझेदारी में हम इस समस्या को हल करना चाहते हैं। हम महिलाओं को आधुनिक कौशल एवं ज्ञान के साथ सशक्त बनाएंगे, उनकी उत्पादकता और आजीविका में सुधार लाने में मदद करेंगे। स्थानीय आदिवासी आबादी को स्किल एवं अपस्किल करने की प्रतिबद्धता के साथ हम आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। पेरनोड रिकार्ड इंडिया एक्जक्टिव वाईस प्रेजीडेन्ट यशिका सिंह ने कहा कि पेरनोड रिकार्ड इंडिया में हम महिलाओं को आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# छवि पर था दाग फिर भी मिला समाज कल्याण की जिम्मेदारी, अब होंगे निलंबित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आइएएस अधिकारी छवि रंजन तत्कालीन उपायुक्त पद का दुरुपयोग करके उन्होंने सेना की जमीन सहित अन्य दूसरे जमीन घोटाले की है इस पर आरोप तय हुआ और ईडी ने इसी मामले में गुरुवार देर रात गिरफ्तार किया और शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। 2011 बैच के आईएएस अधिकारी व रांची के पूर्व डीसी और इस पर समाज कल्याण विभाग की जिम्मेदारी थी, इन्हें निदेशक बनाया गया था।

छवि रंजन जब उपायुक्त थे तभी इसके छवि पर दाग लग चुकी थी, बावजूद इसके उन्हें समाज कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई थी,ईडी के पत्र के बाद उन्हें निलंबित करने की प्रक्रिया की जायेगी।

दूसरे आईएएस अधिकारी गए जेल :

जेल भेजे जाने वाले छवि रंजन झारखंड के दूसरे आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले तत्कालीन



खान सचिव रही पूजा सिंघल को भी ईडी कोर्ट ने मनरेगा घोटाले में पिछले साल जेल भेजा था। बताते चलें कि पूछताछ के दौरान ईडी को संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ईडी की टीम ने उन्हें हिरासत में ले लिया। जमीन घोटाले मामले में ईडी ने अब तक छवि रंजन सहित कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके पहले जमीन घोटाले मामले में 7 लोगों को इडी ने गिरफ्तार किया था। इडी जमीन घोटाले मामले में 13 अप्रैल को छवि रंजन के कई ठिकानों पर छापेमारी किया था।इस छापेमारी के दौरान ईडी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए थे, जिसके बाद सात लोगों को गिरफ्तारी हुई थी। इस छापेमारी के बाद ईडी ने रांची के सब रजिस्टार वैभव मणि त्रिपाठी से पूछताछ किया था। इसके बाद कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा से पूछताछ कर चुकी है। ईडी ने झारखंड में 13 अप्रैल को 22 अलग अलग ठिकानों पर छापेमारी की थी। छवि रंजन के जमशेदपुर स्थित आवास में भी छापेमारी हुई थी।

## योग विद्या प्राणिक हीलिंग बुद्ध पूर्णिमा के भव्य मेडिटेशन कैंप का आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** योग विद्या प्राणिक हीलिंग झारखंड ट्रस्ट द्वारा 5मई बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर रांची के खेल गांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में भव्य मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया गया। इसमें करीब 4000 लोगों ने एक साथ बैठकर मैडिटेशन किया। इसमें पूर्णिमा के दिन मेडिटेशन करने के महत्व के बारे में बताया गया तथा मास्टर चोआकाक सुई जी द्वारा बताई गई द्वि- हृदय ध्यान तकनीक द्वारा सभी ने एक साथ बैठकर सामूहिक रूप से मैडिटेशन किया। ताना भगत स्टेडियम में प्राणिक एक्सपो का भी कैंप लगाया गया था। जिसमें लोगों ने निशुल्क प्राणिक उपचार करवाकर ईसका लाभ उठाया। इस

**इसमें करीब 4000 लोगों ने एक साथ बैठकर मैडिटेशन किया। इसमें पूर्णिमा के दिन मेडिटेशन करने के महत्व के बारे में बताया गया तथा मास्टर चोआकाक सुई जी द्वारा बताई गई द्वि-हृदय ध्यान तकनीक द्वारा सभी ने एक साथ बैठकर सामूहिक रूप से मैडिटेशन किया।**

मैडिटेशन को कराने का उद्देश्य यह था इसके माध्यम से समाज में प्रेम, दया, सद्भावना, आपसी सामंजस्य जैसी सकारात्मक भावना का संचार हो।

# मणिपुर की हिंसा को नियंत्रित करे केन्द्र सरकार : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि मणिपुर में आदिवासियों एवं गैर आदिवासियों के बीच जारी हिंसा को नियंत्रित करना केंद्र सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की है कि, वे ना केवल मणिपुर बल्कि सम्पूर्ण पूर्वोत्तर भारत में आदिवासियों के साथ ही सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। तिर्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि हिंसा की ताजा घटनाएं इस बात के प्रति आशंका



उत्पन्न करती है कि कहीं फिर से पूर्वोत्तर को दंगे एवं सांप्रदायिक उन्माद की चपेट में डालने की साजिश तो नहीं की जा रही है। तिर्की ने कहा कि, सोशल मीडिया पर मणिपुर की जैसी तस्वीरें सामने आ रही है वह बहुत अधिक चिंताजनक और निराश करनेवाली है।

सैकड़ों-हजारों वर्षों से बसे आदिवासियों के घरों को न केवल तोड़ा जा रहा है बल्कि उनकी दुकानों को भी जलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के एक निर्णय के बाद स्थानीय आदिवासियों और मेतई समुदाय के बीच हिंसा भड़की है जो सीधे-सीधे मणिपुर सरकार की असफलता है।तिर्की ने कहा कि जैसी परिस्थिति उत्पन्न हुई है वह बेहद अफसोस जनक है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : नामकुम थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बीते गुरुवार को नाबालिग ने नामकुम थाना में सूर्यकांत मुंडा उर्फ सूरजु मुण्डा, रवि मुंडा उर्फ बोडा मुंड़ा, प्रदीप मुंड़ा उर्फ पुंडी पाहन एवं एक अन्य युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 27 अप्रैल की शाम नाबालिग गांव के दुकान गई थी। इसी दौरान घात लगाए चार



आरोपितों ने नाबालिग को कब्जे में लेकर जान से मारने की धमकी दी और एक घर में ले गए , जहां चारों ने दुष्कर्म किया। सुबह चारो शौच के लिए निकले तो किसी तरह भागकर अपने मामा के घर चली गई। जब चार मई को मामा के घर से अपने घर लौटी और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों के साथ थाना पहुंची और लिखित आवेदन दिया।

# मैथिली कविता संग्रह असमाहि हमर हाथ का हुआ लोकार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** असमाहि हमर हाथ एक विस्फोटक कविता संग्रह है, जिसके प्रकाशन के तुरंत बाद मैथिली के पारंपरिक रचनाकारों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी और इस पुस्तक की भूमिका लिखने वाले प्रगतिशील कवि जीवकान्त सहित कवि द्वय गंगानाथ गंगेश और उपेंद्र के खिलाफ अनर्गल प्रलाप शुरू हो गया था, लेकिन जीवकान्त अपनी बात पर अडिग रहे। यह बात रांची के हरमू स्थित मिथिला दलान पर शुक्रवार को आयोजित गंगानाथ गंगेश और उपेंद्र के संयुक्त मैथिली काव्य संग्रह असमाहि हमर हाथ के दूसरे संस्करण का लोकार्पण करते हुए साहित्य अकादेमी में मैथिली परामर्श दातृ समिति के सदस्य प्रमोद कुमार झा ने कही। असमाहि हमर हाथ मैथिली की प्रतिरोधी कविता का प्रतिनिधि स्वर है, जिसकी भूमिका लिखकर जीवकांत ने बहुत ही साहसिक कार्य किया। बेशक उन्हें वर्षों तक परंपरावादियों का कोपभाजन बनना पड़ा, लेकिन मैथिली काव्य साहित्य के समक्ष दो प्रतिरोधी स्वर प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। वरिष्ठ कवि केदार कानन ने इस पुस्तक की अंतर्कथा बताते हुए कहा कि जब पहली बार इस काव्य संग्रह का प्रकाशन हुआ था, तो परंपरावादियों ने इसका खूब विरोध किया और इन कवियों की रचनाओं का प्रकाशन लगभग बंद हो गया। उपेंद्र जब अपनी रचनाएं किसी पत्रिका में भेजते तो उन्हें छापना तो दूर, उन्हें रचना लौटाई भी नहीं जाती थी और कोई जवाब भी नहीं दिया जाता था।

उपेंद्र इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन किसुन संकल्प लोक के माध्यम से इस संग्रह के पुनर्प्रकाशन के जरिये गंगानाथ झा गंगेश ने अपने दिवंगत मित्र कवि उपेंद्र के साथ-साथ अपने मेंटर जीवकान्त को भी श्रद्धांजलि दी है।

# कार्ल मार्क्स को भाकपा ने किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार में कार्ल मार्क्स की 205 वीं जयंती पर याद किया गया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई , कार्लमार्क्स की दर्शन एवम वर्तमान दौर की राजनीति के विषय पर बोलते हुए भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवम नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉम सुखजिंदर महेश्वरी ने कहा की कार्लमार्क्स के दर्शन हमे हमेशा शोषित वंचित




समाज को मुख्य धारा में लाने के लिए प्रेरित करता है कार्लमार्स ने विश्व को एक नई सोच दी है ,कार्यालय सचिव सह जिला मंत्री अजय सिंह ने कहा की कार्लमार्क्स ने दुनिया को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है दुनिया के मजदूरों एक हो उनका जीवन कठिनाइयों से भरा हुआ था , लेकिन उनके दर्शन और विचार ने दुनिया में नई क्रांति लाई ।उनकी लिखी किताब दास कैपिटल आज भी सर्वाधिक बिकने बाली पुस्तको में सुमार है। इस अवसर पर इशाक अंसारी,धर्मवीर सिंह, श्याम चक्रवर्ती, मनोज ठाकुर, राजेश राय ,इम्तियाज अहमद खान, जयंत पांडे उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** तीन दिवसीय कला और संस्कृति का महा समागम सांसद सांस्कृतिक महोत्सव 2023 का आयोजन 5 मई से 7 मई तक युवा रंगमंच के तत्वावधान में आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किया गया। हालांकि इसका शुभारंभ सुबह आड्रे हाउस में किया गया था और शाम पांच बजे आर्यभट्ट में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर रांची संसदीय क्षेत्र के सांसद संजय सेठ, पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार, पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी, वरिष्ठ रंगकर्मी अजय मलकानी, रांची विधायक सीपी सिंह,कांके विधायक समरी लाल, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा रांची महानगर के केके गुप्ता, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय सहित कई लोग शामिल थे। कार्यक्रम में लोक संस्कृति के लोक कलाकार, लोक गायकों, गायिका में समा बांधा, तो वही माइम इसके किया गया , वहीं सेल्फी व्यवस्था की गई थी। इस तीन दिवसीय समारोह में 53 सौ से अधिक कलाकारों ने हिस्सा लिया। गार्गी मलकानी ने गणेश वन्दना नृत्य से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस महोत्सव में कलाकारों के बीच प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया था , विजेता कलाकारों प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। साथ ही कहा कि सत्य, प्रेम, अहिंसा और भाईचारे का परम संदेश देने वाले भगवान गौतम बुद्ध का जीवन और शिक्षा, हमें हमेशा प्रेरणा देता रहे।

# माताजी निर्मला देवी के 53 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ विशेष पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** परम पूजनीय श्री माताजी निर्मलादेवी द्वारा प्रणित सहज योग के 53 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों एवं शहरों में राष्ट्रीय सहस्त्रार पूजा का विशेष आयोजन किया जा रहा है।

श्री माताजी निर्मलादेवी ने मानव जाति को अंधविश्वास, कुसंस्कार व कुरीतियों से बचाने के लिये 05 मई 1970 को गुजरात राज्य के वलसाड जिले में स्थित नारगोल समुद्री तट से महज कुछ लोगों के साथ आत्म-साक्षात्कार की एक अनुठी विधी की शुरूआत की थी । उनका मानना था कि केवल सामुहिक आत्म-साक्षात्कार से ही



मनुष्य के जीवन में प्रकाश लाया जा सकता है ।

आज विश्व के 150 से भी अधिक देशों में सहजयोग अपनाया जा रहा है एवं इसके अनेकों लाभ से विश्वभर में सत्य के खोजी लाभान्वित हो रहे हैं ।आधुनिक युग का हर मानव आज मानसिक तनाव में जी रहा है। माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ने-लिखने के लिए सुदूर क्षेत्रों में भेजने में असहज महसूस करते हैं। ऐसे में सहज योग इन सभी परेशानियों का एकमात्र और सरल उपाय है।

सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क होने के साथ-साथ ध्यान की एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे मानव समस्त संसार में फैली हुई ईश्वर की चमत्कारिक शक्ति से एकाकार प्राप्त कर लेता है। इस शक्ति के प्राप्त होते ही मनुष्य संतुलित, ईमानदार एवं समाधानी हो जाता है ।

सहज योग के 53 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 मई दिन शुक्रवार को रांची के अटल स्मृति वेंडर मार्केट स्थित रॉयल बैंक्वैट हॉल में सहस्त्रार पूजा का विशेष आयोजन किया गया।

# झारखंड में न्यूरोलॉजी के इलाज की बेहतरीन सुविधा जल्द

**रांची के कांके में 500 बेड का अस्पताल बनेगा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के लोगों को अब न्यूरोलॉजी की गंभीर बीमारियों का इलाज और सर्जरी करवाने के लिए बेंगलुरु नहीं जाना पड़ेगा। लोग रांची के कांके में ही इलाज और सर्जरी करवा पाएंगे। कांके में 500 करोड़ रुपये की लागत से 500 बेड का अस्पताल बनेगा। यहां साइकियैट्री के साथ-साथ न्यूरोलॉजी की भी व्यवस्था रहेगी। केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान (सीआईपी) रांची के निदेशक प्रो. (डॉ.) बासुदेव दास ने यह जानकारी दी। प्रो. दास का कहना है कि मानसिक रोगों को लेकर लोगों में स्टिग्मा बहुत ज्यादा होता है। इसलिए वह इसे छिपाने की कोशिश करते हैं। इलाज भी नहीं कराना चाहते। प्रस्तावित अस्पताल को बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान ( एनआईएमएचएएनएस ) की तर्ज पर झारखंड के मेंटल हेल्थ को




न्यूरोसाइंसेज से जोड़ने का प्रयास चल रहा है। अगर अस्पताल को न्यूरोसाइंसेज जा दर्जा मिल जाएगा, तो उसकी स्वीकार्यता भी बढ़ेगी और ज्यादा से ज्यादा लोग यहां इलाज कराने आएंगे। प्रो. दास के मुताबिक रांची के सीआईपी कैंपस में 500 बेड का नया अस्पताल प्रस्तावित है। इस पर 500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर, वार्ड, ओपीडी की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा -मेरा ख्याल है कि नए अस्पताल में सीआईपी की तरह ही लोगों का कम पैसे में ही इलाज किया जाएगा। हमारी यही कोशिश होगी कि कम से कम पैसे में लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा मिल सके। मगर यह राज्य सरकार पर निर्भर होगा कि वह अस्पताल को कैसे चलाना चाहती है।

## मॉर्निंग ग्रुप ने किया मौलाना डॉ0 सैयद कल्बे का स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : आज रांची में भारत के मशहूर इस्लामी स्पीकर मौलाना डॉक्टर सैयद कल्बे रुशैद का रांची पहुंचने पर मॉर्निंग ग्रुप रांचीने चर्च कंपलेक्स के प्रांगण में अभिनंदन स्वागत किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी हलीमुद्दीन नेकी इस मौके पर हाजी मौलाना तहजीब उल हसन ने लोगों का परिचय कराया मौलाना ने अपने बयान में कहा कि भारत देश एकता और अखंडता की की बुनियाद पर पूरी दुनिया में एकता का महान है इस देश की पहचान पूरी दुनिया में आबादी और सेकुलरिज्म से पहचानी जाती है इसकी हिफाजत करना हम सबका करता है इस मौके पर अकील उर रहमान ने मौलाना कल्बे रूशद को भाई चारे का प्रतीक बताया इस अवसर पर मॉर्निंग ग्रुप के सेक्रेटरी एजाज अहमद अन्य सदस्य मुस्तकीम आलम नफीस अहमद अब्दुल मन्नान अब्दुल



खालिद पप्पू भाई कैसर खान इकबाल हुसैन प्रिंस अहमद नफीस अहमद नसीम अहमद नेहाल अहमद एजाज अहमद सरफराज अहमद व अन्य ने अपने मेहमान का फूल मालाओं से स्वागत किया धन्यवाद ज्ञापन अलीमुद्दीन ने किया।

## केवाईसी के लिए प्रखंड में पशुपालन विभाग करें व्यवस्था : निशांत

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बत्तख चूजा वितरण को लेकर लाभुकों को हो रही है। परेशानी जिसकी शिकायत झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड युवा अध्यक्ष निशांत कुमार के पास लाभुकों के द्वारा किया गया। वहीं लाभुकों का कहना है कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बत्तख चूजा के लिए। अनुदान की गई राशि 1275रु स्वीकृत किया गया है। वहीं जिला स्तरीय कोडरमा द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2022 और 23की अनुमोदित सूची के अनुसार बतख चूजा वितरण सूची में जिन लाभुकों का नाम है। उन्हें केवाईसी के लिए कोडरमा बुलाया जा रहा है। जिसमें लाभुकों को कोडरमा आने जाने में ?500 का खर्च है। वहीं लाभुक को बतख चूजा के लिए 1275 रुपया अनुमोदित किया गया तो लाभुक आने जाने का भाड़ा खर्च करें या फिर बत्तख चूजा खरीदें। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड युवा अध्यक्ष निशांत कुमार ने कहा कि जिला पदाधिकारी इसकी व्यवस्था प्रखंड में ही करें जिससे गरीब लाभुकों को अनावश्यक पैसा खर्च ना हो और इस योजना का लाभ मिल सके,वहीं मो. इशरार, काजल कुमारी,संगीता देवी, शोभा देवी,प्रीति कुमारी,गुड़िया देवी, ममता देवी, दीपेंद्र कुमार, उपेंद्र मिस्त्री, रिमा कुमारी, अशोक यादव, दुलारी देवी, गौरवा देवी, सोना देवी,बबीता देवी, प्रमिला देवी,लक्ष्मीनिया देवी, रासो देवी,मीना देवी, चांदनी कुमारी, रंजू देवी, शर्मिला देवी, सावित्री देवी,अनीता देवी आदि लोग का नाम लाभुक समिति में नाम है।

## टोटो और सवारी गाड़ी में टक्कर, चार घायल

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सतगावां थाना क्षेत्र के मर्चोई पंचायत के टोला गोनरडीह में रजाबर बासोडीह मुख्य पथ में गोनरडीह बजरंग बली पुल के पास टोटो और सवारी गाड़ी में टकर हुई जिससे अनियंत्रित होकर सवारी गाड़ी पलटी मार दी एव टोटो भी झाड़ी में गिरा जिसमें चार वक्ति घायल हो गए जिसमें जाया देवी 65 वर्ष पति स्वर्गीय प्रयाग सिंह ग्राम बीसनीडीह, रौशन कुमार 25 वर्ष पिता राजो सिंह ग्राम बीसनीडीह, अमित साव 28 वर्ष पिता कार्तिक साव ग्राम बहादुरपुर बिहार, सुजीत साव 28 वर्ष पिता शिवालक साव ग्राम बहदुरपुर बिहार सभी घायल लोगों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतगावां लाया गया जहां सभी को प्रभारी चिकत्सक पदाधिकारी डाक्टर सत्यनययण भकत के द्वारा उपचार किया गया जिसमें जया देवी एवं रौशन कुमार को गंभीर एस्थिति को देखते हुऐ कोडरमा सदर रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार सवारी गाड़ी रजवार से बसोडिह आ रहें थें और टोटो बसोडीह से बिसानीडीह जा रहा था।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर जांच कल

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले की सामाजिक संस्था इनरव्हील क्लब एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आगामी सात मई रविवार को रोटरी भवन में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। निशुल्क आयोजन में मरीजों के नेत्रों की जांच डॉक्टर संगीता प्रसाद के द्वारा किया जाएगा। शिविर में आने वाले मरीजों की जांच प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक होंगे। इसकी जानकारी देते हुए इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष मंजू कंधवे,सचिव नीलम महर्षि , शहर के जरूरतमंद पीड़ित महिला पुरुषो से अपील की है कि वह जांच करवाने से पूर्व अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें ताकि सुगमता से उनकी आंखों की जांच की जा सकेगी।

## टाटा एआईए वाइटैलिटी एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कल्याण कार्यक्रम

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टर्म इंश्योरेंस प्लान उपलब्ध जीवन बीमा कवर का सबसे शुद्ध और प्रभावी रूप है। हालाँकि, काम के कार्यक्रम बदल गए हैं और यहाँ हमारे रहन सहन और हमें प्रभावित करते हैं। टाटा एआईए लाइफ संपूर्ण रक्षा सुप्रीम और वाइटैलिटी प्रोटेक्ट राइडर उन लोगों के लिए कल्याण लाभ के साथ व्यापक सुरक्षा प्रदान करते हैं जो अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित रखना चाहते हैं। टाटा एआईए वाइटैलिटी एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कल्याण कार्यक्रम है जो उपभोक्ताओं को उनके प्रीमियम पर 5त्न तक की अग्रिम छूट के साथ पुरस्कृत करता है। संपूर्ण रक्षा सुप्रीम उत्पाद ग्राहकों को टाटा एआईए वाइटैलिटी प्रोटेक्ट राइडर और टाटा एआईए वाइटैलिटी हेल्थ राइडर के साथ अधिक उन्नत सुरक्षा कवर का विकल्प चुनने की अनुमति देता है। ये नॉन-लिंक्ड राइडर्स उपभोक्ताओं को स्वास्थ्य स्थितियों की एक श्रृंखला के खिलाफ सुरक्षा की अपनी पसंद का चयन करने की अनुमति देते हैं, मृत्यु, दुर्घटना मृत्यु और विकलांगता, और गंभीर बीमारी जैसी अनिश्चितताओं से सुरक्षित रहते हैं, और उन्हें प्रीमियम छूट के साथ पुरस्कृत करते हुए अपने फिटनेस लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करते हैं।

## काबिल छात्रों को 160 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रमुख एड-टेक प्लेटफॉर्म, फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने छात्रों की भारी मांग को ध्यान में रखते हुए अपने स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (एसएटी) के बहुप्रतीक्षित दूसरे संस्करण को लॉन्च करने की घोषणा की है। पीडब्ल्यू एसएटी 8वीं से 12वीं कक्षा के मेधावी जेईई/नीट उम्मीदवारों और ड्रॉपर्स के लिए 90त्न तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का मौका देता है, जिससे वे विद्यापीठ सेंटर्स में अनुभवी फैकल्टी सदस्यों से उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। गुणवत्तापूर्ण ऑफ़लाइन शिक्षा को हर छात्र के लिए वहन करने योग्य व सुलभ बनाने के उद्देश्य से पीडब्ल्यू ने आने वाले एकेडमिक वर्ष में 160 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति देने की योजना बनाई है। पीडब्ल्यू एसएटी का आगामी चरण 2023 में प्रतिदिन 14 मई तक ऑनलाइन और 7 मई व् 14 मई को ऑफलाइन आयोजित किया जाएगा। छात्र पीडब्ल्यू ऐप या वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन परीक्षा दे सकते हैं और निकटतम विद्यापीठ सेंटर्स में ऑफलाइन परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

## पुलिस ने पकड़ा अवैध ढिबरा लदा 709 वाहन

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर देर रात्रि को कोडरमा पुलिस ने अवैध रूप से ढिबरा लदा एक 709 वाहन जप्त किया। हालांकि इस दौरान वाहन चालक अपने वाहन को भगाने के क्रम में पलट दिया और मौके से चालक फरार हो गया. बताया जाता है कि एसपी को सूचना मिली कि लोकाई जंगल से अवैध रूप से एक 709 वाहन में ढिबरा लाद कर झुमरीतिलैया की ओर चंद्रोडीह के रास्ते जा रही है जिसके बाद वाहन को आते देख पुलिस नें उसे रुकने को कहा पर चालक वाहन भगा कर पलट कर फरार हो गया जहाँ बाद में पुलिस नें ढीबरा लदा वाहन को जप्त कर लिया गया। पुलिस नें जब्त वाहन को पीसीआर परिसर लाया में सुरक्षित रखा ।बताया जाता है कि इस गाड़ी में करीब 8 से 10 टन ढिबरा लोड था , जिसकी लगभग दो लाख बताई जा रही है।

## पत्रकार सह व्यख्याता के निधन पर शोक

**गोमियां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मीडिया व शैक्षणिक जगत से जुड़े लोगों ने किया शोक प्रकट व्याख्याता तेनुघाट के पत्रकार सह व्यख्याता 65 वर्षीय अजीत सिंह का आकस्मिक निधन 4 मई की रात हो गया. रात में उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई. उन्हें बोकारो बीजीएच में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार रांची में किया गया. रांची में ही उनके पुत्र रहते हैं. वे अपने पीछे पत्नी संगीता रानी, पुत्र अश्विनी भार्गव, पुत्री रुचि कुमारी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं. वे पूर्व में तेनुघाट डिग्री कॉलेज में व्यख्याता के पद पर तैनात थे. पत्नी तेनुघाट मध्य विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं. उनके निधन पर पत्रकारिता और शिक्षा से जुड़े लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है. वरीय पत्रकार सह अधिवक्ता हरिशंकर प्रसाद ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दिवंगत अजीत सिंह लंबे समय तक पत्रकारिता के साथ-साथ शिक्षण संस्थान से जुड़े रहे. उनके निधन से पत्रकारिता और शिक्षण जगत को अपूरणीय क्षति हुई है. शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में तेनुघाट के पत्रकार वीरेंद्र प्रसाद, सुभाष कटरियार, शैलेश चंद्र, मिथिलेश कुमार, मुकेश कुमार, बैजनाथ शर्मा शामिल हैं. इसके अलावा गोमिया पत्रकार संघ के अध्यक्ष कुलदीप कुमार, सचिव अनंत कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार, नागेश्वर, पंकज पांडेय, प्रशांत सिन्हा, जितेंद्र अग्रवाल, अनिल महतो, अमिताभ सिन्हा समेत अन्य पत्रकारों ने भी शोक व्यक्त किया है. तेनुघाट डिग्री कॉलेज के सचिव सह पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह, प्राचार्य सुदामा तिवारी, व्यख्याता धनंजय रविदास, रावण मांझी, तेनुघाट पंचायत की पूर्व मुखिया रेखा सिन्हा, मोहन प्रसाद श्रीवास्तव, तेज नारायण तिवारी, योगेंद्र पांडेय समेत अन्य लोगों ने भी शोक प्रकट किया है।

# अवैध डोडा के साथ दो लोगों गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** गुप्त सूचना के आधार पर 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की एफ कम्पनी हूंट और मारंगहादा थाना के संयुक्त टीम ने ग्राम कातुद - बीचागुटू इलाके मे दो अवैध डोडा से लदे पिकअप वाहन तथा एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को छापामारी कर अपने कब्जे में कर लिया।दोनों पिकअप वाहन में प्लास्टिक की125 बोरी में लगभग 2374 किलो अवैध डोडा बरामद किया व दो व्यक्ति को मौके पर धर दबोचा जिसमें वाहन चालक का नाम-सहदेव मुंडा, पिता-वीरा मुंडा, सा0-थाना टोला-बुण्डु एवं दूसरे व्यक्ति का नाम-अशोक कुमार अहीर, पिता सर्वेश्वर कुमार, सा0-थाना- बुण्डु, जिला-रांची का निवासी है । इस अभियान में एसडीपीओ अमित कुमार एवं 26 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की एफ कंपनी हुंट के सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में मारंगहादा थाना प्रभारी अजय कुमार भगत, उपनिरीक्षक हरी महतो, एस.एस.बी हुंट के उपनिरीक्षक गजे सिंह, नागेन कुमार ककाती, सहायक उपनिरीक्षक त्रिदेव देवनाथ मुख्य आरक्षी विकास कुमार, रुद्राशव साहु, मानवेन्द्र बर्मन, सामान्य आरक्षी सुरेंद्र पटेल, पंचानंद मांडी, रैबुल इस्लाम, मनीष कुमार एवं अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

## आजसू पार्टी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम हाहाप पंचायत हाहाप में आजसू पार्टी का बैठक हुवा जिसमें पूर्व पंचायत समिति सदस्य निकोलेश मुंडा की अध्यक्षता में बैठक हुआ जो काँग्रेस छोड़कर अब सैकड़ों समर्थक के साथ आजसू पार्टी का दामन फिर से थामेंगे इसके लिए 8 मई को बंधुआ पंचायत में बैठक रखा गया जिसमें सैकड़ों महिला पुरूष उपस्थित रहेंगे बैठक में खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने आजसू पार्टी की नीति और सिंद्धान्तों को बताते हुवे कहा नामकुम प्रखंड में छः महीने के अन्दर पंचायत के हर गाँव टोला में आजसू पार्टी महिला संगठन,गाँव प्रभारी,पंचायत प्रभारी की संगठन को मजबूत करेगी । बैठक में जिला वरीय उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी, दुदेश्वर मुंडा, लखिन्द्र महतो, रोहित कुमार, रवि मुंडा, घासीराम मुंडा सुरेंद्र पाहन आदि मौजूद रहे।

# आजसू पार्टी छात्र संघ अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष बने जयराम बेदिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** आजसू पार्टी आज 5 मई बीसा पंचायत बीसा में आजसू पार्टी छात्र संघ का बैठक जयराम बेदिया की अगुवाई में सम्पन हुआ । जिसमें आजसू पार्टी छात्र संघ इकाई को अनगड़ा प्रखंड स्तरीय मजबूत करने के लिए आजसू पार्टी छात्र संघ का जयराम बेदिया को प्रखंड अध्यक्ष पनोनीत किया गया । इस मौके पर खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव और प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो पार्टी का पटा देखकर सम्मानित किया ।साथ ही साथ छात्र संघ का बीसा पंचायत स्तरीय कमेटी का भी गठन किया गया । जिसमें सर्व समिति से पंचायत अध्यक्ष-पिकेश्वर बेदिया, सचिव-सोनाराम बेदिया, कोषाध्यक्ष-सहीराम बेदिया को बनाया गया। मौके पर महिला छात्र संघ का भी चुनाव किया गया । जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष -सोनी कुमारी, सचिव-रेणुका कुमारी, कोषाध्यक्ष-चूमन कुमारी को बनाया गया । मौके पर पारसनाथ उराँव ने कहा छात्र संगठन ही झारखंड की भविष्य की दिशा और दशा को बदलेंगे इसके लिए खेल के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहन किया जायेगा ताकि अपने गाँव समाज का नाम रोशन करेंगे । इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, किशुन महतो,रामदेव बेदिया, प्रेम बेदिया,बालकिशोर बेदिया, सोहित बेदिया,जुगेश्वर बेदिया,रोहित बेदिया, प्रियंका कुमारी,कान्ति कुमारी, मोनिका कुमारी,प्रीति कुमारी, नेहा कुमारी,दिलीप पाहन, अनुज मुंडा, विभिषण बेदिया,आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

# गुरु चरण सिंह जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत टुटकी गांव में शुक्रवार को स्वर्गीय गुरु चरण सिंह के 111 जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश कुमार महतो, उपस्थित अतिथियों एवं स्थानीय लोगों ने स्व गुरु चरण सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किय। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि स्व गुरुचरण सिंह के द्वारा क्षेत्र में शिक्षा के जगत में जो अलख जगाने का कार्य किया गया वह सराहनीय है। इनकी कमी समाज को हमेशा खलती रहेगी। हम सबों को संकल्प के साथ उनके सोच को आगे बढ़ाने का काम करना होगा। अन्य वक्ताओं ने भी उनकी जीवनी पर विस्तृत रूप से चर्चा की। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, बुंडू उलगुलान फाउंडेशन के उपाध्यक्ष राम दुर्लभ सिंह मुंडा, सामल महतो, मुखिया शर्मिला कुमारी, हेमंत सिंह, मोहित महतो, श्रावण सिंह, सुरजीत सिंह, रमेश प्रसाद साहू, जयसिंह महतो, अजित महतो, योगेंद्र सिंह, शिशिर कुमार सिंह, समीर कुमार सिंह , हिमांशु सिंह, कलेबर महतो, कुलदीप सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने दो योजनाओ का शिलान्यास किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के दो योजनाओं की शिलान्यास खिजरी विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप जी के करकमलों द्वारा किया गया। जिसमें जिला योजना अनावद्ध निधि से टाटा रोड से झारखण्ड अधिविद्ध परिषद तक 1154 फीट पीसीसी पथ का निर्माण एवं विधायक निधि से सिरकाटोली में कुजूर के के चारदिवारी के बगल से होते हुए उर्मिला केरकेट्टा के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण किया जाना है। मौके पर जिला परिषद सदस्य विपिन टोप्पो, रामावतार केरकेट्टा, नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, बरगांवा मुखिया अनीता तिर्की, खिजरी मुखिया कार्मेला कच्छप, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, माधो कच्छप, अनु बेग, बिक्कू सिंह, शोभा देवी, सचिन मिश्रा, मीनू सिंह, दिलीप रजक, मुरलीधर मेहता, ज्योतिष झा, कनिया अभियंता बली उरांव, शंकर गोप, जातू टोप्पो, छोटू साहू, पंचू तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# स्वच्छता से ही स्वस्थ्य समाज का होगा निर्माण : रेशमा डूंगडूंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** कोडरमा प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण शिविर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें सरकारी विभाग के अलावा जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। 15 मई तक आयोजित होने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बताया गया कि प्रखंड में रात्रि चौपाल,सफाई अभियान,प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा।बैठक को संबोधित करते हुए वीडियो रेशमा डुंगडुंग ने कहा कि स्वच्छता पर ही स्वस्थ समाज का होगा निर्माण स्वच्छता हम सबकी धरोहर है। अपनी सभ्यता के विकास के साथ ही मनुष्य ने सबसे पहले स्वच्छता को अपनाया अपने



आसपास की गंदगी को मिटा कर स्वच्छ वातावरण ग्रहण किया।उन्होंने कहा कि 15 मई तक आयोजित होने वाले इस पखवाड़ा में स्कूली बच्चों,आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को भी जागरूक किया जाएगा।वही सीओ अनिल कुमार ने कहा कि स्वच्छता की आदतों को उपयोग में लाना होगा स्वास्थ्य में ही स्वस्थ मन का विकास होता है।पीएचडी के एसडीओ धर्मनाथ राम,कनिया अभियंता संजय कुमार ने इसके बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा की स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कोडरमा प्रखंड के 18 पंचायतों में से 5 गांव को सर्वोच्च गांव में चयनित किया जाएगा।और इसके बाद सभी प्रखंडों से आए गांव की सूची के उपरांत राज्य स्तर पर पुरस्कार के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले 10 दिनों तक प्रखंड के पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ठ मॉडल गांव के रूप में चिन्हित किया जाएगा। जिसमें मॉडल फाइव में ठोस अवशिष्ठ प्रबंधन, महामारी स्वच्छता प्रबंधन, मलीय कचरा प्रबंधन,प्लास्टिक अवशिष्ठ प्रबंधन और गोबर गैस प्लांट योजना को धरातल पर उतारा जाएगा। और इसके उपरांत गांव को मॉडल गांव के रूप में चिन्हित किया जाएगा। वही श्री और वन में भी जो कार्य नजर आएंगे उन्हें भी सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।वही महिलाओं को और स्कूली बच्चियों को मासिक स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया जाएगा।ताकि उन्हें किसी तरह की समस्याओं का सामना ना करना पड़े।बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगरनाथ प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अनिल कुमार के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मुखिया पंचायत सचिव,जल सहिया आदि उपस्थित थे.

# झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा मे बुद्ध पूर्णिमा का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा मे बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर स्कूल परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया. बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान के द्वारा महात्मा बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पर्पित किया गया. इस दौरान भगवान बुद्ध के चित्र पर स्कूल के शिक्षकों ने भी पुष्पर्पित कर स्मरणीय किया. इस कार्यक्रम पर स्कूल के प्रधानाध्यापक ने अपने संबोधन में



स्कूल के उपस्थित छात्राओं को गौतम बुद्ध के जीवनी के बारे मे परिचय दिया. अथवा उनके निर्देशित मार्गो मे चलने के लिए संदेश देते हुए कहा कि जिस तरह से भगवान गौतम बुद्ध कभी दुखी व्यक्ति को दुखी नही देख पाते थे,और सहयता करते थे. सभी बच्चो को गरीब और असहाय लोगो को सहायता करने के लिए प्रेरणा दिए. इस कार्यक्रम मे स्कूल के सभी शिक्षक गण उपस्थित थे.

# 55 लाख रुपए की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कथारा :** झिरकी पंचायत के इस्लाम गली में 15 वे वित्त आयोग मद से लगभग 55 लाख रुपए की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता चितरंजन साव उपस्थित थे। श्रीमती सुनीता देवी ने कहा कि आने वाले समय में झिरकी सहित अन्य पंचायतों के लोगों को बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र में इलाज का लाभ मिलेगा। कहा कि जिस विश्वास और भरोसे के साथ जनता ने जो मुझे जिला परिषद का दायित्व दिया



है उससे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करके बखूबी निभाने का कार्य करूंगी। जिला परिषद क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं उनको दूर करने का उनका निरंतर प्रयास जारी है। ग्रामीणों ने बिजली के तार एवं पानी की समस्या को लेकर भी जिला परिषद को अवगत कराया जिस पर उन्होंने सकारात्मक कार्य करने का भरोसा दिया। मौके पर शकील राज मो जमाली मो जाहिद मो आशिक मो गुलजार अंसारी कलीम अंसारी साला मुन्ना अंसारी सरफराज अंसारी मो मुस्ताक अंसारी हसन अंसारी मो खतीबुल्लह आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा सह पांच कुंडलीय महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतगावां :** प्रखंड के ग्राम खुट्टा में नव निर्मित भव्य शिव मंदिर में भगवान शिव के प्राण प्रतिष्ठा सह पांच कुंडलीय महायज्ञ को लेकर शुक्रवार को ब्राह्मणों के द्वारा मंत्रोचारण के साथ ध्वजारोहण संपन्न हुआ जिसमे जय श्री राम और जय बजरंगबली के नारों से क्षेत्र गुंजायमान हो गया।मालूम हो की महायज्ञ की शुरुआत कलश स्थापना के साथ 26 मई को



शुरआत होगी जिसमे वाराणसी के यज्ञाचार्ज के नेतृत्व में पांच कुंडलीय यज्ञ सम्पन्न होगा जो पांच दिनों तक चलेगा जिसमे कथा वाचक भी पांच दिनों तक लोगो को भक्ति के सागर में गोता लगाएंगे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ वैद्यनाथ उरांव,प्रमुख प्रतिनिधि रामौतार चौधरी,उपप्रमुख मनोज कुमार निराला,स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मथुरा यादव, मरचोई पंचायत के मुखिया उत्तम सिंह उपस्थित थे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अमित अग्रवाल,सुधीर अग्रवाल,शंभू मोदी,अर्जुन मोदी,ब्रह्मदेव अग्रवाल,पंकज पाण्डेय,बिनोद विश्वकर्मा,प्रमोद कुमार,घनश्याम कुमार,रविंद्र यादव लगे थे।

# भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** एसटी एससी ओबीसी एकता मंच कर द्वारा डकरा डॉ0 भीमराव अंबेडकर पार्क में भगवान बुद्ध का जयंती समारोह मनाया गया. गौतम बुद्ध के जयंती के अवसर पर डॉ0 अंबेडकर एवं भगवान बुद्ध को माल्यार्पण किया गया. इस दौरान एकता मंच के लोगो ने भगवान बुद्ध के चित्र पर मालार्पण वदिप प्रज्वलित कर स्मरणीय किया गया. मौके पर



मिथिलेश पासवान,देव पाल मुंडा, अनीता एक्का,देवंती देवी, नागेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू,कन्हाई पासी,सूरज दास,दिलीप कुमार पासवान, अजय पासवान, शक्ति कुमार, रामेश्वर शर्मा,ऋषि कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# संस्थापक मां किरणमयी डे की शताब्दी जयंती को नारी सशक्तिकरण वर्ष के रुप में मनाएगा श्रीलेदर्स

## महिलाओं संग शेखर डे ने शताब्दी बर्थ डे केक काट किया नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आगाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्रीलेदर्स की संस्थापक माँ किरणमयी डे की 100वीं जयंती को नारी सशक्तिकरण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इसको लेकर श्रीलेदर्स पूरे साल विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए नारी को सशक्त करने का कोशिश करेगा। उक्त घोषणा किरणमयी डे की जयंती पर श्रीलेदर्स के पार्टनर सह समाजसेवी शेखर डे ने बिष्टुपुर के रोड स्थित शोरूम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा, यह वर्ष श्रीलेदर्स अपना 70वां स्थापना दिवस भी मना रहा और संस्थापक किरणमयी डे की शताब्दी जयंती भी है इसलिए सालों भर महिलाओं और बेटियों को सशक्त करने का कार्यक्रम होगा। जमशेदपुर को टाटा स्टील और श्रीलेदर्स से पहचाना जाता है, इसलिए समाज के उत्थान के लिए हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। कहा, स्वामी विवेकानंद कहते थे कि समाज के विकास में नारी और पुरुष दोनों का अहम भूमिका होती है। उसी सोच के साथ श्रीलेदर्स परिवार अपने स्थापना दिन से आगे बढ़ा रहा है और बढ़ाता रहेगा। श्री शेखर डे ने कहा नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम के दौरान शहरवासियों के अच्छे सुझाव को कार्यक्रम में शामिल किया जायेगा। नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम श्रीलेदर्स देश भर में अपने पहुंच शहरों में आयोजित करेगा। इससे पूर्व श्रद्धांजली सभा का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित और किरणमयी डे के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। वहीं उपस्थित महिलाओं के संग शेखर डे ने शताब्दी जन्म दिन केक काट कर नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आगाज किया। इस अवसर उपस्थित अतिथियों ने किरणमयी डे के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्रीलेदर्स के संस्थापक सह स्वतंत्रता सेनानी सुरेश डे और किरणमयी डे के साथ रहने वाले 90 वर्षीय भावेश चंद्र देब ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें दृढ़ता, साहस, त्याग का प्रतीक बताया। इस अवसर पर झरना कर, अल्पना भट्टाचार्जी, हारो गौरी महतो, बिमल चक्रवर्ती, मीरा शर्मा के अलावा श्रीलेदर्स परिवार के कर्मचारी और शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे ।







### दृढ़ता, साहस, त्याग का प्रतीक था किरणमयी डे का जीवन

सौम्य चेहरा, सामान्य कद पर हौसलों और विचारों से मजबूत और व्यक्तित्व में काफी ऊंचाई, ऐसा ही था माँ यानि किरणमयी डे का सामान्य परिचय। शिक्षा बहुत नहीं थी उनकी, पर उनकी सोच और योजनाएँ इतने व्यवहारिक थे कि अच्छी खासी डिग्रियाँ धारी व्यक्ति भी सोचने पर मज़बूर हो जाएँ। विवाह के बाद पति के सपनों को पूरा करने और गृहस्थ जीवन का निर्वाह करने में पति के साथ जो सफ़ल भागीदारी उन्होंने निभाई यह अपने आप में एक मिसाल है। वो महिला थीं पर अबला नहीं थी। उन्होंने अपने स्वामी और बच्चों को सिर्फ सहयोग ही नहीं किया बल्कि ज़रूरत पड़ने पर सफल मार्गदर्शन भी किया।




### लकड़ी के विवाद में मारपीट, एक गंभीर

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के हाड़ात गांव में आपसी विवाद में एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मारपीट में 40 वर्षीय मनसा राम महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों द्वारा मिलन चौक स्थित माधुरी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर हतर इलाज हेतु एमजीएम रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल का छाती एवं कान में गंभीर चोट है। सुचना मिलते ही थाना के एसआई अनिल कुमार मेहता दलबल के साथ पहुंचकर मामले की तफ्तीश में जुट गए। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एक जलावन पलास लकड़ी को लेकर विवाद मारपीट में तब्दील हो गई। मनसा राम महतो की पत्नी बिजला महतो ने कहा कि गांव के ही पड़ोसी सुभाष चंद्र महतो, प्रल्हाद,राम टहल,किष्टा महतो मेरा लकड़ी बताकर मुझे मारपीट करने लगा। उन्होंने कहा कि मुझे मारपीट करते देख पति छुड़ाने आया तो उसे ईट पत्थर से मारकर जख्मी कर दिया।



### विधायक ने किया रघुनाथपुर में झामुमो के प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन



**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर में शुक्रवार को झामुमो का स्थायी कार्यालय खुला। जिसका उद्घाटन विधायक सविता महतो, जिला अध्यक्ष शुभेंदु महतो, जिला सचिव बुद्धेश्वर मार्डी, झामुमो केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक ने कहा पार्टी कार्यालय में नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के लोगों का जन समस्या समाधान किया जाएगा। साथ ही पार्टी कार्यालय में संगठन मजबूती व राजनीतिक परिचर्चा होगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष हरिदास महतो, कृष्णा किशोर महतो, हरे कृष्णा सिंह सरदार, कांचन प्रमाणिक, धरमु गोप, विश्वनाथ गोप, अर्जुन सिंह मुंडा, समर भुईया, शक्ति महतो, संकर सिंह सरदार, मायाराम, सचिन गोप, राहुल वर्मा आदि काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धुआंधार भाषण देने से ब्रह्म प्राप्त नहीं हो सकते

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आनन्दमार्ग प्रचारक संघ की ओर से आनन्दमार्ग आश्रम कांड्रा में बुध पूर्णिमा को संस्था के संस्थापक श्री श्री आनन्दमुर्त्तिजी का 102वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस आनन्दवाणी में बताया गया कि स्वयं साधना नहीं करके केवल किसी पुस्तक में किसने क्या लिखा है इसको लेकर तर्क वितर्क करने पाठ चक्र खोलने अथवा इस संबंध में धुआंधार भाषण देने से ब्रह्म को नहीं प्राप्त किया जा सकता है। इसीलिए सब प्रकार से पूर्ण निष्ठा की सहायता से अग्रया बुद्धि के जागरण के लिए प्रयत्न करना पड़ेगा। इस मौके पर आचार्य रुद्रप्रकाशानन्द अवधूत, सचिव गोपाल बर्मन समेत काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



### पीएण्डजी इंडिया शेयर टु प्राइड के तहत शिक्षण संस्थाओं से करेगी साझेदारी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विक्स, एरियल, जिलेट और पैंपर्स जैसे ब्रैंड्स के निर्माता प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया (पीएण्डजी इंडिया) ने यह घोषणा की है कि वह ' शेयर द प्राइड ' के लिए 50 से ज्यादा शिक्षण संस्थाओं से भागीदारी करेगी ताकि एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय के लिए सुरक्षित जगहों और उनके सहयोगियों को बढ़ावा दिया जा सके। शेयर द प्राइड के साथ कंपनी इन शिक्षण संस्थानों के स्टूडेंट्स, स्टाफ और टीचर्स को उस भेदभाव के प्रति जागरूक करेगी, जो इन एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय के छात्रों को जाने या अनजाने में झेलना पड़ता है। इसके साथ ही अभियान का उद्देश्य रुकावटों और भ्रम को दूर करना और विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण के माहौल में एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय द्वारा झेली जा रही चुनौतियों को उभारना है। पीएण्डजी इंडिया में एलजीबीटीक्यू प्लस इनक्लूज़न के लिए प्रॉडक्ट सप्लाई एवं एक्जीक्यूटिव स्पॉन्सर के वाइस प्रेसिडेंट अंकुर भगत ने इस पहल पर टिप्पणी करते हुए कहा, पीएण्डजी में समानता और सभी लोगों का समावेश (ईएंडआई) हमेशा से हमारी संस्कृति का मूल आधार रहा है, जहां सभी को समान रूप से संसाधनों तक पहुंच उपलब्ध कराई जाती है और उन्हें सीखने, आगे बढ़ने, सफल होने और विकसित होने के अवसर मुहैया कराए जाते हैं। इसी तर्ज पर हम पीएण्डजी के अंदर और बाहर की दुनिया में समान और समावेशी दुनिया बनाने पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। शिक्षण संस्थाएं अपने प्रारंभिक वर्षों से उन जगह के रूप में जाना जाता है, जहां विचारों को आकार दिया जाता है और सिद्धांतों को मजबूत बनाया जाता है। हमें विश्वास है कि यह छात्रों और भागीदारों में संवेदना जगाने का सही वक्त है। इसके माध्यम से हमारा लक्ष्य समाज में सभी को मुख्यधारा में शामिल करते हुए समानता के अवसर देने के लिए सुरक्षित स्थान का निर्माण करना है।

## मंत्री चंपई सोरेन ने किया नगर पंचायत के कई योजनाओं का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** पंडित रघुनाथ मुर्मू के जयंती के अवसर पर राजनगर प्रखंड अंतर्गत बगराई साई में आयोजित एक कार्यक्रम में नगर पंचायत सरायकेला के कई योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण मंत्री चंपई सोरेन द्वारा सांसद गीता कोड़ा की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त अरवा राजकमल, आई टी डी ए निदेशक संदीप दोराईबुरु एवं नप सरायकेला के कार्यपालक पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 26 योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया, जिसकी कुल राशि 7,81,12,782 रूपये है। शिलान्यास में मुख्य रूप से नागरिक सुविधा मद एवं शहरी परिवहन मद से सड़क और नालियों की योजनाओं है, 14 वित्त आयोग से बिरसा मुंडा चौक एवं लाल बहादुर शास्त्री चौक का सौंदरीकरण एवं अटल चौक में पब्लिक टॉयलेट की योजना ली गई है। अमृत 2.0 के द्वारा हंसाउड़ी तालाब का जीर्णोधार की योजना ली गई। जबकि सिविल कोर्ट की नाला एवं जुड़को लिमिटेड द्वारा विद्युत शवदाह गृह का निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया।



## कांकड़ा मोड़ पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सदर थाना अंतर्गत सरायकेला कांड्रा मुख्य सड़क पर कांकड़ा मोड़ के निकट गुरुवार की देर रात हुई एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक संदीप सिंह देव की मौत हो गई जबकि दूसरे बाइक सवार चंदन सिंह देव इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना गुरुवार की रात लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। जानकारी अनुसार कुचाई प्रखंड के छोटा चाकड़ी गांव निवासी संदीप सिंहदेव एवं उनके चचेरे भाई चंदन सिंहदेव आदित्यपुर से बाईक द्वारा घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान कांकड़ा मोड़ के समीप रोड किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे से बाईक की टक्कर हो गई। बाईक के टकराने के बाद ट्रेलर का चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद दोनो युवक घायलावस्था में काफी देर तक रोड पर पड़े रहे। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची सरायकेला थाने की पुलिस दोनो घायलों को सरायकेला सदर अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने संदीप सिंहदेव को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे युवक को प्राथमिक उपचार के बाद टीएमएच रेफर कर दिया गया।



### बांसतोला में मनाई गई ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत लावा पंचायत के बांसतोला गांव में शुक्रवार को ऑल गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू की 118वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम प. रघुनाथ मुर्मू की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तत्पश्चात मेला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. नगेन्द्र नाथ हेम्ब्रम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर बच्चों के बीच खेलकूद व संगीत प्रतियोगिता, प. मुर्मू द्वारा लिखित कविता पाठ का आयोजन किया गया। शाम को पश्चिम बंगाल के कलाकार द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, मदारिया दिवाकर टुडू, जितुलाल मुर्मू, खेरवाल हांसदा, सुखेन हांसदा, मिहिर लाल हांसदा, सरना हेम्ब्रम, धर्मु हांसदा व सुभाष हेम्ब्रम समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के कार्यकारिणी की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन में यूनियन के कार्यकारिणी की बैठक यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे की अध्यक्षता में शुरू हुई। मौके पर अपने से बिछड़े हुए साथियों को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही 2022-23 एवं 23 -24 में अवकाश प्राप्त कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। यूनियन के कार्यकारिणी की बैठक में कंपनी की आर्थिक स्थिति अच्छी देखते हुए अच्छी बोनस, कंपनी द्वारा जो स्कूल के बच्चों को बस की सुविधा फिर से चालू करने, एनएस ग्रेड के रुके प्रमोशन को ट्रेनिंग प्रोग्राम के जरिए जल्द शुरू करने, नई पेंशन स्कीम लागू करने के लिए मैनेजमेंट के द्वारा हेल्प डेस्क की व्यवस्था करवाने, नौकरी छोड़ो नौकरी पाओ टाटा स्टील की स्कीम जैसी स्कीम चालू करने, गैरेज में नए स्थाई ड्राइवरों की वैकेंसी निकालने, यूनियन के लोगों को भी परफॉर्मेंस बोनस एवं गिफ्ट की राशि मिले, कंपनी कैंटीन एवं टिनप्लेट अस्पताल में और अधिक आधुनिक सुविधाओं को जोड़ने, एनएस ग्रेड एवं ओल्ड ग्रेड के बोनस प्वाइंट रेट को एक करना, हॉस्पिटल में स्थाई स्टाफ नर्स की कमी, नाइट शिफ्ट एलाउंस की बढ़ोतरी, सिक लीव एनकैशमेंट अवकाश प्राप्त कर्मचारियों के लिए भी हो, सेवा निधि की राशि बढ़ाने, अस्पताल में डॉक्टरों की कमी दूर हो, सीआरएम प्रोजेक्ट के लिए स्थाई कर्मचारियों को ट्रेनिंग की व्यवस्था, जिन डिपार्टमेंट में मैनपावर की कमी है उसमें जल्द से जल्द नौकरी की बहाली हो आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, परविंदर सिंह सोहल, मनोज कुमार सिंह, सतनाम सिंह,गौतम दे, मुन्ना खान, रमेश राव ,वकील खान, साई बाबू राजू, जगजीत सिंह, संजय कुमार, भूपेंद्र कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, संग्राम किशोर दास, गुलाम नबी खान, संजीव प्रसाद आदि उपस्थित थे।




## पावर सिस्टम बना टाटा स्टील इंटर जेडीसी वाटर पोलो टूर्नामेंट का चैंपियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पहला इंटर जेडीसी वाटर पोलो टूर्नामेंट का समापन रोमांचक अंदाज़ में हुआ जिसमें पावर सिस्टम चैंपियन के रूप में उभरा। टूर्नामेंट 2-3 मई को आयोजित किया गया था जिसमें 25 टीमों ने भाग लिया था और प्रत्येक टीम में सात खिलाड़ी शामिल थे। इस मौके पर मुकुल विनायक चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर, टीएफए और स्पोर्ट्स, संजय कुमार सिंह, स्पोर्ट्स एडवाइजरी कमिटी (एसएसी) के चेयरमैन और ओलंपियन आनंद मेनेजेस उपस्थित थे। टूर्नामेंट का फाइनल सेक्युरिटी एवं पावर सिस्टम्स के बीच खेला गया। पावर सिस्टम चैंपियन बनकर उभरा, जबकि सेक्युरिटी टीम प्रथम उपविजेता रही। कोक प्लांट ने द्वितीय उपविजेता के रूप में अपना स्थान सुनिश्चित किया। विजेता टीम ने चीफ से ट्रॉफी प्राप्त की और उपविजेता टीम ने चेयरमैन, एसएसी से ट्रॉफी प्राप्त की।



## आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाएंगे एनएसडीसी व पेरनोड फाउन्डेशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के तत्वावधान में कार्यरत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने तेज़ी से विकसित होती मल्टीनेशनल एल्कॉहल बेवरेज कंपनी पेरनोड रिकार्ड इंडिया फाउन्डेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है, जिसके तहत झारखण्ड के गुमला ज़िले में एक मल्टी-स्किलिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह साझेदारी स्थानीय आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सेंटर बुवाई से लेकर कटाई तक कृषि के हर चरण से जुड़े सभी पहलुओं जैसे आधुनिक तकनीक और रूझानों तक को समझने के लिए मुख्य हब की तरह काम करेगा। वेद मणि तिवारी, सीओओ (ऑफिशिएटिंग सीईओ), एनएसडीसी और सशिधर वेम्पाला, चीफ़ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर एवं हैड सीएसआर, पेरनोड रिकार्ड इंडिया ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। वेद मणि तिवारी, सीओओ (ऑफिशिएटिंग सीईओ), एनएसडीसी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं को कौशल प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाया जा सकता है। इससे न सिर्फ वे आत्मनिर्भर बनती हैं बल्कि उनका अपने जीवन पर बेहतर नियन्त्रण होता है।



## 20 सूत्री की बैठक में शिक्षा व्यवस्था की बदतर स्थिति पर बीईईओ को दिया गया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में प्रखंड सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष छायाकांत गोराई ने किया। इस मौके पर शिक्षा की कुव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए सदस्यों ने बीईईओ की कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खडा कर दिया। पिछले चार माह में एक भी विद्यालय का औचक निरीक्षण नहीं होने, विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति का समुचित रिकार्ड उपलब्ध नहीं होने समेत कई प्रमुख आंकड़ों को बैठक में प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उन्हें अगली बैठक तक का मोहलत देते हुए प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड अध्यक्ष ने उपस्थित अधिकारियों एवं सदस्यों को विकास में योगदान की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा समेत अन्य विभागों में इस तरह की लापरवाही मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के शिक्षण में अव्वल टॉप टेन एवं कमजोर 10 विद्यालयों की सूची बनाने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में राज्य के 82 उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रखंड क्षेत्र के विद्यालय का पंचायतवार प्रचार प्रसार करने एवं अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को लाभ पहुंचाने का निर्देश भी शिक्षा विभाग को दिया गया। इस मौके पर मनरेगा से जुड़े कार्यों की स्थिति की समीक्षा भी की गई जिसपर असंतोष जाहिर करते हुए सदस्यों ने विभागीय पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। मनरेगा में कनीय अभियंता की मनमानी एवं मिट्टी कटाई में अनियमितता का मामला सामने आया। मनरेगा के 26 हजार में महज 12 हजार जॉब कार्ड के सक्रिय होने पर आपत्ति जताई गई। जॉब कार्ड के श्रमिकों का कैटगरी वाइज सूची बनाने एवं बेहतर कार्य करने वाले रोजगार सेवक की सूची बनाकर पुरस्कृत करने का निर्देश दिया गया।

### संताली लिपि ओलिचिकी के जनक पं. रघुनाथ मुर्मू का मनाया गया जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** संताली लिपि ओलिचिकी के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती पर शुक्रवार को कंदरबेड़ा स्थित पंडित रघुनाथ मुर्मू के मूर्ति पर चांडिल प्रमुख अमला मुर्मू ने माल्यर्पण कर उनके राह पर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंडित रघुनाथ मुर्मू ने अपने पूरे जीवन में तीन बातों पर विशेष महत्व दिया, इनमें लिपि का निर्माण करना, भाषा साहित्य समृद्ध करना और धर्म की राह पर चलकर जीवन को सार्थक बनाना। हमें उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस अवसर पर चांडिल प्रखंड के रामगढ़ प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पंडित रघुनाथ मुर्मू के चित्र पर प्रमुख ने माल्यार्पण कर संम्बोधन किया। इसदौरान पंचायत समिति माधबी सिंह आदि मौजूद थे।



## संपादकीय

# पुराने एजेंडे का घोषणापत्र

**जनसंघ** के दौर से तीन बुनियादी मुद्दे रहे हैं-अयोध्या में राम मंदिर, अनुच्छेद 370 को समाप्त करना और समान नागरिक संहिता। पार्टी का रूपांतरण भाजपा के तौर पर हुआ, तो यह पुराना एजेंडा बरकरार रखा गया। अयोध्या में प्रभु राम का भव्य मंदिर आकार ले रहा है और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 संसद के जरिए समाप्त किया जा चुका है। हालांकि यह मामला अभी सर्वोच्च अदालत में विचाराधीन है। अब भाजपा समान नागरिक संहिता को लागू करने पर आमादा है। यानी एक देश, एक कानून। कर्नाटक के चुनाव घोषणा पत्र में भी इसे रखा गया है। भाजपा ने उत्तराखंड, हिमाचल, उप्र, मप्र, गुजरात और असम आदि राज्यों में समान नागरिक संहिता के संदर्भ में या तो कमेटी का गठन किया गया है अथवा कोई प्रस्ताव विचाराधीन है। हिमाचल को छोड़ कर शेष राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने भी इस मुद्दे पर आश्वासन दिया है, तो महाराष्ट्र के एक भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को, इसी संदर्भ में मांग करते हुए, पत्र लिखा है। दरअसल जब-जब चुनाव आते हैं, तो समान नागरिक संहिता का आश्वासन गरमाने लगता है। अलबत्ता केंद्र में बीते 9 साल से भाजपा की मोदी सरकार कार्यरत है, लेकिन न तो विधि आयोग से यह मुद्दा पारित कराया गया, न आयोग की कोई अनुशंसा है और न ही राज्य सरकारों से परामर्श किया गया है। वैसे यह मामला समवर्ती सूची में है। केंद्र और राज्य सरकारें अपने स्तर पर इसे लागू कर सकती हैं। सर्वोच्च अदालत भी इसे लागू करने की बात कह चुकी है। अब एक टीवी साक्षात्कार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कहा है कि हम बिल ला सकते हैं। बहरहाल उसके लिए संसद सत्र का इंतजार करना पड़ेगा, लेकिन यह स्पष्ट है कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव तक समान नागरिक संहिता को गरमाए रखेगी। फिर चुनाव के बाद देखा जाएगा। कर्नाटक में समान नागरिक संहिता के साथ-साथ भाजपा ने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) की भी घोषणा की है। आश्चर्य है कि दक्षिण के किसी भी राज्य का अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर नहीं है, तो अवैध घुसपैठियों या प्रवासियों की पहचान के लिए कर्नाटक में एनआरसी लागू करने की घोषणा क्यों की गई है? यह बेहद विवादास्पद और मुसलमानों में भय पैदा करने वाली घोषणा है। असम के स्तर पर इसका प्रयोग किया जा चुका है। उसमें कई विरोधाभास और विसंगतियां सामने आई थीं। मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा। समान नागरिक संहिता और एनआरसी के जरिए और अन्य घोषणाओं के तहत भाजपा ने कर्नाटक में भी 'हिन्दुत्व' पर फोकस रखा है। पार्टी ने 2500 करोड़ रुपए से 5 सर्किट बनाने का वायदा किया है-परशुराम के 3 सर्किट, गंगापुरा सर्किट और कावेरी सर्किट। इनके अलावा, गोवध प्रतिबंध कानून और जबरन धर्मांतरण कानून को अधिक सख्त बनाने की भी घोषणा की गई है। भाजपा ने 'मंदिर अर्थव्यवस्था' की सोच के तहत मंदिरवादी लोगों की अपेक्षाओं और मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। मंदिर परिसरों में या उनके बाहर मुसलमानों के कारोबार और त्योहारों के दौरान दुकानें स्थापित करने पर पाबंदी लगाई जाए, कर्नाटक के मंदिरवादी हिन्दुओं की यह मांग तो पूरी तरह 'असंवैधानिक' है। अभी हमने मुफ्तखोरी की रेवडियों पर टिप्पणी नहीं की है, क्योंकि उस 'हम्माम' में सभी दल नंगे हैं। भाजपा, कांग्रेस और जद-एस सभी ने चुनाव में रेवडियां बांटने की घोषणाएं की हैं। बेशक वे जन-कल्याण का दावा करें, लेकिन वे रेवडियां ही हैं। दक्षिण के राज्यों की तुलना में कर्नाटक में मानव विकास सूचकांक-स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण आदि-पिछड़ा हुआ है। उसके बावजूद रेवडियों की राजनीति की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी चुनावी जनसभाओं में या अन्य मंचों पर इस मुद्दे पर चिंता लगातार व्यक्त करते रहे हैं। उनका आकलन है कि राज्यों पर जिस तरह कजर्.के बोझ बढ़ रहे हैं, उससे देश की समूची अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। लेकिन रेवडियां बांटी जा रही हैं अथवा हिन्दुत्व, मुस्लिम आरक्षण, निजी क्षेत्र में भी आरक्षण, स्कूटी, साईकिल, नकदी, किसानों के लिए 30,000 करोड़ रुपए का फंड आदि के सुनहरी जुमले परोसे जा रहे हैं। यह कैसी है सियासत**...**? सभी दल मुफ्त की रेवडियों के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। विकास का यह कोई उचित मॉडल नहीं है।

> भाजपा, कांग्रेस और जद-एस सभी ने चुनाव में रेवड़ियां बांटने की घोषणाएं की हैं। बेशक वे जन-कल्याण का दावा करें, लेकिन वे रेवड़ियां ही हैं। दक्षिण के राज्यों की तुलना में कर्नाटक में मानव विकास सूचकांक-स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण आदि-पिछड़ा हुआ है। उसके बावजूद रेवड़ियों की राजनीति की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी चुनावी जनसभाओं में या अन्य मंचों पर इस मुद्दे पर चिंता लगातार व्यक्त करते रहे हैं। उनका आकलन है कि राज्यों पर जिस तरह कजर्.के बोझ बढ़ रहे हैं, उससे देश की समूची अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। लेकिन रेवडियां बांटी जा रही हैं अथवा हिन्दुत्व, मुस्लिम आरक्षण, निजी क्षेत्र में भी आरक्षण, स्कूटी, साईकिल, नकदी, किसानों के लिए 30,000 करोड़ रुपए का फंड आदि के सुनहरी जुमले परोसे जा रहे हैं।

## बैंक को खरीदने वाले जेपी मॉर्गन ग्रुप के अनुसार उसने एफआरबी के एसेट्स का बड़ा हिस्सा खरीद लिया

# क्यों डूब रहे हैं अमरीकी बैंक

डा. वरिंद्र भाटिया

> भारत का बैंकिंग सेक्टर इसको हलके से नहीं ले सकता है। अमरीका के बैंकिंग इतिहास में दूसरी बार बैंकों में इस तरह की स्थिति सामने आई है ।इससे पहले साल 2008 में अमरीका ने सबसे बड़ा बैंकिंग सेक्टर का बुरा हाल देखा था। उस समय बैंकिंग फर्म लेहमन ब्रदर्स ने खुद को डिफॉल्टर घोषित कर दिया था, जिसके बाद अमरीका के साथ पूरी दुनिया में मंदी छा गई थी। इस दौरान अमरीका की इकोनॉमी की कमर टूट गई थी। यह जानना जरूरी है कि आखरि अमरीका में ऐसा क्या हुआ कि यहां एक के बाद एक बैंक खाक होते जा रहे हैं। आईये इस आर्थिक मुद्दे की गहराई में जाएं। सबसे पहले नकदी संकट से जूझ रहा अमरीका का फस्र्ट रिपब्लिक बैंक बंद हो गया है।

**अमरीका** के बैंकिंग सेक्टर में मुसीबतों का दखल जारी है। यहां एक के बाद एक नामी बैंक खलास होते जा रहे हैं। हाल ही में अमरीका में एक और नामचीन प्राइवेट बैंक डूब गया। अमीर लोगों की जरूरतों को पूरा करने वाला अमरीका का मशहूर बैंक फस्र्ट रिपब्लिक बैंक भी बिक गया है। इस बैंक को जेपी मॉर्गन ग्रुप ने खरीद लिया है। बीते कुछ महीनों में अमरीका में तीन बड़े बैंक डूबे हैं। इन बैंकों के डूबने से दुनिया भर में हलचल मची है। ग्लोबल अर्थजगत में भी चिंता की लहर है। अमरीकी आर्थिक संकट का असर पूरी दुनिया पर पडऩे की आशंका जताई जा रही है। भारत का बैंकिंग सेक्टर इसको हलके से नहीं ले सकता है। अमरीका के बैंकिंग इतिहास में दूसरी बार बैंकों में इस तरह की स्थिति सामने आई है। इससे पहले साल 2008 में अमरीका ने सबसे बड़ा बैंकिंग सेक्टर का बुरा हाल देखा था। उस समय बैंकिंग फर्म लेहमन ब्रदर्स ने खुद को डिफॉल्टर घोषित कर दिया था, जिसके बाद अमरीका के साथ पूरी दुनिया में मंदी छा गई थी। इस दौरान अमरीका की इकोनॉमी की कमर टूट गई थी। यह जानना जरूरी है कि आखिर अमरीका में ऐसा क्या हुआ कि यहां एक के बाद एक बैंक खाक होते जा रहे हैं। आईये इस आर्थिक मुद्दे की गहराई में जाएं। सबसे पहले नकदी संकट से जूझ रहा अमरीका का फस्र्ट रिपब्लिक बैंक बंद हो गया है। इस बैंक को खरीदने वाले जेपी मॉर्गन ग्रुप के अनुसार उसने एफआरबी के एसेट्स का बड़ा हिस्सा खरीद लिया है। इसके पास बैंक की कुछ देनदारियां भी आ गई हैं। बंद हुए अमरीका के फस्र्ट रिपब्लिक बैंक की शाखाएं 8 राज्यों में फैली थी। अमरीकी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फस्र्ट रिपब्लिक बैंक की अमरीका के 8 राज्यों में 84 ब्रांचें थी। जेपी मॉर्गन ग्रुप द्वारा खरीदे जाने के बाद अब इन सभी राज्यों में फस्र्ट रिपब्लिक बैंक के बदले जेपी मॉर्गन चेस बैंक की शाखाएं दोबारा खुलेंगी। फस्र्ट रिपब्लिक बैंक अमरीका के अमीर लोगों की जरूरतों को पूरा करने वाला फेमस प्राइवेट बैंक था। यह वेंचर कैपिटल फम्र्स पर फोकस्ड सिलिकॉन वैली बैंक की तरह ही था, जो मार्च में गिर गया था। अमरीका में मार्च 2023 से अभी तक तीन बैंक डूबे हैं। फस्र्ट रिपब्लिक बैंक से पहले मार्च में सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक डूब गए थे। इन तीनों बैंकों के डूबने के पीछे नकदी संकट को कारण बताया जा रहा है। फस्र्ट रिपब्लिक बैंक को बीते वर्षों में कई बार




बेचा और खरीदा गया। साल 2007 में मेरिल लिंच एंड कंपनी ने 1.8 अरब डॉलर में फस्र्ट रिपब्लिक बैंक को खरीदा था। इसके बाद 2009 में इसे बैंक ऑफ अमेरिका ने खरीदा। इसके बाद साल 2010 में इन्वेस्टमेंट फर्म जनरल अटलांटिक और कॉलोनी कैपिटल ने इसे 1.86 अरब डॉलर में खरीदा। इसके बाद इसे पब्लिक कर दिया गया था। अमरीकी बैंकिंग सेक्टर में आए संकट को समझने के लिए सिलिकॉन वैली बैंक का उदाहरण सटीक है। इस संकट के कारण तबाह होने वाला सिलिकॉन वैली बैंक अमरीका का पहला बैंक था। बैंकिंग सेक्टर को समझने वाले एक्सपर्ट बताते हैं कि सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने की वजह बैंक के कुछ गलत फैसले थे। दरअसल सिलिकॉन वैली बैंक उन स्टार्टअप को भी कर्ज देता था जिन्हें कोई दूसरा बैंक हाथ तक नहीं लगाता था। 2021 में शेयर बाजारों में तगड़ा बूम आया और ब्याज दरें लगभग जीरो हो गईं। शेयर बाजार में आए बूम के बाद टेक स्टार्टअप्स के पास बहुत सारा पैसा आया, जिसे कई स्टार्टअप ने सिलिकॉन वैली बैंक में जमा कर दिया। बैंक ने भी उन पैसों को लंबी अवधि के बॉन्ड में निवेश किया। पिछले साल जब ब्याज दरें बढ़ीं तो बॉन्ड्स अपनी वैल्यू गंवाने लगे जिसके बाद टेक स्टार्टअप्स अपने पैसे निकालने लगे। इससे बैंक को अपने बॉन्ड्स को नुकसान में बेचना पड़ा। नुकसान बढऩे लगा तो कंपनी के शेयर की कीमत गिरने लगी। इस सिलसिले के कुछ ही दिनों बाद सिलिकॉन वैली बैंक दिवालिया हो गया। सिलिकॉन वैली बैंक का बंद होना अमरीकी इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा दिवाला है। इससे पहले 2008 में वॉशिंगटन म्यूचुअल को अमरीका का पहला सबसे बड़ा बैंक दिवाला माना जाता है। आगे की कहानी जानें तो सिलिकॉन वैली बैंक के कुछ ही दिन बाद न्यूयॉर्क के सिग्नेचर बैंक की हालत खराब होने लगी। सिग्नेचर एफटीएक्स बैंक क्रिप्टो एक्सचेंज के पतन के साथ चर्चा में आया था। एफटीएक्स के सिग्नेचर बैंक में खाते थे। साल 2018 में ही ये बैंक क्रिप्टो असेट्स के डिपोजिट के बिजनेस में उतरा था। बैंक के लिए यही फैसला डूबाने वाला साबित हुआ। क्रिप्टोकरंसी में डील करने वाला एक अन्य बैंक सिल्वर गेट हाल ही में डूबा है। अमरीकी बैंकिंग सेक्टर के संकट का दुनिया पर क्या असर पड़ेगा? एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर अमरीकी शेयर बाजार में कोई हलचल होती है तो उसका असर दुनिया के अन्य देशों पर भी पड़ेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मंदी की आहट नहीं है। लेकिन अगर अमरीकी सरकार सिलिकॉन वैली को जल्द रिवाइव नहीं करती है तो स्टार्टअप की दुनिया में बड़ी उठापटक देखने को मिल सकती है। स्टार्टअप्स के पास पैसों का संकट आएगा, जिससे छंटनी का दौर शुरू हो सकता है। अमरीकी बैंकिंग सेक्टर की मंदी का भारतीय बाजारों पर कुछ समय के लिए असर देखा जा सकता है। लेकिन इसका असर ऐसा नहीं होगा कि अमरीका जैसे भारत में बैंक डूबने लगें। इसका कारण बताते हुए एक्सपर्ट ने कहा कि भारत के बैंकों का सिलिकॉन वैली बैंक से कोई भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष नाता नहीं है। भारतीय बैंकिंग सेक्टर में घरेलू निवेश है, जिन्हें सरकारी सिक्योरिटीज में निवेश किया गया है। यह मजबूत है, साथ ही भारतीय बैंकिंग सिस्टम को भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से रेगुलेट किया जाता है। ऐसे में सिलिकॉन वैली बैंक जैसी हालत भारत के किसी बैंक की नहीं होगी। भारतीय बैंकों के पास पर्याप्त असेट्स भी हैं, जिसकी वजह से यहां के बैंकिंग सिस्टम पर सिलिकॉन वैली बैंक के दिवालिया होने का असर नहीं होगा। दरअसल अमेरिकी फेडरल रिजर्व लगातार देश में बैंकिंग सेक्टर की ब्याज दरों में बढ़ोत्तरी कर रहा है। ऐसे में जिन सेक्टरों में इन बैंकों का निवेश है, उन पर असर पड़ा है। इसके साथ ही निवेशकों ने इन बैंकों में निवेश से दूरी बना ली है। इसके साथ ही कई ऐसी कंपनियां भी हैं, जिन्हें इन बैंकों ने कर्ज दिया था। इन कंपनियों ने कर्ज वापस नहीं किया। ऐसे में इन बैंकों की स्थिति बिगड़ती जा रही है। ऐसा दूसरी बार हो रहा है जब अमरीका का बैंकिंग सेक्टर पूरी तरह से ध्वस्त होने जा रहा है। ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में दुनियाभर की इकोनॉमी आपस में जुड़ी है।

# युद्ध का किसी को लाभ नहीं होता

> यूएस और यूरोपीय अधिकारियों के अनुमान के अनुसार, यूक्रेन में युद्ध में लगभग 200000 रूसी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। यह संख्या बढऩे की संभावना है क्योंकि क्रेमलिन आने वाले हफ्तों में एक नए हमले की तैयारी कर रहा है। युद्ध के दौरान राजधानी में, लगभग 400 आवासीय इमारतें नष्ट और क्षतिग्रस्त हो गईं जिनमें से अधिकांश बहु-अपार्टमेंट इमारतें थीं, जिनकी कीमत एक बिलियन डॉलर थी। शत्रुता के परिणामस्वरूप, क्षतिग्रस्त और नष्ट बुनियादी ढांचे की वस्तुओं की संख्या में वृद्धि जारी है। सरकार या शासक के अपने मतलब के लिए होने वाले युद्ध से आम वर्ग की जनता को हावी नुकसान होता है, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पश्चिम के खलिाफ न्यायोचित युद्ध की कथा को आगे बढ़ा रहे हैं और असहमति की आवाजों को कुचल रहे हैं, जबकि उनके देश की अर्थव्यवस्था को प्रतिबंधों का दंश झेलना पड़ रहा है ।हालांकि उनका प्रभाव उम्मीद से कहीं अधिक बारीक रहा है, आम जनता कभी भी युद्ध नहीं चाहती बल्कि यह तो उसे झेलना पड़ता है, वो तो अपने शासक के निजी कारणों की वजह से इसमें पिस जाती है।

**युद्ध** किसी भी देश के लिए लाभदायक सिद्ध नहीं होता है, बल्कि उससे मानवता को हानि और क्षति होती है। इसलिए युद्ध न केवल मृत्यु और विनाश का कारण बनते हैं बल्कि स्थायी शारीरिक और मानसिक चोट भी पहुंचाते हैं, जो अंत तक उन लोगों को परेशान करती रहेगी जो उनसे प्रभावित होते हैं। पृथ्वी पर जीवन अनमोल और अद्वितीय है। तार्किक रूप से, हम अपनी सभ्यता की प्रगति के ऐसे चरण में हैं कि हमें युद्धों के निहितार्थों को जानना चाहिए और उन्हें होने ही नहीं देना चाहिए। युद्धों में कोई वास्तविक विजेता नहीं होता है क्योंकि इसमें शामिल सभी पक्षों को परिणाम भुगतना पड़ता है जिसमें अक्सर दोनों पक्षों के हताहतों की संख्या अधिक होती है। जब भी युद्ध होता है, दोनों देशों को मानवीय मूल्यों से हाथ धोना पड़ता है। उन देशों की तो क्षति होती ही है, इसका असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है, चाहे वह आर्थिक तौर पर हो, राजनीतिक, सामाजिक या नैतिक तौर पर, युद्धों से होने वाली क्षति की कभी भी भरपाई नहीं हो पाती। रूस के द्वारा यूक्रेन के खिलाफ छेड़ा गया युद्ध अभी तक जारी है और फिलहाल इसका कोई परिणाम नहीं दिख रहा, परंतु एक बात निश्चित है कि इसका प्रभाव पूरे विश्व में पड़ रहा है। युद्ध चाहे कोई भी हो कौन सा भी हो लेकिन वह कभी भी किसी भी देश की लोकतांत्रिक, राजनीति और अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं होता। एक युद्ध जिन देशों के बीच में छिड़ता है केवल उनकी ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की शांति भंग करता है। इसका उदाहरण हमें यूक्रेन तथा रूस के युद्ध से मिल रहा है। यूएस और यूरोपीय अधिकारियों के अनुमान के अनुसार, यूक्रेन में युद्ध में लगभग 200000 रूसी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। यह संख्या बढऩे की संभावना है क्योंकि क्रेमलिन आने वाले हफ्तों में एक नए हमले की तैयारी कर रहा है। युद्ध के दौरान राजधानी में, लगभग 400 आवासीय इमारतें नष्ट और क्षतिग्रस्त हो गईं जिनमें से अधिकांश बहु-अपार्टमेंट इमारतें थीं, जिनकी कीमत एक बिलियन डॉलर थी। शत्रुता के परिणामस्वरूप, क्षतिग्रस्त और नष्ट बुनियादी ढांचे की वस्तुओं की संख्या में वृद्धि जारी है। सरकार या शासक के अपने मतलब के लिए होने वाले युद्ध से आम वर्ग की जनता को हावी नुकसान होता है, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पश्चिम के खिलाफ न्यायोचित युद्ध की कथा को आगे बढ़ा रहे हैं और असहमति की आवाजों को कुचल रहे हैं, जबकि उनके देश की अर्थव्यवस्था को प्रतिबंधों का दंश झेलना पड़ रहा है। हालांकि उनका प्रभाव उम्मीद से कहीं अधिक बारीक रहा है, आम जनता कभी भी युद्ध नहीं चाहती बल्कि यह तो उसे झेलना पड़ता है, वो तो अपने शासक के निजी कारणों की वजह से इसमें पिस जाती है। केवल एक व्यक्ति की वजह से जो कि स्वयं युद्ध लड़ता भी नहीं है उसकी वजह से लाखों बेकसूर लोगों की जान चली जाती है। न जाने कितने लोगों से उनका परिवार छिन जाता है और अगर जनता इसके खिलाफ कोई कदम उठाना चाहे तो उनकी आवाज को दबा दिया जाता है तथा उन्हें देशद्रोही घोषित कर दिया जाता है। उदाहरण के लिए अगर आप यूक्रेन को लें तो यह देखने को मिलेगा कि यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध यूक्रेनी लोगों के लिए मानवीय, सामाजिक और आर्थिक संकट पैदा कर रहा है। सिर्फ यूक्रेन ही नहीं बल्कि रूस को भी बहुत हानि हो रही है लेकिन रूस युद्ध की आड़ में अंधा हो गया है। जिसे अपना और अपने लोगों का नुकसान नहीं दिख रहा, उसको अब हार मानने से होने वाली लज्जा अपने लोगों की जान से ज्यादा प्यारी है। इस पूर्ण पैमाने पर सैन्य आक्रमण के परिणाम वस्तुओं की वैश्विक आपूर्ति को बाधित कर रहे हैं। खाद्य और ऊर्जा की कीमतों में तेजी से वृद्धि कर रहे हैं और कोविड-19 महामारी से उबरने की धमकी दे रहे हैं। यूक्रेन युद्ध और उसके बाद रहने की लागत के संकट का मतलब है कि सबसे गरीब बच्चों के आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने की संभावना और भी कम है और बाल विवाह, हिंसा, शोषण और दुव्र्यवहार का खतरा अधिक है। कई लोगों के लिए बचपन की गरीबी जीवन भर रहती है। यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध शुरू होने के लगभग एक साल बाद इसने पश्चिम को एकजुट कर दिया है, लेकिन बाकी दुनिया के साथ बढ़ती हुई खाई को उजागर कर दिया है जो भविष्य की वैश्विक व्यवस्था की रूपरेखा को परिभाषित कर रही है। इसने युद्ध, लोकतंत्र और शक्ति के वैश्विक संतुलन के दृष्टिकोण में तीव्र भौगोलिक अंतर का खुलासा किया। रूस की आक्रामकता एक विश्व व्यवस्था के उद्भव को चिह्नित करने वाला एक ऐतिहासिक मोड़ हो सकता है। रूस द्वारा किए गए आक्रमण से भारत पर पश्चिमी गठबंधन और रूस के बीच चयन करने का दबाव पड़ेगा। रूस के साथ मजबूत संबंध बनाए रखना भारत के राष्ट्रीय हितों को पूरा करता है। भारत को रूस के साथ एक मजबूत रणनीतिक गठबंधन बनाए रखना है, परिणामस्वरूप भारत रूस को अलग-थलग करने के उद्देश्य से किसी भी पश्चिमी रणनीति में शामिल नहीं हो सकता है। भारत के लिए दो प्रत्यक्ष प्रभाव हुए हैं और दूसरा, लेकिन कोई कम महत्वपूर्ण, अप्रत्यक्ष प्रभाव नहीं है। शुरुआत के लिए, इसने ऊर्जा और उर्वरक दोनों के लिए हमारे आयात बिल को बढ़ा दिया। इन दोनों (और विश्व स्तर पर गेहूं की बढ़ती कीमत) ने भी विश्व स्तर पर बढ़ती मुद्रास्फीति में योगदान दिया है, भारतीय नीति निर्माताओं को वैश्विक दरों में वृद्धि के साथ मिलकर ब्याज दरों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया है, शुद्ध परिणाम भारत के लिए उच्च मुद्रास्फीति और कम विकास, जबकि यूक्रेन युद्ध ने भारत की आर्थिक संभावनाओं पर दबाव डाला है। उसी युद्ध के परिणामस्वरूप पश्चिम भारत को चीन के खिलाफ एक संभावित भागीदार के रूप में देख रहा है। भारत का इस समय किसी भी मुल्क का पक्ष लेना बहुत कठिन है, एक तरफ यूक्रेन है जिसकी और बाकी बहुत सारे देश हैं, जिनके खिलाफ जाने की मूर्खता भारत नहीं कर सकता, और दूसरी और रूस है जिसने मुश्किल समय में भारत की सहायता की थी। विडंबना यह है कि अगर भारत किसी भी देश का पक्ष लेगा तो उसे भविष्य में दिक्कतें हो सकती हैं, इससे बचने का यही तरीका है कि भारत युद्ध से दूरी बनाए रखे।



## नागरिक बोध

# संवेदनाओं का सिमटता संसार

**कुछ** साल पहले विज्ञापन जगत में एक प्रचार-सूत्र काफी चर्चित हुआ था- 'कर लो दुनिया मुट्ठी में!' आज उसका विस्तार हम इस रूप में देख सकते हैं कि विश्व के नक्शे पर अब देशों का दायरा सिमट कर बहुत छोटा हो गया है। विज्ञान के रोज विस्तृत होते नए आयामों ने दुनिया को एक छोटे दायरे में ला खड़ा किया है। जहां तकनीकी रूप से देशों ने नई ऊंचाइयों को छुआ है, वहीं इसके कुछ असर भी अभी ही दिखाई देने लगे हैं। 'दुनिया मुट्ठी में' आने के बाद कहीं दूर के मंजिल तक पहुंचने के लिए रास्तों की तलाश के मौके तो खत्म हो गए हैं, लेकिन जीवन और प्रकृति की खूबसूरती की पहचान के मामले में हमारा युवा वर्ग दिशाहीन दिखाई पड़ता है। हमारे समाज में जो मानवीय मूल्यों की विरासत हमें संभाल कर रखनी थी, वे आज मरणासन्न अवस्था में दिख रही है। हालत यह है कि आज सामाजिक दिखावे के शौकीन माता-पिता के पास वक्त नहीं है कि वे भावी पीढ़ी यानी अपनी ही संतानों को मानवीय मूल्यों, प्रकृति और नैतिकता का पाठ पढ़ा कर उन्हें अपने और समाज के लिए सुसभ्य और शालीन बना सकें। वे अपने ही रिश्ते के दरमियान घुलती कड़वाहट को सहनशीलता और सौम्यता में बदलने में असमर्थ हैं और इसका सीधा प्रभाव बच्चों के कोमल मन को प्रभावित कर रहा है। आखिर कैसे यह हुआ कि आज इससे समाज का कोई भी वर्ग अछूता नहीं है, मगर अपने ही आने वाले वक्त को देख पाने में नाकाम हो रहा है। इंसान की रोजमर्रा की बदलती जिंदगी के उदाहरण से हर पल रूबरू हैं। जन्म के कुछ माह बाद ही छोटा बच्चा अभी ठीक से कुछ देखने-समझने लायक भी नहीं होता है कि उसके सामने स्मार्टफोन रख दिया जाता है। यहां कहने का मतलब यह है कि अब रिश्तों की जगह मोबाइल ने ले ली है, क्योंकि पहले जहां बड़े-बुजुर्गों का काम था बच्चों की देखभाल और सुरक्षा करना, आज बेटे-बहू तक को इसके लिए वक्त नहीं मिल पा रहा है। बच्चों के लिए जगह नहीं दिख रही है, मगर स्मार्टफोन में इनकी दुनिया बनाई जा रही है। कहा तो यह भी जाना चाहिए कि छोटे बच्चों को समझ नहीं होती, वे अपने बड़ों पर निर्भर होते हैं, इसलिए उनके सामने मोबाइल या कुछ भी रख दिया जाएगा, वे उससे प्रभावित होने लगेंगे। लेकिन हमारे किशोरों, बड़ों की हालत क्या है आज? क्यों अब रिश्तों की जमीन एक मोबाइल में तैयार होने लगी है? ऐसा क्यों है कि तकनीक के विस्तार के युग में जहां लोगों को करीब आना था, वहां वे पहले से ज्यादा दूर हो गए हैं, रिश्तों के दरमियान खाई और भी चौड़ी हो चली है। अब घरों में परिवार के नाम पर कहने को सदस्य तो हैं, लेकिन उनका आपस में मिलना-जुलना कम ही होता है। शाम के समय परिवार के सदस्य साथ होते थे और सब अपनी दिनचर्या का जिक्र करते थे, मगर आज के बदलते परिवेश में मोबाइल ने इंसान के वक्त को अपना गुलाम बना लिया है और लोगों के जज्बात को भी खत्म-सा कर दिया है।

## कुछ अलग

# मौसम की खुराफात

**चर्चा** का विषय यह है कि मौसम ने अपनी रुह से खुराफात शुरू कर दी। सरक रहे मिजाज ने अप्रैल के तेवर धो डाले और अब मई महीने के अगले कुछ दिन भी विराम नहीं। जलवायु परिवर्तन के विरोधी तेवर आसमान से जमीन और प्रकृति से मनुष्य तक सताने लगे हैं। पिछले महीने 63 फीसदी बारिश अगर ज्यादा बरस गई, तो इस उन्माद की बेवफाई से किसान का खेत और बागबान की उम्मीद पर कहर सा बरपा है। समय-समय पर ओलावृष्टि ने फलों की पैदावार को तहस-नहस ही नहीं किया, बल्कि सारी लागत को जख्म दिए हैं। ऋतु चक्र में आ रहे बदलाव को लेकर सारी चिंताएं बागबान-किसान तक सिमट रही हैं। यह वर्ग मौसम का चेहरा पढऩे की जितनी कोशिश कर रहा है, उससे कहीं विपरीत संबंधित विभाग व विश्वविद्यालय अपने पुराने ढर्रे और रूटीन वर्क से आगे ऐसी चुनौतियों का समाधान नहीं खोज रहे। खास तौर पर कृषि क्षेत्र में हिमाचल के हस्तक्षेप इतने पारंगत नहीं कि खेत में पकी फसल को ऐसी आपदाओं से बचा सके। किसान कभी रूठे आसमान से चंद बूंदों की अरदास करता है तो कभी भारी बरसात में खेत में बहती मेहनत को रोकने का प्रयास करता है। आश्चर्य यह कि मौसम के बिगड़े हालात के बावजूद राज्य की नीतियों में किसी रणनीतिक बदलाव की तड़प नहीं दिखाई देती, नतीजतन हर साल उभरते जख्मों के जखीरे पर कृषि उत्पादों की मायूसी बरकरार होने लगी है। हिमाचल में इस समय निचले क्षेत्रों में तबाही का आलम किसान के खेत से घर तक इसलिए भी है क्योंकि गेहूं का पूरा थ्रैशिंग सीजन मौसम की ऊहापोह में गुजर गया। ऐसे में वैज्ञानिक दृष्टि से समुचित हल की दिशा में प्रदेश के कृषि व बागबानी विश्वविद्यालयों को आगे बढऩा होगा। क्रॉप पैटर्न बदलने का दबाव एक सीमा तक किसान को समझ आता है, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टि को प्रयोगशाला से खेत तक पहुंचाने की जिम्मेदारी में विभागीय प्राथमिकताएं बदलनी होंगी। मौसम की चुनौतियों के बीच मसला केवल खेती-बागबानी का नहीं, बल्कि जीवन शैली के उतार-चढ़ाव का भी है। शिक्षा क्षेत्र में स्कूली पढ़ाई के साथ नत्थी उस कैलेंडर का भी है, जिसके तहत वार्षिक अवकाश के तर्क अमूमन छात्रों के लिए प्रतिकूलता पैदा कर रहे हैं। जिस तरह सर्द ऋतु का विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए जीवन शैली में भी परिवर्तन लाने की चुनौती है। मौसम ने बाजार और व्यापार का आधार बदला है, तो उपभोक्ता मांग में बढ़ती कीमतों की फांस भी लगा दी है। जाहिर है बारिश ने फलोत्पादन के साथ-साथ मौसमी सब्जियों की पैदावार को जिस स्तर पर पहुंचा दिया है, वहां महंगाई का आलम आम आदमी के लिए कष्टदायक है। खास तौर पर असंगठित क्षेत्र के जरिए रोजगार कमा रहे लोगों के लिए मौसम की बेरुखी से नियमित कमाई पर प्रहार हो जाता है। पिछले काफी समय से बारिश और ठंड के प्रकोप ने हिमाचल की दिहाड़ी को ही नहीं, बल्कि विकास के लक्ष्यों पर भी प्रतिकूल असर डाला है। ऐसे में जीवन के हर पहलू में मौसम की खुराफात का आईना हमें भविष्य की चेतावनियां दे रहा है। पर्यावरण से छेड़छाड़ और विकास के नाम पर प्राकृतिक संतुलन के प्रति बरती जा रही कोताही का ही नतीजा है कि घर और घराट दोनों ही अपनी परंपराएं भूल कर, बर्बादी के अध्याय लिख रहे हैं। हो सकता है आगे चलकर मौसम कुछ समय गर्मी को दे दे या आगामी वर्षा ऋतु का चक्र भी उजाड़ दे, लेकिन इन अनिश्चितताओं के बीच यह राष्ट्रीय चिंतन व चिंता का विषय है कि बिगड़ते मौसम के कारणों पर गभीरता से विचार किया जाए और यथासंभव ऐसे विनाश की परछाइयों से बचने के उपायों पर अनुशासित ढंग से चला जाए।

## देश दुनीया से

# बुद्धिराम की बुद्धुत्व निर्माण यात्रा

**मित्रो!** ऐसा नहीं कि मैं बुद्धिराम सुपुत्र श्री बुद्धिप्रकाश अपने आरंभ से ही बुद्धुराम था। विवाह के बाद ही मैं भी बुद्धिराम से दूसरे बुद्धिरामों की तरह बुद्धुराम बना। विवाह पूर्व पूरा का पूरा, सिर से पांव तक इनकी उनकी सबकी नजरों में मैं बुद्धिराम ही था सोलह आने। इस मायागति ने मुझ बुद्धिराम से बुद्धुराम बना बुद्धुत्व की ऐसी निर्माण यात्रा करवाई कि**...**। और आज बुद्धुत्व धारण किए जो कुछ भी हूं, आपके सामने हूं। मोतीचूर का लड्डू खाते ही मुझे मेरी मतिचूर ने बुद्धुत्व प्राप्ति के मार्ग पर चलाते हुए मेरी गुरु बन मेरा मार्ग निदेशन करते मुझे बुद्धुत्व प्राप्ति का उपदेश देते डोली से उतरते ही कहा कि- हे अब मेरे और केवल मेरे सात जन्मों के प्यारे पति बीआर जी! अब वह समय आ गया है कि तुम बीआर की अपनी पुरानी इमेज तोड़ बुद्धुत्व के मार्ग पर मेरे साक कदम धरो। विवाह से पहले चाहे कोई कितना ही बड़ा बुद्धिराम क्यों न रहा हो। अतः अब बुद्धुत्व के मार्ग पर पहला कदम धरते अपने परिवार से पूरी तरह अलग होकर केवल अपनी डार्लिंग मतिचूर के बारे में सोचो। घरवालों के बारे में सोचोगे तो मेरी ओर से परेशान रहोगे। मेरे बारे में सोचोगे तो घरवालों की ओर से परेशान रहोगे। दुविधा में रहोगे तो न मैं मिलूंगी, न घरवाले। मेरी ओर से परेशान रहोगे तो तुम्हारी परेशानी तुम्हें तुम्हारे बुद्धुत्व होने में बाधा खड़ी करेगी। उनकी ओर से परेशान रहोगे तो तुम्हारी परेशानी तुम्हें बुद्धिराम होने में बाधा खड़ी करेगी। इसलिए अब यह हंडरेड प्रतिशत मानकर चलो कि अब मेरे साथ रहने, मेरे कहने में ही बुद्धिराम की बुद्धुत्व की निर्विघ्न निर्माण यात्रा शुरू होती है। मुझे धारण करने के बाद भी जो तुम हे मेरे बीआर! दो नावों की सवारी पूरी तरह निषेध। ऐसे निर्वाणियों को न बीवी मिलती है, न घरवाले। दुविधा बुद्धुत्व की निर्माण यात्रा में सबसे बड़ी बाधा है। अतः विवाह करने के बाद भी जो तुम अपने पुराने परिवार के साथ ही रहे तो मेरा तनिक भी भौतिक विकास नहीं होगा। मुझे राज्य, धन, ऐश्वर्य प्राप्त कराने हैं तो अपने परिवार को त्याग दो, निश्चय बुद्धुत्व की प्राप्ति होगी। विवाह के बाद से तुम्हारे जीवन का लक्ष्य परिवार, नाती, रिश्ते नहीं। मैं और मेरे मां बाप ही अब तुम्हारे सगे हैं। संसार की सारी वस्तुएं केवल और केवल तुम्हारे थ्रू मेरे लिए हैं। इन पर केवल और केवल पहले मेरा अधिकार है। उसके बाद जो कुछ बचा तो उस पर तुम्हारा। मतिचूर चाहे तो इन वस्तुओं पर अधिकार वह अपने माता पिता को तो दे सकती है पर वह तुम्हारे माता पिता को इन वस्तुओं पर कोई अधिकार नहीं दे सकती। मतिचूर से तुम्हारा विवाह कराके वे इन वस्तुओं पर से अपना अधिकार इस जन्म में तो खो ही चुके हैं। अब तो मैं ही तुम्हारा आहार, विचार, संस्कार, परिष्कार सब कुछ तय करूंगी ताकि तुम्हें जल्दी से जल्दी बुद्धुत्व प्राप्त हो सके। इसलिए जो तुम बुद्धिराम रहते बुद्धुत्व प्राप्त करना चाहते हो तो जैसा मैं कहती हूं, वैसे ही करते चलो। मेरे बताए मार्ग पर चलने पर तुम्हें बुद्धुत्व की प्राप्ति अति शीघ्र होगी। सिद्धार्थ की तरह तुम्हें तब एक भी सांसारिक वस्तु को त्यागने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बल्कि तुम बुद्धुत्व की यात्रा पर निकले तब हर सांसारिक वस्तु मुझे प्राप्त करवाने को व्यग्र हो उठोगे। तब तुम्हें शहर छोड़ जंगलों में नहीं भटकना पड़ेगा। **...**अब मेरे प्रयास से संभव हुआ तो ईएमआई पर लिए फ्लैट, कार, मेरे भोग विलास की आइटमों की कभी इधर से तो कभी उधर से उधार लेते मासिक इंस्टाल्मेंट्स देते देते तुम्हें शीघ्र ही बुद्धुत्व प्राप्त हो जाएगा।

> विवाह से पहले चाहे कोई कितना ही बड़ा बुद्धिराम क्यों न रहा हो। अत: अब बुद्धुत्व के मार्ग पर पहला कदम धरते अपने परिवार से पूरी तरह अलग होकर केवल अपनी डार्लिंग मतिचूर के बारे में सोचो। घरवालों के बारे में सोचोगे तो मेरी ओर से परेशान रहोगे। मेरे बारे में सोचोगे तो घरवालों की ओर से परेशान रहोगे। दुविधा में रहोगे तो न मैं मिलूंगी, न घरवाले। मेरी ओर से परेशान रहोगे तो तुम्हारी परेशानी तुम्हें तुम्हारे बुद्धुत्व होने में बाधा खड़ी करेगी। उनकी ओर से परेशान रहोगे तो तुम्हारी परेशानी तुम्हें बुद्धिराम होने में बाधा खड़ी करेगी। इसलिए अब यह हंडरेड प्रतिशत मानकर चलो कि अब मेरे साथ रहने, मेरे कहने में ही बुद्धिराम की बुद्धुत्व की निर्विघ्न निर्माण यात्रा शुरू होती है।

# 15 मई से 4 जून तक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 231 वां इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाइफ लाइन प्रोजेक्ट के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 15 मई से 4जून तक आयोजित कि जायेगी। इसी कार्यक्रम को लेकर सीएचसी लातेहार के सभागार में सहिया एवं सहिया साथी के साथ बैठक आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता बीटीटी उमानाथ सिंह ने किया। बैठक में सभी सहिया सहिया साथी को विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे लोगों के घर में जाकर सर्वे करने के बाद उनका लिस्ट तैयार करने को कहा उन्होंने बताया कि इस शिविर में आंख की जांच, मोतियाबिंद की सर्जरी, कान की जांच, मुड़े हुए पैर की सर्जरी, कटे फटे होंठ की जांच और सर्जरी, दांतों की जांच और उपचार, स्त्री स्तन एवं ग्रीवा कैंसर को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने ने बताया कि ओपीडी का समय सुबह 9:00 से 4:00 बजे शाम तक रहेगा जहां पर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों का इलाज संभव हो पायेगा। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सिर्फ ओपीडी होगा वहीं सर्जरी की सारी प्रक्रिया टोरी रेलवे स्टेशन में लगे लाइफ लाइन एक्सप्रेस में किया जायेगा। अपने अपने क्षेत्रों के मरीजों को जिन्हें कैंप में दिखलाना है उन्हें अपने साथ में आधार कार्ड और पहचान पत्र लाने की अनिवार्यता के बारे में सहिया एवं सहिया साथी को जानकारी देने की बात कही गई है। आज के बैठक में मौके पर एसटीटी बंधु उरांव, बीटीटी उमानाथ सिंह, सहिया गीता देवी, सुनिता कुजूर, रूपन्ती देवी , बबीता पांडेय, सावित्री देवी, सोहबती देवी, सावित्री देवी, राधा देवी, जेयन्ती देवी सहित अन्य सहिया साथी मौजूद रहे।

## लाभूक के बिना जानकारी के पीएम आवास का पैसा का निकासी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के शासंग पंचायत के ग्राम शासंग तुरी टोला में बिना लाभुक के जनकारी के पीएम आवास का पैसा निकालने के संबंध में ग्रामीणों ने पंचायत समिति नसबुलेन आलम को लिखित आवेदन देकर पैसा रिकवरी कराने की मांग की गई ।भोला तुरी गजेंद्र तुरी लिलकु तुरी विनोद तुरी दिलीप तुरी शोभा देवी गजेंद्र तुरी ऐसे बहुत सारे लाभुक हैं जिनका पैसा निकासी पीएम आवास का कर लिया गया है पंचायत समिति नसबुलेन आलम ने कहा इस तरह का घटना पंचायत में बहुत ही शर्मनाक है ऐसे करने वाले बिचौलियों का जांच कर इन लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और इस बात का जनकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी जिला उपायुक्त महोदय तक देकर इस समस्या को रखूंगा वहीं नसबुलेन आलम ने यह भी कहा की वर्ष 22 23 का मनरेगा से संबंधित जितने भी योजना पंचायत शासग में किए गए हैं सभी योजनाओं का उच्च स्तरीय जांच कर जो बिना काम किए पैसा का निकासी किया गया है वैसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रखंड कार्यालय से लेकर के जिला कार्यालय तक बात रखेंगे और जितना जल्दी से जल्दी हो सकेगा पीएम आवास का पैसा बिचौलिया के द्वारा जो निकाला गया है उसका रीकवरी कराऊंगा।

## मगध कोल परियोजना के कोयले के ढेर में लगी भीषण आग, करोड़ों रुपए का कोयला धू-धूकर जल कर राख



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मगध कोल परियोजना से उत्पादन कर कोयले की भंडारण में आग लगी है।आग के कारण लगभग हजारों टन कोयला जल कर राख हो जा रहा है मालूम हो सीसीएल प्रबंधन इन दिनों कोयले के उत्पादन में जोर-शोर से लगा हुआ है, जबकि कोयले की डिस्पैच का अनुपात गिरा हुआ है। डिस्पैच कम होने के कारण कोयले के ढेर में लगी आग भी बुझाने में सीसीएल प्रबंधन कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। मगध के देवलगड्डा स्थित 9 नंबर काटा के समीक्ष कोयले का विशाल भंडारण है। इस ढेर में आग लगा गई है। सीसीएल के अधिकारी अपनी वाहवाही और इंसेंटिव के चक्कर में उत्पादन पर उत्पादन करते जा रहे हैं और डिस्पैच के लिए कोई गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया की देवलगड्डा के आदिवासियों के जमीन पर बेगैर नोकरी मुआवजा दिए निकाला गया कोयला है।इस मामले को लेकर मगध कोल परियोजना के जीएम केके सिन्हा से संवाददाता के द्वारा संपर्क साधने की कोशिश किया लेकिन उन्होंने संपर्क करना मुनासिब नहीं समझा। कोयले में आग लगने से सरकार को करोड़ों रुपए का चुना लगाया जा रहा है।

## शादी समारोह में शामिल हुए पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल, दी बधाई

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा के पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल शुक्रवार को सिमरिया पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने समर्थकों से मुलाकात की तथा कई शादी समारोह में शामिल हुए। उन्होंने प्रखंड के बानासाड़ी में पूर्व मुखिया करम साहू के पुत्र के शादी समारोह में शामिल हुए और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने खपीया के सुरेश साहू की पुत्री के शादी समारोह में भी शामिल हुए और आशीष दिया। पूर्व सांसद जबड़ा में आयोजित लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के ध्वजारोहण समारोह में भी शामिल हुए और मंदिर समिति के सदस्यों से मुलाकात की। सांसद लमटा पहुंचकर पूर्व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। पूर्व सांसद बारियातू भी पहुंचे जहां पूर्व विधायक प्रकाश राम की माता के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। इसके अलावा उन्होंने हेरहंज पहुंचकर कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध जनों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने बताया कि चतरा की पावन भूमि से उन्हें काफी लगाव है। यहां के लोगों से उन्हें असीम स्नेह मिला है। मैं हमेशा इस धरती से जुड़ा रहना चाहता हूं और अंतिम समय तक यहां के निवासियों की सेवा करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही एक लंबा कार्यक्रम बनाकर मैं यहां आऊंगा और अपने सभी कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत मुलाकात करूंगा।

# उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति व अनुकम्पा समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकम्पा समिति की बैठक की गई। जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 11 मामलों को रखा गया। बैठक में उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों को एक-एक कर आवश्यक दस्तावेजों का जांच किया। दस्तावेजों में शामिल आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की गहन जांच कर पर्याप्त कागजातों वाले दो आवेदक जिनका दस्तावेज सही पाया गया है। उन दो आवेदकों को अनुकंपा के आधार पर जल्द नियुक्ति पत्र देने समेत अन्य निर्देश दिए। साथ ही शेष आवेदक जिनके दस्तावेज में कमी पाई गई है उसको पूर्ण करते हुए अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया।बताते चले की मयूरहंड प्रखंड के मृत्य सरकारी कर्मी के आश्रित पुत्र रोहित कुमार गिरी एवं अंचल टंडवा के मृत्य सरकारी कर्मी के आश्रित पुत्र रौशन कुमार को चतुर्थ वर्ग के लिए अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति का लाभ दिया गया।स्थापना की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों का पदस्थापन, स्थानांतरण नहीं किया गया है। वैसे लिपिक संवर्ग के कर्मियों को आवश्यकता को देखते हुए नियमानुसार पदस्थापन, स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति शीघ्र करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, स्थापना पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# जिले के सभी आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य केन्द्रों में एनेमिया की जांच आठ मई से बीस मई तक चलेगा विशेष अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार चतरा जिलान्तर्गत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष अभियान के तहत 08 मई से 20 मई तक एनेमिया जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारीयों को उपायुक्त अबु इमरान द्वारा निर्देशित किया गया कि विशेष अभियान में अपने-अपने प्रखण्ड क्षेत्रान्तर्गत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष अभियान के तहत रोस्टर अनुसार एनेमिया से ग्रसित मरीजों का जांच कराएंगे। साथ ही एनेमिया से ग्रसित मरीजों की पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय सलाह के साथ साथ दवा भी उपलब्ध करायेगें।उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अपने अपने नजदीकी जांच केंद्रों में जाकर अपने एनिमिक होने की जांच करवाएं।शरीर मे खून की कमी होने से विभिन्न रोग होते हैं। समय रहते इसका समुचित इलाज किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले के आमजन चतरा को एनीमिया मुक्त करने की अभियान से जुड़ें। साथ ही न सिर्फ सरकारी कर्मियों की जिम्मेवारी है कि वे एनिमिक लोगों को जाँच केंद्रों तक लाएं बल्कि समाज के जागरूक लोग भी इस मुहिम से जुड़े और लोगों को एनिमिया की जांच के लिए प्रेरित करें।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र के प्रखंड प्रमुख से कराना सुनिश्चित करें और एनेमिया जांच कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाए।

## विधायक का बड़ा बयान पब्लिक सड़क से कोल वाहन नहीं चलेगी



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास का आया बड़ा बयान आया है।टंडवा प्रखंड में किसी भी सूरत पर पब्लिक रोड में नहीं होगी कोयले की ट्रांसपोर्टिंग। अगर सीसीएल या कोई भी कम्पनी कोयला ढुलाई पब्लिक सड़क से करेगा तो होगी आंदोलन।

# कोल परियोजना द्वारा किसानों पर फर्जी मुकदमा करने को लेकर फूंका पुतला




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** आम्रपाली कोल परियोजना के विस्तारीकरण को लेकर फर्जी तरीके से लगाया गया सेक्सन 4,9,11,12 के विरुद्ध में सेरंगदाग गांव के ग्रामीणों ने आम्रपाली प्रबंधन के विरुद्ध फुका पुतला। प्रबंधन के खिलाफ जुलूस निकाल कर फर्जी तरीके से जमीन लूटने का लगाया नारा। प्रबंधन के दलालों व गुर्गे को गांव के भोली भाली गामीणों को भर्मित कर दलाली करने वाले को भी दी चेतावनी। सेरनदाग गांव को कोल बेयरिंग एक्ट से फर्जी सेक्शन से मुक्त करने मांग किया।

# मारपीट में दादा पोता घायल, रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के एदला गांव में शुक्रवार को मवेशी द्वारा बागवानी चरा देने को लेकर हुए विवाद में दो पड़ोसियों में जमकर मारपीट हुआ। मारपीट में दादा टेकलाल यादव और पोता विवेक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दादा का प्राथमिक उपचार सिमरिया अस्पताल में करने के बाद हजारीबाग रेफर किया गया है। इस बाबत दादा टेकलाल यादव ने सिमरिया थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। अपने आवेदन में उन्होंने कहा है कि पड़ोसी विशाल यादव का मवेशी बागवानी में घुस आया और फसल बर्बाद करने लगा जिसकी शिकायत विशाल से करने के बाद वह आग बबूला हो गया और टांगी से मुझ पर वार कर दिया। फिर उसके परिजन आ गए और सभी ने मिलकर मुझे और मेरे पोते को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट के साथ-साथ उन्होंने घर तोड़ देने और जान से मार देने की धमकी भी दी। पुलिस आवेदन पर मामला दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# पाइप फटने से हजारों लीटर पानी हो रहा है बर्बाद, विभाग उदासीन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नगर परिषद के उदासीन रवैए के कारण हजारों लीटर पीने का पानी रोजाना बर्बाद हो रहा है। एक तरफ आम लोग पानी के लिए परेशान है। वही विभाग के लापरवाही से रोजाना हजारों लीटर पानी सड़क पर बेमतलब बह रहा है। शहर के कचहरी मोड़ के ठीक सामने पाइप फटने से पिछले 15 दिनो से पानी का तेज बहाव हो रहा है जिसके काफी मात्रा में पेयजल की पानी बर्बाद हो रहा है। इसे लेकर विभाग द्वारा अभी तक कोई करवाई नहीं की जा रही है। लगातार पानी के बहाव से सड़क पर कीचड़ का बहाव हो रहा है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## पूर्व नक्सली वासुदेव उर्फ गोपाल गंझू के पुत्र सकलदीप का शव कुएं में मिला



**हेरहंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड छेत्र के बीदीर ग्राम में गुरुवार को घटाना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी कुआं में मिला सकलदीप गांझू 25की हत्या बुधवार की रात्रि में अज्ञात लोगों के द्वारा कर घर के पास कुआं में डालने का प्रतित किया गया मृतक के पिता वासुदेव गांझु ने बताया कि सकलदीप बुधवार की रात्रि में गांव के सादी घर में गया था और एक बजे तक वहां पर उपस्थित था इसके बाद गुरुवार के घर नहीं आने पर हम घर वालो के द्वारा खोज किया जाने लगा तो बगल के कुआं में शव पड़ा मिला इसके बाद तुरंत हेरहंज को थाना को सुचना दी गई सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर शशि रंजन सदल बल के साथ प हुचकर घटना की पूरी जानकारी ली

# कोल वाहन से दंपति की मौत के बाद आंदोलनकारियों ने दूसरे दिन कोल ट्रांसपोर्टिंग कार्य कराया ठप, जीएम अमरेश सिंह को इस मामले से कोई फर्क नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** विगत मंगलवार रात्रि कोल वाहन के चपेट में आए बड़गांव निवासी राजकुमार उरांव एवं उनकी पत्नी की मौत के बाद आंदोलनकारियों द्वारा मुआवजा नीति समेत एवं अन्य मांगों को लेकर कोल ट्रांसपोर्टिंग को भी बंद रखा।इस दौरान असनातरी से लेकर ब्लॉक तक लगभग पांच किलोमीटर की सड़को पर हाइवा एवं सैकड़ों ट्रकों की लंबी लाइन लगी रही। दिवंगत मृतक के परिजनों को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता समेत अन्य मांगों के लेकर तिलेश्वर साव,सुभान अंसारी, प्रमुख पति अरुण उरांव, मोहन उरांव, उपेंद्र पांडे, रामू मिंज के नेतृत्व में बसरिया में कोल वाहन के परिचालन के पूरी तरह किया ठप।इस धरना प्रदर्शन में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास,मनोज चंद्रा समेत सभी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हुवे एकजुट दिखाई दिए।बताया गया की मांगे पूरी होने तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगी। मौके पर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, जिप सदस्य सुभाष यादव, मुखिया विश्वजीत उरांव, उप प्रमुख जितेन्द्र सिंह, समाजसेवी सुभान अंसारी, पुर्व पंचायत समिति सदस्य तिलेश्वर साव, मनोज चंद्रा, रंजीत कुमार गुप्ता, राजमणि सिंह, रामू मिंज, मंजूर आलम, शशि चौरसिया, उपेंद्र पांडे,गोविंद तिवारी, पुर्व प्रमुख सुनीता देवी, मुखिया महेश मुंडा, विकास पांडे, मोहन उरांव, सुरेश महतो, नारायण महतो समेत सभी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। **क्या कहते हैं आम्रपाली कोल परियोजना के जीएम अमरेश सिंह :** बसरिया मोड़ में कोल ट्रांसपोर्टिंग ठप मामले को लेकर संवाददाता के द्वारा पूछे जाने पर कहा मुझे इससे कोई फर्क पड़ने वाला नही है।आगे कहा हमारा कोयला शिवपुर रेलवे साइडिंग जा रहा है। मुझे बंदी से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। इन्होंने इस मामले पर अपना हाथ खींचने में सफल नजर आ रहे हैं। **क्या कहते है धरना प्रदर्शन कर रहे तिलेश्वर साव :** मुआवजा नीति आंदोलन को धारदार बनाने के लिये तिलेश्वर साव ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख, मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य तथा प्रखंड के सभी राजनीतिक दल के नेताओ की एक बैठक धरना स्थल पर आहूत की है।तिलेश्वर ने सभी को बैठक मे भाग लेने के लिये आमंत्रित किया है।

# उपायुक्त चतरा ने जिले के पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल के कार्यों की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिले भर के प्रखंड क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति को सुचारू रूप से चलाने हेतु अधिष्ठापित चापानल, जल मीनार के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता को सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर मरम्मती कार्य करने हेतु क्षेत्र के मुखिया के साथ बैठक करने का निर्देश दिया।उपायुक्त के निदेशानुसार जिले के सभी मुखिया अब 15 वें वित्त के टाईड फंड से पेयजल से संबंधित कार्य कर सकेंगे।सभी मुखिया अपने क्षेत्र के पंचायत भवन में चापाकल मरम्मती के लिए पाइप क्रय कर रखना सुनिश्चित करेंगे साथ ही इस संबंध में तकनीकी जानकारी वे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से प्राप्त कर सकते हैं। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के कुछ क्षेत्रों में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण चापानल से पानी नहीं निकल रहा है उस कारण पेयजलापूर्ति की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने कहा कि लोगों को पेयजल और वर्षाजल को संरक्षित के लिए आमलोगों को प्रेरित करें। साथ ही पेयजलापूर्ति करने हेतु कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने प्रखंड क्षेत्र में खराब पड़े चापानल एवं जल मीनार मरम्मती कार्य को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को मुखिया से खराब चापानल, जलमिनार की सूची प्राप्त करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा मुखिया के साथ समन्वय स्थापित करते हुए खराब चापानल, जलमीनार का मरम्मती कार्य जल्द से जल्द कराएं।कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद से हेरू डेम चतरा में शहरी जलापूर्ति हेतु चल रहे गहरीकरण कार्य के भी प्रगति की जानकारी ली गई।उक्त बैठक में पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, पेयजल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद का सीआईएल चेयरमैन पद पर चयन



**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी एंपलाई कोऑर्डिनेशन काउंसिल ने शुक्रवार को सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद से सीसीएल रांची मुख्यालय में मुलाकात कर कोल इंडिया चेयरमैन पद चयन के लिए स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दिया। अवसर पर काउंसिल के सदस्यों ने कहां कि सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद के कार्यकाल के दौरान विभिन्न कोयला कंपनियों में रहते हुए कंपनी हित में बेहतर उत्पादन और भविष्य निर्माण के कार्य हुए हैं। इससे आगे कोल इंडिया चेयरमैन बनने के बाद काफी फायदा सभी कंपनियों को पहुंचेगा। मौके पर काउंसिल के महामंत्री बृज किशोर पासवान, अरगड्डा क्षेत्र के शांता पासवान, नईसराय से तेजू रविदास समेत विभिन्न कोलियरीयो से काउंसिल सदस्य शामिल थे।

### बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओशोधारा ध्यान केन्द्र , शास्त्री नगर , रामगढ़ कैंट द्वारा आयोजित बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन का शुभारंभ परम गुरु ओशो , भगवान गौतम बुद्ध एवं समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी की मनोहारी छवि के समक्ष स्थविर आचार्य उदित जी तथा आगत अतिथियों व ओशो साधकों के द्वारा दीप , धूप , गंध , पुष्पार्पण एवं गुरुवंदना के साथ हुआ। ध्यान सत्र के क्रम में एक ओर जहां वाई ई आचार्य अशोक कुमार गुप्ता जी ने प्रार्थना ध्यान के द्वारा नव प्रेरितों को दिव्यानंद की अनुभूतियों से साक्षात्कार कराया। वहीं दूसरी ओर सिद्ध साधकों ने अनूठे आह्लाद का अनुभव किया। गौतम बुद्ध के जीवन-चरित्र से जुड़े प्रेरक प्रसंगों का भी उन्होंने रसास्वादन कराया। अभिव्यक्तियों के क्रम मे नीरज पाठक , यशराज पाठक , सीताराम प्रसाद , चंदेश्वर प्रसाद , शिवशंकर साह सहित अन्य ने भी महात्मा बुद्ध पर अपने बहुमूल्य विचार आध्यात्मिक सभा में रखे। अपनी स्वर्णिम अभिव्यक्ति में आर के पांडेय जी ने ओज , ऊर्जा और आलोक की आभा से वातावरण को परिपूर्ण कर दिया। स्थविर आचार्य उदित जी ने गौतम बुद्ध के जीवनकाल से जुड़े अनछुए पहलुओं के साथ साथ उनके अष्टांगिक मार्ग की सुंदर , सरस और सार्थक व्याख्या से उपस्थित जनमानस को अभिभूत कर दिया। तनाव से मुक्ति , आनंद की प्राप्ति एवं आध्यात्मिक वैभव की उपलब्धि के धरातल पर आज का आयोजन पूर्णतया सफल रहा। आयोजन का संचालन पूर्वी भारत प्रदेश के ओशोधारा प्रेस मीडिया कोआर्डिनेटर स्वामी राज़ रामगढी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पारसनाथ प्रसाद , कैलाश चंद्र साह , कृष्णा विश्वकर्मा , माही पाठक , सुमन पाठक , निधि त्रिपाठी , विदुषी मानसाता एवं वैष्णवी मानसाता सहित अन्य ओशो साधक गण तथा श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

### गोबरदरहा में मण्डा पूजा संपन्न

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 27 गोबरदरहा गांव में श्री श्री मण्डा पूजा समिति द्वारा वैशाख पूर्णिमा के दिन आयोजित मण्डा पूजा के शुभ अवसर पर छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद रोशन कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यक्रम का उदघाटन फीता काटकर किये।ततपश्चात बंगाल के पुरुलिया से आये छऊ कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक पौराणिक कथाओं को दिखाया गया।मौके पर मनोज़ कुमार महतो ने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि मंडा पर्व आस्था का बड़ा महापर्व है।आगे कहा कि मंडा पूजा से हमारी संस्कृति व परंपरा जुड़ी है। यह आस्था और भक्ति का प्रतीक है,जलते अंगारों में चलकर लोग अपने अटूट आस्था का परिचय देते हैं,मंडा पूजा कर लोग गांव की खुशहाली और परिवार की समृद्धि की कामना करते हैं। इसके अहले सुबह भोक्ताओं द्वारा दहकते अंगारों में चल कर अपनी भक्ति का परिचय दिये।मौके पर राजेन्द्र महतो,संजय महतो,ग्राम विकास समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार,सचिव देवेंद्र कुमार,कमिटी अध्यक्ष चंद्रशेखर महतो,सचिव निरंजन महतो,कोषाध्यक्ष गणेश महतो,अरुण महतो,मनोज़ कुमार,दिलीप कुमार,राजेश कुमार,अनिल महतो,राजेन्द्र महतो,कृष्णा पांडेय,लालदेव महतो,पवन कुमार,श्याम कुमार,सुनील कुमार,बबलू कुमार,राहुल कुमार,हीरालाल महतो,कौलेश्वर महतो,प्रेमलाल महतो आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# बरही के चतरो गांव में मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही थाना अंतर्गत मलकोको पंचायत के चतरो गांव में पिछले बुधवार हुए मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल हुए बासुदेव पंडित का 31 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार पंडित की मौत गुरुवार की रात्रि में इलाज के दौरान रांची में हो गई। मौत की खबर सुनने के बाद चतरो गांव में मातम के बीच लोगों में आक्रोश का माहौल दिन भर बना रहा। मृतक के परिजन का कहना है कि डायन बिसाही व कुआं का पानी का विवाद को लेकर मारपीट हुई। जिसमें इलाज के दौरान रोहित कुमार पंडित की मौत हो गई। साथ ही मृतक की मां नगिया देवी, पत्नी रिंकू देवी व बहन लक्ष्मी देवी घायल हो गए। इधर शुक्रवार को रांची बरियातू थाना पुलिस द्वारा रांची में मृतक रोहित पंडित के शव का पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया। शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे युवक का शव को परिजनों द्वारा बरही थाना लाया गया। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे। इस दौरान स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला बरही थाना पहुंचे, जहां मृतक के परिजनों, ग्रामीणों एवं डीएसपी नाजिर अख्तर से मामले की जानकारी लिया। उसके बाद बरही विधायक उमाशंकर अकेला मृतक के परिजन व ग्रामीणों के मांग समर्थन करते हुए मृतक रोहित कुमार पंडित के शव के साथ बरही थाना परिसर मे धरना पर बैठ गए। वही समर्थन में झामुमो केंद्रीय सदस्य विनोद विश्वकर्मा भी धरना पर बैठ गए। वहीं आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने व सभी आरोपितों की अभिलंब गिरफ्तारी का मांग कर रहे थे। वहीं अब तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर हल्ला काटते हुए बरही पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे थे। इधर मृतक के गांव में भी दिनभर माहौल गर्म रहा। जिसकी सूचना पर बरही थाने की पुलिस दिनभर चतरो गांव में कैंप करते नजर आया। बरही थाना प्रभारी ललित कुमार भी खुद चतरो गांव में दिनभर तैनात रहकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से बातचीत करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत रहे। चतरो गांव में मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, गुरुदेव गुप्ता, स्थानीय मुखिया विजय यादव समेत कई नेता व ग्रामीणों के बीच बातचीत करते हुए थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि दोषियों का अविलंब गिरफ्तारी किया जाएगा।

**आरोप-प्रत्यारोप में मामला हुआ दर्ज :** मारपीट की घटना के बाद बरही थाना में दोनों पक्षों की ओर से बरही थाना में आवेदन दिया गया था। रोहित कुमार पंडित के आवेदन आधार पर बरही थाना में कांड संख्या 201/23 दर्ज किया गया। जिसमें अपने ही गोतिया सेवा पंडित सहित 9 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से सीताराम पंडित के आवेदन आधार पर बरही थाना कांड संख्या 202/23 दर्ज किया गया। जिसमें रोहित कुमार पंडित सहित चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया।

**मृतक के पिता ने दिया बरियातू थाना पुलिस के समक्ष बयान :** इधर रोहित कुमार पंडित के मौत के बाद उसके पिता वासुदेव पंडित ने रांची के बरियातू थाना पुलिस के समक्ष ब्यान दिया है। जिसमें बताया गया कि पिछले 3 अप्रैल की सुबह करीब 6¬40 बजे मेरे घर में मेरा बेटा रोहित कुमार पंडित को अपना गोतिया में से मेरा चचेरा भाई सेवा पंडित (पिता सोभन पंडित), अनीता देवी (पति सेवा पंडित), राजू पंडित, नरेश पंडित, सीताराम पंडित (तीनों के पिता सेवा पंडित), पूजा देवी (पति राजू पंडित), मनीषा देवी (पति सीताराम पंडित) यह सभी मिलकर एक षड्यंत्र के तहत जान से मारने की नियत से तथा हरवे हथियार से लैस होकर मेरी पत्नी नगिया देवी एवं मेरा बेटा रोहित कुमार पंडित को डायन बिसाही का आरोप लगाकर व घर के पास कुआं का पानी का विवाद को लेकर मेरा बेटा मेरी पत्नी और मेरी बहू रिंकू देवी व मेरी बेटी लक्ष्मी देवी को लाठी डंडा से मारा गया। जिससे सभी जख्मी हो गए। सभी को इलाज के लिए बरही सरकारी अस्पताल लाया गया। वही बेटा रोहित कुमार, पत्नी नगिया देवी व बहू रिंकू देवी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। उसके बाद इलाज को सभी को रांची के हेल्थपॉइंट ले गए। रोहित कुमार को बेहतर इलाज के लिए पिछले 4 अप्रैल को संध्या समय वहां से रिम्स ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पत्नी और बहू को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

**क्या कहते हैं डीएसपी और थाना प्रभारी :** डीएसपी नाजिर अख्तर ने कहा कि मामले के हर बिंदु पर गहन छानबीन की जा रही है किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मामला डायन बिसाही का है या कुएं में पानी से विवाद को लेकर है जांच के बाद ही उजागर हो पाएगा। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना जिस दिन हुई उस दिन वे बरही थाना में नहीं थे। दोनों पक्षों के दिए गए आवेदन के आधार पर अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज किया गया है। रोहित कुमार पंडित के हत्या मामले के बाद आरोपितों की धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है। हालांकि खबर लिखे जाने तक बरही विधायक उमाशंकर अकेला धरना पर बैठे थे और एक भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी।

## जेएसपी समर्थित श्रीमंत झा ने एशियाई पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के समर्थन से देश के अनुभवी पैरा-आर्म रेसलर श्रीमंत झा ने अपने खाते में एक और पदक जोड़ लिया है। श्रीमंत झा ने संयुक्त अरब अमीरात के अजमान में आयोजित एशियाई पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में पीआईयू स्टैंडिंग 90 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। श्रीमंत झा ने प्रभावशाली मुकाबले में कजाकिस्तान के निकिता चेबाकोव को हराया।पदक विजेता श्रीमंत ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, ÷मैं जिन्दल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिन्दल का आभारी हूं, जिन्होंने मेरी क्षमता पर विश्वास किया और सभी बड़े टूर्नामेंटों में मुझे प्रोत्साहित और समर्थन दिया। यह मेरे लिए विशेष जीत है क्योंकि यह एक साल के अंतराल के बाद मिली है। अब मैं आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करूंगा और निश्चित रूप से जेएसपी और भारत को फिर से गौरवान्वित करने की कोशिश करूंगा।÷ श्रीमंत झा दुनिया के नंबर-3 और एशिया के नंबर-1 पैरा-आर्म रेसलर हैं। उन्होंने अब तक 41 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मध्य विद्यालय फुसरी के विद्यार्थियों ने रैली निकाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** शुक्रवार को चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय फुसरी के विद्यार्थियों ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली का शुभारंभ विद्यालय परिसर से मुख्य पथ से होते हुए 44 कॉलोनी, सिंघाड़ा टोला होते हुए पुन¬ विद्यालय परिसर आकर समाप्त किया गया।रैली का नेतृत्व मुखिया देवकी महतो कर रहे थे। इस दौरान बच्चों ने ग्रामीणों को अपने आसपास गंदगी नहीं फैलने देने के लिए प्रेरित किया। इससे गंभीर बीमारियों को पनपने से रोका जा सकता है। रैली के दौरान बच्चों ने हम सब का यही है सपना स्वच्छ भारत हो अपना, खूबसूरत होगा देश का हर छोर क्योंकि सफाई करेंगे हर ओर आदि नारे लगाते देखे गए।इस दौरान आसपास के ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही जल संचयन एवं पौधारोपण के लिए भी लोगों को प्रेरित किया गया। बच्चों ने जल संकट पर भी नारे लगाए। मौके पर उप मुखिया शिवचंद मुर्मू, वार्ड सदस्य अब्दुल्लाह, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# महिला कार्यकर्ताओं की सक्रियता बनेगी भाजपा के जीत का आधार : मनीष जायसवाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक में विधानसभा चुनाव -2023 का प्रचार गर्मजोशी से चल रहा है। यहां आगामी 10 मई को मतदान है और उसके बाद 13 मई को चुनाव परिणाम जारी किया जाएगा। विधायक मनीष जायसवाल भारतीय जनता पार्टी सिर्फ नेतृत्व के निर्देश पर बैंगलोर के यशवंतपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के संगठनात्मक चुनाव प्रभारी का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। कर्नाटक जिसकी कला, संस्कृति, भाषा अलग होने के बावजूद विधायक मनीष जायसवाल शुरूआत दिनों से ही यहां के कार्यकर्ताओं के चहेते बन कर उनके बीच चुनावी माहौल और रणनीति बनाने का सकारात्मक भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में कर रहे हैं। मनीष जायसवाल बताते हैं की लड़कों की मशीनों के तरीके बूथ स्तर की संगठनात्मक मजबूती कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा के जीत का आधार बनेगी। मनीष जायसवाल बताते हैं कि यहां बहुत स्तर पर जिस प्रकार संगठन के कार्यकर्ता संगठनात्मक कार्यों में पूरी शिद्दत के साथ जोड़ते हैं वह अतुलनीय है।

वे मानते हैं कि यहां संघे शक्ति कलियुगे पूरी तरह चरितार्थ होती है। भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं में अनुशासन सर्वोपरि माना जाता है और पूरी तरह अनुशासित होकर यहां के बूथ स्तर के भाजपा कार्यकर्ता भी संगठन के निर्देश और संगठनात्मक प्रभारियों के दिशा निर्देश को लक्ष्मण रेखा मानकर कार्य करते हैं।

यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता.. नारियों के प्रति भारतीय सम्मान का परिचय देते हुए भाजपा कार्यकर्ता यहां संगठन के हर एक दायित्व पर महिलाओं को विशेष स्थान देते हैं और यही कारण है की मातृशक्ति भी संगठनात्मक कार्यो के साथ भाजपा के पक्ष में अपना पूरा जोर लगा रही है। कर्नाटक में भाजपा संगठन में महिलाओं की उपस्थिति प्रदेश कमेटी से लेकर बूथ कमेटी तक मजबूती से दिखती है। शहरी क्षेत्र में रोड शो के दौरान यहां करीब सवा लाख रुपैया के एक माला का जिक्र करते हुए विधायक मनीष जायसवाल बताते हैं कि यहां के लिए यहां कॉमन है। जिसे क्रेन के द्वारा उठाया जाता है। सैकड़ों केजी सेव, नारंगी,अनारस और नारियल जैसे फलों से निर्मित विशाल माला पहनाकर यहां आगंतुक प्रतिष्ठित नेताओं का स्वागत किया जाता है। स्वागत का यह दृश्य बेहद ही अद्भुत और मनमोहक होता है। विधायक मनीष जायसवाल बताते हैं कि कर्नाटक चुनाव में भाजपा के प्रति गजब का लहर दिख रहा है और यहां की जनता ने एक बार फिर भाजपा सरकार बनाने का मन बना लिया है।

### श्रीनिवास पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में होगा स्कॉलरशिप प्रोग्राम

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेन्टल साइंसेस एंड हॉस्पिटल परिसर में स्थित श्रीनिवास इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस में स्कॉलरशिप प्रोग्राम आगामी 28 मई 2023 को होगा। इस प्रोग्राम के तहत सबसे अधिक अंक लाकर उत्तीर्ण हुए 25 विद्यार्थीयों को मुफ्त पारामेडिकल की शिक्षा दिया जायेगा। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा प्रायोजित है। यह कार्यक्रम खास तौर पर उन विद्यार्थीयों के लिए है। 2023-25 पारामेडिकल कोर्स में दाखिला लेने के लिए आकांक्षी है। परिक्षा की तिथि आगामी 28 मई 2023 को निर्धारित किया गया है। परीक्षा डेमोटांड स्थित हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेन्टल साइंसेस एंड हॉस्पिटल में ही विधार्थियो को लिया जायेगा। विधार्थी 12वीं की परीक्षा में साइंस विषय से उत्तीर्ण होने चाहिए। यह परिक्षा ऑफलाइन होगी। मुफ्त पारामेडिकल शिक्षा में कोर्स दो वर्षो के लिए डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीशियन डीएमएलटी, दो वर्षो के लिए डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन, दो वर्षो के लिए डिप्लोमा इन ओफ्थाल्मिक टेक्नीशियन, दो वर्षो के लिए डिप्लोमा इन ओ.टी. टेक्नीशियन एवं एक वर्ष के लिए सर्टिफिकेट इन ड्रेसर की शिक्षा दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए 06546233409, 9431728743 संपर्क करें। श्रीनिवास इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिक्षा हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। कई बार ऐसा देखा जाता है कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण गरीब बच्चे पारामेडिकल की पढाई पुरी नही कर पाते हैं। पुर्व की तरह हमारे इस संस्थान में आगामी 28 मई को स्कॉलरशिप कार्यक्रम आयोजित की गई है। स्कॉलरशिप कार्यक्रम में अधिक अंक लाने वाले 25 विधार्थियो को पारामेडिकल की मुफ्त शिक्षा देने का कार्य किया जायेगा। तेजतर्रार विधार्थियो को मुफ्त पारामेडिकल की पढाई लिखाई में सहुलियत मिलेगी। आसानी से अपनी लक्ष्य की प्राप्ति की ओर आगे बढ पाएंगे। कुछ बनकर चिकित्सीय जगत में अपना अमुल्य योगदान देंगे।

## बिनोद विश्वकर्मा ने सांस्कृतिक एवं भक्ति जागरण मंच का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** चौपारण प्रखण्ड के बसरिया एन वाई एस के प्रांगण में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पूणाहूर्ति संध्या आयोजित सांस्कृतिक एवं भक्ति जागरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखण्ड आंदोलनकारी सह झामुमो प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र के बिनोद विश्वकर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पूर्व यज्ञ समिति एवं बसरिया मुखिया मंजू देवी के द्वारा बिनोद विश्वकर्मा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विश्वकर्मा ने कहा कि यज्ञ एवं भक्ति जागरण कार्यक्रमों से क्षेत्र में वातावरण तो शुद्ध होता ही है साथ ही तमाम श्रद्धालुओं का मन मस्तिष्क भी पवित्र एवं शुद्ध होता है। वही श्री विश्वकर्मा ने कामना किया कि बसरिया पंचायत पर भगवान शिव जी का कृपा सदैव बनी रहे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि मुखिया मंजू देवी जिला परिषद प्रतिनिधि सुधीर कौशल अर्जुन साव को यज्ञ समिति के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । मौके पर यज्ञ समिति अध्यक्ष लालजीत राणा सचिव किशोरी प्रसाद केसरी कोषाध्यक्ष हीरामन गुप्ता उपाध्यक्ष राम लखन प्रजापति उपकोषाध्यक्ष दामोदर प्रसाद केसरी व्यवस्थापक सुरेश शर्मा अशोक गोस्वामी सांस्कृतिक एवं भक्ति जागरण मुख्य कलाकार जीतू झारखंडी कला मण्डल प्रकाश शर्मा लखन शर्मा पप्पू दांगी विजय दांगी लखन प्रजापति राजकुमार ठाकुर सुरेश प्रजापति हीरामन गुप्ता दिनेश राणा सुनील स्वर्णकार देवेंद्र राणा दामोदर केशरी श्री कृष्णा कसेरा पंकज सोनी देव राणा महेंद्र राणा सहदेव राणा आदि उपस्थित रहे।

## अदाणी फॉउंडेशन ने हरली हाईस्कूल में मनाया विश्व हाथ स्वच्छता दिवस




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** गोन्दलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने हरली स्थित राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को हाथ की स्वच्छता के महत्त्व के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा इसी विषय पर एक चित्रांकन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें अदाणी फॉउंडेशन की ओर से स्कूल को उपलब्ध कराए गए शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को हाथ की स्वच्छता के बारे में बताया। शिक्षकों ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद से स्वच्छता का महत्त्व और बढ़ गया है, जिस वजह से अपने घर और आस-पड़ोस के साथ-साथ स्कूल और स्वयं की स्वच्छता का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इस दौरान शिक्षकों ने हाथ को स्वच्छ रखने के तरीके भी बताए और उससे जुड़ा एक डेमो छात्र-छात्राओं को दिखाया। शिक्षकों ने कहा कि हमारे चारों ओर सूक्ष्मजीवों के कारण होने वाली कई घातक और खतरनाक बीमारियां हैं। वे सभी किसी न किसी तरह से हमारे अंदर प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं, जो आसानी से हमारे हाथों से हो सकता है। ऐसे माइक्रोबियल हमलों के खिलाफ हाथ की स्वच्छता सबसे अच्छा बचाव है। चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेता रहे। प्रथम अभिषेक कुमार, द्वितीय अंकित कुमार एवं तृतीय काजल कुमारी। कार्यक्रम के अंत में चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने किया औचक निरीक्षण किया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ समाहरणालय परिसर में नवनिर्मित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क के संचालक द्वारा बरते जा रहे हैं कई तरह के अनियमितताओं की शिकायत को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा औचक निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि पार्क में प्रवेश शुल्क के नाम पर मनमाने तरीके से राशि की वसूली की जा रहे हैं मौके पर मौजूद नागरिकों द्वारा बताया गया कि पार्क के संचालक द्वारा प्रवेश शुल्क के नाम पर मनमाने ढंग से राशि की वसूली की जा रही है उनके द्वारा बताया गया कि शुरुआत में प्रवेश शुल्क के नाम पर ?10 लिया जाता था परंतु कुछ दिनों के बाद ?50 लिया जाने लगा आज ?30 प्रवेश शुल्क के नाम पर लिया जा रहा है इसके साथ ही साथ कुछ सामग्री साथ ले जाने पर अलग से 400 ?500 की मांग की जाती है। मौके पर मौजूद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर द्वारा उपायुक्त रामगढ़ एवं अनुमंडल पदाधिकारी सह प्रभारी नगर परिषद रामगढ़ को दूरभाष पर सारी बातों से अवगत कराया कराया तथा पार्क संचालक के मनमानी रवैया पर कड़ी आपत्ति जताते हुए संचालक पर करवाई की मांग की साथ ही साथ प्रवेश शुल्क की दरों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किये। पदाधिकारी द्वय द्वारा इस संबंध में लिखित शिकायत देने पर निश्चित रूप से कार्रवाई की बात कही गई। मौके पर जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, मुकेश यादव, सहजाद खान, बलराम साहू, संजय साव,आसिफ इकबाल, राम उद्दीन अंसारी नईम अंसारी तौफीक मुखिया इनाम अंसारी संजू गुप्ता इत्यादि मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## भारत के जाने-माने यूपीएससी शिक्षक अवध ओझा जुड़े अनएकेडमी के साथ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने आज बताया कि यूपीएससी के टॉप शिक्षक अवध ओझा यूपीएससी परीक्षा के वाईस प्रेज़ीडेन्ट के रूप में अनएकेडमी के साथ जुड़ गए हैं। अवध ओझा नई दिल्ली के अनएकेडमी सेंटर में यूपीएससी के लिए पढ़ाएंगे। उनकी क्लासेज़ को अनएकेडमी के आनलाईन प्लेटफॉर्म पर लाईव स्ट्रीम किया जाएगा। अनएकेडमी सेंटर में वे छात्रों को हिस्ट्री पढ़ागे और उन्हें ज़रूरी मार्गदर्शन भी देंगे। साथ ही उनकी क्लासेज़ आनलाईन अनएकेडमी प्लेटफॉर्म पर भी लाईव होंगी। तकरीबन दो दशकों के अनुभव के साथ अवध ओझा अपने खास तरीकों के साथ छात्रों को परीक्षा के लिए तैयार करेंगे। अनएकेडमी में हम हमेशा से अपने छात्रों को सबसे उत्कृष्ट शिक्षक उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देते आए हैं। हमें गर्व है कि हमारे साथ ऐसे शिक्षक जुड़े हुए हैं, जिन्होंने अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं।

## एमजी मोटर इंडिया ने लॉन्च की कोमेट ईवी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्राण्ड एमजी मोटर इंडिया ने 99 सालों की धरोहर के साथ हाल ही में अनावरण की गई स्मार्ट इलेक्ट्रिक कार एमजी कोमेट ईवी के तीन वेरिएन्ट- पेस, प्ले और प्लश लॉन्च किए हैं। स्मार्ट इलेक्ट्रिक कार एमजी कोमेट ईवी- भारत में अरबन मोबिलिटी के नए दौर की शुरूआत करेगी। जीएसईवी प्योर इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म पर आधारित कोमेट स्लीक और रूमी डिज़ाइन के साथ आती है जो शहर में परिवहन का सहज एवं तनाव मुक्त अनुभव प्रदान करती है। कोमेट ईवी एमजी मोटर इंडिया का दूसरा इलेक्ट्रिक वाहन है जो स्टाइल, टेक्नोलॉजी और स्थायित्व का बेहतरीन संयोजन है, साथ ही अपने बेजोड़ सुरक्षा फीचर्स के साथ ड्राइव को पूरी तरह से सुरक्षित बनाता है। यह वेरिएन्ट शानदार स्टाइल के साथ आता है और उपभोक्ता ऐड-ऑन्स, एक्सेसरीज़ एवं फंकी बॉडी रैप्स और कूल स्टिकर्स की व्यापक रेंज के साथ इसे अपना पर्सनल स्टेटमेन्ट बना सकते हैं।




## गुरु पूर्णिमा को लेकर भव्य भंडारा का आयोजन



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में छह मुहान चौक स्थित हनुमान मंदिर के पुजारियों और समाजसेवियों के द्वारा शुक्रवार की सुबह मंदिर परिसर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई।पूजा अर्चना के बाद दोपहर 1ः00 बजे से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में पूड़ी ,सब्जी,बुंदिया का प्रसाद वितरण किया जा रहा था। इस भंडारा में 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण की। गुरु पूर्णिमा की पूजा को लेकर छह मुहान चौक से जिला स्कूल चौक को पूरी तरह कर बंद कर दिया गया था। ताकि मंदिर में पूजा अर्चना करने आने वाले श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े।वही इस पूजा को सफल बनाने में सोनू पाठक,अमरेंद्र तिवारी,चंदन पाठक,बमबम पाठक,अजीत अग्रवाल,शत्रुधन अग्रवाल, गोलू अग्रवाल, हाबू कुमार, संग्रेश डे,मंटू अग्रवाल,रितेश कुमार,अकाश कुमार का अहम भूमिका रहा है।

# आर पार की लड़ाई के मूड में जनसेवक, तेज हो रहा आंदोलन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** लंबित 11 सूत्री मांगों को पूरा करने की बजाय ग्रेड पे को 2400 से घटाकर 2000 किए जाने के सरकार के फैसले के खिलाफ आंदोलित जनसेवकों में जबरदस्त नाराजगी है। यह आंदोलन अब आर पार की लड़ाई का रूप लेता दिख रहा है। आंदोलन की धार भी तेज होती जा रही है। काला बिल्ला लगाकर कार्यों का निष्पादन से शुरू हुआ जनसेवकों का आंदोलन अनिश्चितकालीन हड़ताल की ओर बढ़ रहा है। अगर सरकार जनसेवकों की मांग को नहीं मानती है तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रेड पे में कटौती के बाद जन सेवकों ने दो और तीन मई को काला बिल्ला लगाकर कार्यों का निष्पादन करते हुए विरोध जताया था। लेकिन सरकार ने अपने फैसले को नहीं बदला। जिससे नाराज जन सेवकों ने 4 मई को जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया। झारखंड राज्य जन सेवक संघ के बैनर तले समाहरणालय के सामने आयोजित धरना प्रदर्शन में जिले भर से जन सेवकों ने हिस्सा लिया। जिसमें जबरदस्त तरीके से अपनी मांगों को रखा। ग्रेड पे को घटाने को लेकर सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन के बाद कृषि मंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से मांग पत्र भी सौंपा गया। आंदोलित जनसेवकों ने स्पष्ट रूप से चेताया है कि अगर ग्रेड पे में कटौती के फैसले को वापस नहीं लिया गया और 11 सूत्री मांगों को नहीं माना तो ऐसी स्थिति में आंदोलन और भी तेज होगा। झारखंड राज्य जन सेवक संघ के बैनर तले 6 मई को राज भवन रांची के समक्ष राज्य स्तरीय धरना और 8 मई को जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। अगर फिर भी सरकार या कृषि विभाग ग्रेड पे कम करने के आदेश को निरस्त नहीं करती है तो 9 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। यह भी साफ तौर पर कहा है कि ऐसी स्थिति में पूरी जवाबदेही कृषि विभाग या राज्य सरकार की होगी।

## डंपर की चपेट में आकर धनुआ तूरी की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** थाना क्षेत्र के पचुवाड़ा रांगाटोला स्कूल के निकट कोल लिंक पथ पर कोयला लोड हाइवा नंबर जेएएच 18 एम 4406 की चपेट में आने से रांगा टोला निवासी 42 वर्षीय धनुआ तुरी की दर्दनाक मौत स्थल पर ही हो गई। घटना शुक्रवार सुबह करीब 7ः00 बजे की है। डंपर चालक की लापरवाही से हुई धनुआ की मौत से उग्र ग्रामीणों ने सडक जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। वो उचित मुआवजा राशि की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जबतक कोल कंपनी मृतक के पुत्र को 12 लाख रुपए बतौर मुआवजे की राशि और नौकरी नहीं देगी, तबतक सड़क जाम जारी रहेगा। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने आधा दर्जन डंपरों का शीशा भी तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थल पर पहुंची पुलिस की पीसीआर वैन में भी ग्रामीणों ने पथराव किया। घटना स्थल पर पहुंचे बीजीआर और डीबीएल के रोड पेट्रोलिंग इंचार्ज रंजन मरांडी के साथ भी ग्रामीणों ने मारपीट किया तथा उनकी गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीण मुआवजा व नौकरी मिलने तक कुछ भी मानने को तैयार नहीं थे। मृतक के शव को सड़क के मध्य रखकर नौ घंटों से मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया है।

## आदिवासी समाज ने जोबला में गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू की 118वीं जयंती मनाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिददी :** ओल गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू की 118 वां जोनोम महा,( जयंती ) रामगढ़ जिले के ग्राम जोबला गांव में मनाया गया। जिसमें हजारीबाग जिले के भरत जगत माझी परगना महल के मनोतान सोहराय किस्कू ने पंडित रघुनाथ मुर्मू के चित्र पर माल्यार्पण इन्हें याद किया। इसके अलावे जिला रामगढ़, बोकारो के छात्र, छात्राएं, मांझी बाबा और समाज से आए हुए सभी लोगो ने रघुनाथ मुर्मू के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किया। साथ ही रामगढ़ जिले परगना महादेव मरांडी ने ओलचिक लिपि को 2025 तक झारखंड के सभी संतालो परिवारों मे कैसे पहुंचाया जाए इसके बारे में विस्तार अपनी बातें रखी। उन्होंने कहां कि आज पूरे भारत वर्ष में 6500 जातियों हैं, उनमें सिर्फ 293 भाषा की लिपि ही बचा हुआ हैं। उसमें से हमारी संथालो की लिपि 1925 में पंडित रघुनाथ मुर्मू ने बनाया। लेकिन आज हमारी भाषा अपनी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं। लेकिन झारखंड में जितनी भी सरकारे बनी, सिर्फ हमारी संस्कृति, भाषा को हमेशा दरकिनार किया गया है। अगर झारखण्ड सरकार चाहे तो हमारी ओलचिकी लिपि का विस्तार हो सकता हैं। लेकीन सरकार इसमें गंभीर नहीं हैं। आज हम महल कि और से झारखंड सरकार से मांग करते हैं की सभी स्कूल में ओलचिकी की लिपि की पाठ्यक्रम लागू हो। अवसर पर समाज के कई समाज सुधारक प्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर महादेव मरांडी,जयवीर हंसदा, रस्का हेंब्रम,मनेंद्र हेंब्रम, रामसिंह मरांडी, सुखराम हेंब्रम, दसाय बस्के, मुचरु मांझी, चंद्रमोहन मांझी, मनकी टुडू , गणेश मांझी, कर्मा मांझी, चंद्रदेव सोरेन, धनु टुडू, मनीष टुडू, रामे हंसदा, रिंकू हंसदा, सुनीता हंसदा, कुमारी शांति मुर्मू, संगीता हेंब्रम, भोला बास्के सहित कई सामाजिक लोग उपस्थित थे।



## पेयजल आपूर्ति की मांग को ले ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**अमड़ापाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पेयजल आपूर्ति की मांग को ले दुमका-पाकुड़ मुख्य मार्ग पर पाडेरकोला गांव के निकट ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। गुरुवार सुबह छह बजे से ही ग्रामीणों ने विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सड़क पर आवाजाही रोक दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि पेयजल विभाग द्वारा हर घर नल जल योजना के तहत एक साल पहले ही कई मोहल्लों में डीप बोरिंग कराया गया है। बोरिंग कराने के एक साल बीत जाने के बावजूद मोटर नहीं लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए कई दफा जलापूर्ति विभाग से संपर्क कर समस्या के निदान के लिए आग्रह किया गया लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। वहीं ग्रामीण रमेश मड़ैया ने बताया कि पेयजलापूर्ति योजना के तहत सड़क किनारे पाइपलाईन बिछाया जाना है लेकिन न तो अभी तक गड्ढा नहीं खोदा गया है और न ही पेयजल की आपूर्ति शुरू हुई है। बताया कि इस संबंध में कई बार जिले के डीसी से संपर्क कर अविलम्ब इस दिशा में प्रयास कर पेयजलापूर्ति शुरू करने का आग्रह किया गया वावजूद इसके परिणाम शून्य रहा। वहीं विभाग के अधिकारियों की कुम्भकर्णीय निंद्रा नहीं टूटी । वहीं मुख्य मार्ग पर सड़क जाम होने से वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क जाम की सूचना पर थाना के एसआई देवानंद प्रसाद पुलिस बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन प्रयास असफल रहा। जाम की सूचना पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जेई दिनेश मंडल से बात करने पर उन्होंने बताया कि दो महीने के अंदर समस्या का समाधान हो जाएगा। इसके बाद लगभग चार घंटे बाद 10 बजे ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त किया। मौके पर लालू मिर्धा, नाजिर अंसारी, इसराइल अंसारी सहित दर्जनों की संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

**ब्राम्बे (एन0एच0–75 पर)–ठाकुरगाँव–इटहे पथ परियोजना।**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–ब्राम्बे शीट नं0–01, थाना–माण्डर, थाना संख्या–100, अंचल–माण्डर, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा–**ब्राम्बे (एन0एच0–75 पर)–ठाकुरगाँव–इटहे पथ परियोजना** हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है ग्राम–ब्राम्बे शीट नं0–01, थाना–माण्डर, थाना संख्या–100, अंचल–माण्डर, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**1.715** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**मौजा–ब्राम्बे शीट नं0–01**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीनक्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 475 | टांड़–II | 0.015 | करमा उरांव वल्द कृष्णा उरांव वगैरह | 478 | 474 | रास्ता | 475 |
| | | 478 | टांड़–II | 0.015 | | 479 | 475 | रास्ता | 477 |
| | | 479 | टांड़–II | 0.020 | | 480 | 478 | रास्ता | 481 |
| | | 480 | टांड़–II | 0.020 | | 482 | 479 | रास्ता | 481 |
| | | 599 | टांड़–II | 0.015 | | 598 | 602 | 599 अंश | रास्ता |
| 2 | 38 | 484 | टांड़–II | 0.010 | चपेया उरांव, वो गन्दूरा उरांव, पे0 चापा उरांव | 485 | 483 | रास्ता | 486 |
| | | 485 | टांड़–II | 0.010 | | 488 | 484 | रास्ता | 486 |
| | | 489 | टांड़–II | 0.010 | | 490 | 488 | रास्ता | 489 अंश |
| | | 591 | टांड़–II | 0.005 | | 580 | 594 | 591 अंश | रास्ता |
| | | 595 | टांड़–II | 0.010 | | 594 | 596 | 595 अंश | रास्ता |
| | | 596 | टांड़–II | 0.005 | | 595 | 597 | 596 अंश | रास्ता |
| 3 | 42 | 483 | टांड़–II | 0.010 | मो0 युगुवार जौजे पंचू उरांव वगैरह | 484 | 482 | रास्ता | 481 |
| | | 997 | टांड़–II | 0.010 | | 596 | 588 | 997 अंश | रास्ता |
| 4 | 56 | 463 | टांड़–II | 0.010 | खला उरांव वो चुमनू उरांव वगैरह | 464 | 462 | रास्ता | 463 अंश |
| | | 602 | टांड़–II | 0.020 | | 599 | 603 | 602 अंश | रास्ता |
| | | 603 | टांड़–II | 0.015 | | 602 | 604 | 603 अंश | रास्ता |
| | | 604 | टांड़–II | 0.005 | | 603 | 608 | 604 अंश | रास्ता |
| 5 | 64 | 610 | टांड़–II | 0.020 | दाउद उरांव वगैरह | 608 | 611 | 610 अंश | रास्ता |
| | | 611 | टांड़–II | 0.025 | | 610 | 612 | 611 अंश | रास्ता |
| | | 612 | टांड़–II | 0.025 | | 611 | 616 | 612 अंश | रास्ता |
| 6 | 66 | 636 | टांड़–II | 0.010 | ननका उरांव वगैरह | 634 | 645 | 636 अंश | रास्ता |
| 7 | 81 | 634 | टांड़–II | 0.035 | बंधना उरांव वगैरह | 624 | 636 | 634 अंश | रास्ता |
| 8 | 98 | 462 | टांड़–II | 0.010 | बिरसा उरांव वल्द गन्दूरा उरांव | 463 | 460 | रास्ता | 462 |
| | | 482 | टांड़–II | 0.010 | | 483 | 480 | रास्ता | 481 |
| | | 598 | टांड़–II | 0.005 | | 597 | 599 | 598 अंश | रास्ता |
| | | 645 | टांड़–II | 0.010 | | 636 | 646 | 645 अंश | रास्ता |
| 9 | 101 | 464 | टांड़–II | 0.010 | बुधूवा उरांव वल्द जीवनू उरांव | 465 | 463 | रास्ता | 419 |
| 10 | 111 | 465 | टांड़–II | 0.025 | मांगा उरांव वल्द भौता उरांव | 466 | 464 | रास्ता | 419 |
| 11 | 122 | 490 | टांड़–II | 0.010 | महादेव उरांव वल्द जड़का उरांव वगैरह | 491 | 489 | रास्ता | 493 |
| | | 491 | टांड़–II | 0.010 | | 492 | 490 | रास्ता | 493 |
| | | 587 | टांड़–II | 0.010 | | 586 | 580 | 588 | रास्ता |
| | | 590 | टांड़–II | 0.005 | | 587 | 591 | 589 | रास्ता |
| 12 | 128 | 466 | टांड़–II | 0.015 | मोहर उरांव वल्द वाडिल उरांव | 467 | 465 | रास्ता | 417 |
| 13 | 133 | 471 | टांड़–II | 0.035 | मंगरू उरांव वो सोमरा उरांव वल्द मुदिया उरांव | 472 | 470 | रास्ता | 394 |
| | | 492 | टांड़–II | 0.010 | | 493 | 491 | रास्ता | 493 |
| | | 586 | टांड़–II | 0.015 | | 585 | 587 | 586 अंश | रास्ता |
| | | 616 | टांड़–II | 0.015 | | 612 | 617 | 616 अंश | रास्ता |
| 14 | 147 | 488 | टांड़–II | 0.050 | सकलू उरांव वल्द मोरिया उरांव | 409 | 485 | रास्ता | 487 |
| | | 594 | टांड़–II | 0.045 | | 591 | 595 | 594 अंश | रास्ता |
| | | 608 | टांड़–II | 0.020 | | 604 अंश | 610 | 608 अंश | रास्ता |
| 15 | 188 | 493 | प0 क0 | 0.35 | गैरमजरूआ मालिक | सीमाना जाहेर | 492 | रास्ता | 493 अंश |
| | | 585 | प0 क0 | 0.21 | | तिन | 586 | 585 अंश | रास्ता |
| 16 | 225 | 654 | टांड़–II | 0.010 | वकाश्त भूईहरि | 653 | 655 | 3222 | रास्ता |
| 17 | 228 | 622 | टांड़–II | 0.025 | वकाश्त भूईहरि | 618 | 623 | 622 अंश | रास्ता |
| | | 655 | टांड़–II | 0.040 | | 654 | 653 | 656 | रास्ता |
| 18 | 230 | 646 | टांड़–II | 0.010 | वकाश्त भूईहरि | 645 | 653 | 646 अंश | रास्ता |
| 19 | 231 | 453 | टांड़–II | 0.070 | वकाश्त भूईहरि | 458 | 3221 | रास्ता | 554 |
| | | 460 | टांड़–II | 0.010 | | 462 | 459 | रास्ता | 460 अंश |
| 20 | 233 | 458 | टांड़–II | 0.030 | वकाश्त भूईहरि | 549 | 453 | रास्ता | 456 |
| 21 | 237 | 653 | टांड़–II | 0.020 | वकाश्त भूईहरि | 646 | 654 | 653 अंश | रास्ता |
| 22 | 238 | 459 | टांड़–II | 0.015 | वकाश्त भूईहरि | 460 | 458 | रास्ता | 459 अंश |
| 23 | 239 | 657 | टांड़–II | 0.020 | वकाश्त भूईहरि | 655 | रोड | 657 अंश | रास्ता |
| 24 | 258 | 467 | टांड़–II | 0.040 | वकाश्त भूईहरि | 468 | 466 | रास्ता | 397 |
| | | 624 | टांड़–II | 0.005 | | 623 | 634 | 634 अंश | रास्ता |
| 25 | 259 | 472 | टांड़–II | 0.040 | वकाश्त भूईहरि | 473 | 471 | रास्ता | 381 |
| 26 | 262 | 473 | टांड़–II | 0.040 | वकाश्त भूईहरि | 474 | 472 | रास्ता | 412 |
| 27 | 283 | 468 | टांड़–II | 0.050 | वकाश्त भूईहरि | 469 | 467 | रास्ता | 397 |
| 28 | 284 | 623 | टांड़–II | 0.025 | वकाश्त भूईहरि | 622 | 624 | 623 अंश | रास्ता |
| 29 | 290 | 470 | टांड़–II | 0.020 | वकाश्त भूईहरि | 471 | 469 | रास्ता | 394 |
| | | 618 | टांड़–II | 0.010 | | 617 | 622 | 618 अंश | रास्ता |
| 30 | 291 | 469 | टांड़–II | 0.020 | वकाश्त भूईहरि | 470 | 468 | रास्ता | 396 |
| | | 617 | टांड़–II | 0.005 | | 616 | 618 | 617 अंश | रास्ता |
| 31 | 307 | 452/3221 | टांड़–II | 0.020 | वकाश्त भूईहरि | 453 | रोड | रास्ता | 554 |
| | | | कुल | 1.715 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 296583 Land Reforms(23-24).D


## बुद्ध पूर्णिमा पर याद किए गए महात्मा गौतम बुद्ध, विश्व शांति के लिए की प्रार्थना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में बुद्ध पूर्णिमा पर शुक्रवार को भगवान गौतम बुद्ध को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर रेलवे कॉलोनी सिद्धार्थ नगर में स्थापित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संपा साहा के नेतृत्व में माल्यार्पण किया गया। वहीं भगवान बुद्ध के प्रतिमा के समक्ष विश्व शांति के लिए प्रार्थना भी किया। नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष संपा साहा ने कहा कि महात्मा बुद्ध ने समाज को नई दिशा दी। भारत देश देवी-देवताओं व महापुरुषों की जन्म स्थली है। धर्म के प्रति आस्था व गुरुओं के बताए मार्ग ने ही भारतीय संस्कृति को सर्वोच्च स्थान मिला।

## बड़काचुंबा यज्ञ वर्षगांठ सह पूजा हवन के साथ गांव में शोभायात्रा निकाली गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिददी :** बड़काचुंबा उच्चरिंगा में यज्ञ वर्षगांठ के उपलक्ष में देवघर से आए आचार्य अभिमन्यु पांडे एवं आदित्य कुमार पांडे जी के द्वारा मंत्रोच्चारण कर पंचांग पूजन झंडा पूजन किया गया। अवसर पर शोभा यात्रा,नगर भ्रमण यज्ञ स्थल से चलकर छोटकाचुम्बा, मंझला चुम्बा काली मंदिर, बड़काचुम्बा, बरवा टोला बहेराटांड, तेतरिया टोला होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचा। मंडप प्रवेश के बाद पूजा,हवन संध्या आरती का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि दयामंती देवी व जदयू पार्टी के रामगढ़ जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू शोभा यात्रा में मौजूद थे। यज्ञ वर्षगांठ के उपलक्ष में रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया हैं। भक्ति जागरण मुख्य अतिथि अंबा प्रसाद विधायक, बड़कागांव विधानसभा होंगी। यजमान कार्तिक महतो पत्नी कौशल्या देवी, घनश्याम महतो पत्नी भानु देवी, दुखन महतो पत्नी मिनी देवी राजेश महतो पत्नी सुमित्रा देवी नरेश महतो पत्नी संगीता देवी दिनेश महतो पत्नी लक्ष्मी देवी, अध्यक्ष नंदलाल महतो सचिव काली महतो कोषाध्यक्ष सुरेश महतो निरंजन महतो संतोष मोदी संदीप कुशवाहा किरण देवी लक्ष्मण सोनी गणेश महतो सरजू महतो राजेश महतो मनीष कुमार दशरथ महतो राम दयाल महतो गणेश महतो बाबू महतो शुभम कुमार बसंत कुमार अनिल कुमार गुड्डू कुमार शंकर महतो प्रदीप महतो बहादुर महतो चंदन महतो बबलू महतो मुकेश महतो सुनील महतो राजू महतो विनोद महतो महेश महतो अजय कुमार अशोक महतो दीपक महतो तुलसी महतो आदि रूप से सम्मिलित थे।



## पाकुड़ से केदारनाथ पैदल यात्रा के लिए रवाना हुए रमाशंकर

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कहते हैं कि जब बाबा का बुलावा आता है तब आप सभी बाधा एंव विपत्ति को चीरते हुए बाबा के पास पहुंच ही जाते हैं। संकल्प में ही शक्ति है इस बात को शिद्ध किया है पाकुड़ निवासी रमाशंकर जायसवाल ने।उन्होंने संकल्प लिया कि वे पाकुड़ से केदारनाथ धाम तक कि यात्रा पैदल ही करेंगे। जायसवाल ने बताया कि इस यात्रा के लिए हमने संकल्प लिया था जिसे वे हरहाल में पूर्ण करेंगे।पाकुड़ के युवा साथियों ने उन्हें आर्थिक मदद की पेशकश भी की पर के मदद के लिए मना किया। उन्होंने कहा कि उनका एक संकल्प ये भी है कि वे किसी भी प्रकार का आर्थिक मदद नहीं लेंगे। लेकिन अगर रास्ते में उन्हें कोई मदद करना चाहें तो सूखा भोजन ( एक दिन का ही ) देकर उनकी मदद कर सकते हैं पर आर्थिक मदद वे किसी से नहीं लेंगे।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार व्यक्ति को मारा धक्का

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी सदर अस्पताल के पास शुक्रवार को एक तेज रफ्तार से जा रही स्कार्पियो ने बाइक सवार व्यक्ति को जोरदार धक्का मार दिया। घटना दोपहर करीब 12ः00 बजे के आसपास की है। घटना में बाइक सवार व्यक्ति को गंभीर चोटें आई है। उनके हाथ, पैर, चेहरे एवं शरीर के कई हिस्सों में चोट लगी है।

## भाजपा नेता ने गांवों किया दौरा, समस्याओं से हुए रूबरू, निजात दिलाने का भरोसा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू ने सदर प्रखंड के चेंगाडांगा, हमरुल, नबीनगर आदि गांवों का दौरा किया। पानी, बिजली, सड़क, पेंशन, आवास, ड्रेन आदि समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों से मुलाकात की। लोगों की समस्याओं को हल करने का भरोसा दिलाया। पेंशन को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत किया कि बिना बिचौलियों का काम नहीं हो रहा है। इस पर बाबूधन ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने की बात कही। लगभग हर गांव में पेयजल की समस्या को प्रमुखता से रखा। वहीं चेंगाडांगा गांव में पानी टंकी सुचारू रूप से नहीं चलने की शिकायत की। मनरेगा योजना को लेकर भी शिकायत किया। गांवों में नाला निर्माण की मांग को भी रखा गया। नाला नहीं होने से पानी निकासी की समस्या और जलजमाव तथा दुर्गंध से हो रही परेशानियों को भी बताया। भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। झारखंड में जब बीजेपी की सरकार थी, तो चौतरफा विकास हुआ। आज स्थिति बहुत ही दयनीय है। उन्होंने कहा कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र विकास के मामले में काफी पिछड़ गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए केंद्र की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर मो. मुस्तगीर, रकीबुल शेख, मदन, असल शेख, मनोज किस्कू, दोशमोहम्मद, नूर इस्लाम, हसीबुल शेख, पिंटू, दिनेश, मरजेम शेख, मोनिका, अतुल शेख, कबिरुल शेख आदि मौजूद थे।

## डॉक्टर काली किंकर दत्ता की 119 वीं जन्मतिथि मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** प्रख्यात इतिहासविद डॉक्टर काली किंकर दत्ता की 119 वीं जन्मदिवस बड़े उत्साह के साथ स्थानीय केकेडीएम उच्च विद्यालय झिकरहट्टी में मनाई गई।कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक,शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्रों ने विद्यालय परिसर में स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया।उल्लेखनीय है की पाकुड़ जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर की दूरी पर सुदूर ग्रामीण गांव झिकरहट्टी पंचायत के झिकरहट्टी गांव में एक बंगाली कायस्थ परिवार में सदानंद दत्ता के घर इनका जन्म हुआ था। सदानंद दत्ता संथाल परगना के प्रथम स्नातक थे। सदानंद दत्ता महेशपुर राज उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक थे।उसी विद्यालय से डॉक्टर दत्ता एंट्रेंस की परीक्षा 1921 में तृतीय श्रेणी से पास की। खराब रिजल्ट के कारण पिता की डांट इन्हें काफी चोट पहुंचाई।फिर इसने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के केएन कॉलेज से इतिहास विषय में स्नातक प्रथम श्रेणी एवं कोलकाता विश्वविद्यालय से एमए भी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया। उस समय के प्रख्यात इतिहासविद कालिदास नाग के संपर्क में आकर इतिहास विषय में इनकी रुचि काफी बढ़ गई। 1927 में एमए पास कर पटना कॉलेज में शोध कार्य प्रारंभ किया।18 शतक के बंगला सामाजिक एवं अर्थनैतिक इतिहास लेखन के ऊपर उन्हें प्रेमचंद्र रायचंद स्टूडेंटशिप प्रदान किया गया।इसके अलावा 1936 में एक ग्रंथ प्रकाशित किया गया।साथ ही 1939 में अली वर्दी खान एंड हिज टाइम विषय के शोध पर कोलकाता विश्विद्यालय से पीएचडी की। 1930 से 1940 तक पटना कॉलेज में इतिहास प्रस्तावक के रूप में 1958 तक प्रोफ़ेसर रहे,1958 से 1960 तक इसी कॉलेज के अध्यक्ष रहे एवं केपी जयसवाल रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना की।

## महुदा : मुफ्त शिक्षा केंद्र में पढ़ाई की सामग्री वितरित की गई

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** युवा भारत झारखंड द्वारा चलाई जा रही महुदा पंचायत के तूरी टोला एवं पॉवर हाउस के मुफ्त शिक्षा केंद्र में पढ़ रहे बच्चो को ग्राम स्वराज आभियान और कोयला नगर हॉस्पिटल के मुख्य सहायक पदाधिकारी डा.नेहा स्मृति एवं डा. सुनील कुमार नायक द्वारा कलम, कॉपी, वाटर बोतल, नोट बुक आदि वितरण किया गाया। डॉ नेहा स्मृति ने कहा कि आज इस तरह की व्यवस्था को देखकर बहुत अच्छा लगा। डॉ नायक ने कहा कि मुफ्त शिक्षा केंद्र आने वाले दिनों में पूरे झारखंड में एक मिशाल होगा । ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक जगत महतो बच्चों से कहा कि शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए किसी प्रकार की हम लोगों की जरूरत है तो हम आपके सहयोग के लिए तैयार हैं युवा भारत के राष्ट्रीय समन्वयक उमेश तुरी ने कहा कि हम केवल महुदा पंचायत में ही नहीं पूरे बाघमारा के साथ-साथ पूरे झारखंड में मुफ्त शिक्षा केंद्र खोलने की कोशिश करेंगे ताकि गरीब जरूरतमंद पिछड़े लोगों के लिए यह एक अवसर बन सके।। मौके पर रमेश महतो, सामाजिक कार्यकर्ता जमील अख्तर रुखसार परवीन, नेंसी डांडेल, पिंकी देवी, नूर फातिमा, कौशल्या कुमारी, किरण शर्मा,नाज़नीन मधु देवी, गुड़िया रानी एवं केन्द्र के छात्र छात्राएं उपस्थित थी।



## दिव्यांग बच्चों को खसरा रूबेला का दिया गया टीका

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के द्वारा खसरा और रुबेला को खत्म करने के लिए एम.आर. अभियान के दौरान खसरा व रूबेला का टीका दिया गया। पहला कदम स्कूल के 15 वर्ष की आयु तक के सभी दिव्यांग बच्चों ने इस अभियान में टीका लिया।




## अखिल विश्व गायत्री परिवार के आवाहन पर गिरिडीह में घर-घर यज्ञ का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल विश्व गायत्री परिवार मुख्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के आवाहन पर शुक्रवार को घर-घर यज्ञ अभियान के तहत गिरिडीह जिले के सैकड़ों लोगों ने अपने- अपने घरों में गायत्री महायज्ञ का आयोजन कर गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से सबके कल्याण एवं उज्जवल भविष्य के लिए आहुतियां प्रदान की। लोगों ने स्वेच्छा से अपने-अपने घरों में यज्ञ का आयोजन कर पूरे परिवार के साथ यज्ञ में भाग लिया द्यवर्ष 2020 में जब कोरोना का आगमन हुआ था उसी वर्ष से बुद्ध पूर्णिमा के शुभ एवं पावन अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा घर-घर यज्ञ अभियान की शुरुआत की गई द्य इसके अंतर्गत प्रत्येक वर्ष बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारत सहित विश्व के लगभग 90 देशों में घर -घर यज्ञ अभियान के अंतर्गत यज्ञ का आयोजन किया जाता है ।



## 14 मई को होगा सोनोटेल होटल में स्टैंड अप कॉमेडी शो का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्टाइल लाइम इंटरटेनमेंट की ओर से आगामी 14 मई को स्टैंड अप कॉमेडी शो का आयोजन होटल सोनोटेल में किया जा रहा है। इंदौर के स्टैंडअप कॉमेडियन अंश भवसार धनबाद के लोगों को हंसाने के लिए आ रहे हैं।

## दुर्ग-राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस का चक्रधरपुर मंडल के राजखरसावां स्टेशन पर होगा ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा हेतु राजेन्द्रनगर और दुर्ग के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 13287/ 13288 दुर्ग-राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस का चक्रधरपुर मंडल के चक्रधरपुर और सीनी स्टेशनों के मध्य राजखरसावां स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर छः माह के लिए दो मिनट का ठहराव दिया जा रहा है ।

दिनांक 07.05.2023 से राजेन्द्रनगर से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13288 राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस 08.41 बजे राजखरसावां स्टेशन पहुंचेगी और 08.43 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

इसी तरह दिनांक 08.05.2023 से दुर्ग से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-राजेन्द्रनगर साउथ बिहार एक्सप्रेस 17.13 बजे राजखरसावां पहुंचेगी तथा 17.15 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

# राज्यपाल पहुंचे गिरिडीह, विभिन्न कार्यक्रमों में लिया भाग

# गांव का विकास हमारी पहली प्राथमिकता : सीपी राधाकृष्णन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** झारखण्ड के राज्यपाल .सी.पी राधाकृष्णन शुक्रवार को गिरिडीह पहुचे सर्वप्रथम तमिलनाडु भवन मधुबन शिखरजी (स्थानीय कार्यक्रम) में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किए। तत्पश्चात उन्होंने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र सिंहपुर मधुबन में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में भाग लिया। जहां कार्यक्रम में स्थानीय रीति-रिवाजों के साथ महामहिम का स्वागत किया गया। इसके पश्चात माननीय महामहिम ने बांस कला प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया एवं लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सभी को जोहार। हमारी भाषा भले ही अलग-अलग हो परंतु हम सब एक हैं। हमारी पहली प्राथमिकता गांव तथा गांव से जुड़े हुए ग्रामीणों का विकास करना है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सबसे प्रमुख एकजुटता होनी चाहिए। माननीय महामहिम ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले वंचित लाभुकों को सरकार की योजनाओं से जोड़ लाभान्वित करने का कार्य किया जा सके। लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। साथ ही उनका लाभ उठाना चाहिए। इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण है जागरूकता। सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ उनको मिल सके। जिन लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं है वह अपने नजदीकी सरकारी कार्यालयों के माध्यम से जानकारी प्राप्त करें एवं सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, जल जीवन मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जन औषधि योजना व अन्य योजनाओं का लाभ उठाएं। इसके अलावा माननीय महामहिम ने वहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा आमजनों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान स्थानीय के द्वारा प्राप्त मामलों के त्वरित समाधान को लेकर माननीय महामहिम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मधुबन पंचायत के प्रमुख एवं मुखिया/पंचायत समिति के सदस्यों ने राज्यपाल से संवाद स्थापित किया। इस दौरान मधुबन पंचायत के प्रमुख ने विद्यालय की चाहरदीवारी को लेकर माननीय महामहिम से अनुरोध की। तत्पश्चात माननीय महामहिम ने विद्यालय की चाहरदीवारी को लेकर उपायुक्त को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द चाहरदीवारी का निर्माण सुनिश्चित करें।

### राज्यपाल ने लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया

इसके पश्चात राज्यपाल ने बांस कला प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया एवं लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। जहां विभिन्न किसानों के बीच पंप सेट का वितरण किया गया। जिनमें 1. समयुद्दीन मियां, 2. त्रिवेणी सिंह, 3. शहाबुद्दीन अंसारी, 4. सिकंदर यादव, 5. सोहराय महतो, 6. हिरामन सिंह तथा 7. अब्दुल गफूर शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न लाभार्थियों के बीच बंबू क्राफ्ट कीट का वितरण किया। जिनमें 1. मेधनी देवी, 2. कौशल्या देवी, 3. सुनीता देवी, 4. जमनी देवी, 5. पूजा कुमारी, 6. सविता देवी, 7. गायत्री देवी, 8. शांति देवी, 9. चिंता देवी तथा 10. लीलावती देवी शामिल है। इसके अलावा विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच आजीविका पशु कीट का वितरण किया गया। जिनमें 1. अंजलिना कुमारी, 2. गीता कुमारी, 3. चिंता देवी, 4. मंजू देवी, 5. प्रमिला देवी शामिल है। इसके अलावा जिला गव्य विकास कार्यालय के द्वारा विगत वर्ष 22-23 मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जिनमें 1. मोनिका मरांडी और 2. सुनिधि मुर्मू को (दो गाय) योजना हेतु 59,753-59,753 रुपए अनुदान राशि के रूप में प्रदान की गई। इसके साथ ही पशुपालन कार्यालय के द्वारा 1. रमनी देवी को बकरा विकास योजना अंतर्गत 18,215 तथा 2. मरियम हांसदा को बतख चूजा योजना के अंतर्गत 1530 रुपया अनुदान राशि के रूप में प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में राज्यपाल के एडीसी, उपायुक्त, गिरिडीह, पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, आईएएस प्रशिक्षु, राज्यपाल के पीआरओ, अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## पत्रकारों के लिए इमानदारी से लड़ाई लड़ते है इंद्रजीत पासवान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बाघमारा :** पिछले दिनों पत्रकार उत्पीड़न पर रोक लगाने तथा पत्रकार सुरक्षा कानून को राज्य में अविलंब लागू करने की मांग को लेकर धनबाद रणधीर वर्मा चौक पर आयोजित एक दिवसीय धरना पर भाग लेने वाले पत्रकारों में शामिल इन्द्रजीत पासवान जिसका वेष, भूषा रहन, सहन व्यवहार ने मुझे काफि प्रभावित किया. तब मैने पासवान से बिशेष बातचीत किया.

बातचीत में उन्होंनें बताया कि मैं तमाम तरह की कठिनाईयों को झेलते हुए भी पीड़ित पत्रकारों के दुख, दर्द में शामिल रहता हुँ. कोराना के चपेट मे आकर असमय मौत के गले मे समा चुके पुटकी के पत्रकार विजय रजक के शव लाने घाट तक जाने का काम किये. जब कोरोना के कारण लोग अपने घर से निकलने मे डरते थे तब मैने अपने पत्रकार साथियो की सुरक्षा के लिए बिभिन्न क्षेत्रो मे जाकर उनसे मिला और उन्हे सुरक्षा सामग्री प्रदान किया था ।

## झरिया : ब्लास्टिंग से जयरामपुर जाने वाले मार्ग में पड़ी दरार, लोगों ने कराया काम बंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जयरामपुर सिथत सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना मे ब्लास्टिग होने से जयरामपुर जाने वाली मार्ग मे दरार पड़ गयी। इस बात की खबर लगते ही स्थानीय ग्रामीण पहुच गये। जमसं बच्चा गुट के बैनर तले वियर कंपनी के समीप लोग जुट गये। विरोध प्रदर्शन किया। परियोजना का काम बंद कर दिया। समाचार लिखे जाने तक देर शाम तक काम बंद था। इसके पूर्व आउटसोर्सिंग प्रबंधन एवं आनदोलनकारियो के बीच वार्ता हुई लेकिन असफल रहा। इधर ग्रामीणो का कहना है कि प्रबंधन आउटसोर्सिंग चलाये, हमे कोई एतराज नही है लेकिन ब्लास्टिग कर सड़क को क्षतिग्रस्त करना यह नही होने देगे। जिस सड़क मे दरारा पड़ी है वह जयरामपुर और बागडीगी के साथ झरिया सिन्दरी सड़क को जोड़ने का काम करती है। जयरामपुर मे एक बहुत बड़ी आबादी रहती है। अगर यह सड़क कट गया तो लोगों को काफी परेशानी होगी।इसलिए सड़क मे पड़ी दरारे नही बढ़े इसके लिए सड़क के बगल से जो मिट्टी काटा गया है उसकी भराई हो तभी आउटसोर्सिंग चालू होने देगे। आन्दोलन करने वालो मे दीपक सिह, रामबाबु सिह, रूपक सिन्हा, अशोक यादव, बबलू रवानी, रंजीत, लखन, प्रमोद, पूनम, मंजू, रिंकू आदि शामिल थे।



## नदी से अवैध बालू उठाव हुई तो कठोर कार्रवाई होगी : सीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** जिला प्रशासन के द्वारा नये आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए टुंडी अंचलाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी ने आज एक आदेश जारी करते हुए कहा कि किसी भी शर्त पर अवैध बालू का परिचालन नहीं होगा अगर नदियों से अवैध बालू की ढुलाई करते पकड़े गए तो कठोर कार्रवाई होगी तथा टैक्टर ट्राली से ही ढुलाई का काम होगा एवं प्रत्येक टैक्टर एक सौ रुपए का चालान लेना पड़ेगा। इस कार्य को जो पंचायत में पड़ेगा वहां के मुखिया द्वारा इस कार्य का देखभाल करेंगे।



आज़ की? इस बैठक में कोल्हर मुखिया विजय कुमार मंडल, पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी,जाताखुंटी मुखिया आशा मुर्मू, फतेहपुर मुखिया दुबाई मुर्मू, रतनपुर मुखिया गरीबन बीबी के अलावा कई अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## बुध पूर्णिमा : बाबा नंदानाथ महादेव के दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर बराकर नदी किनारे बसे बाबा नंदानाथ महादेव के दरबार में आज शुक्रवार को बुध पूर्णिमा के पावन बेला में भगवान के प्रति आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बताया जाता है कि बाबा नंदानाथ महादेव की कृपा भक्तों पर हमेशा किसी न किसी रूप में बर्षा है। उसी का देन है कि बुध पूर्णिमा जैसे पावन बेला में बाबा के दरबार आज खचाखच भरा हुआ है प्रकृति की गोद में बसे बाबा नंदानाथ महादेव की गुणगान लोग कई सालों से करते आ रहे हैं आज बुध पूर्णिमा के पावन बेला में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना करते हुए मन्नतें मांगी गई ।

## मासस ने मनाई कार्ल मार्क्स की 205वीं जयंती

## वर्तमान परिस्थिति में मार्क्सवाद प्रासंगिक है : आनंद




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शुक्रवार को मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में कार्ल मार्क्स का जन्म दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मासस केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि मानव समाज के उज्जवल भविष्य के लिए मार्क्सवाद ही एक मात्र रास्ता है। क्योंकि मार्क्सवाद एक वैज्ञानिक विचार है जो समाज के वास्तविकता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार आज पुराना इतिहास को समाप्त कर रहा है और सिर्फ वोट लेने के लिए सांप्रदायिक नारा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानव समाज वर्ग संघर्ष पर आधारित है। आज संप्रदायवाद, जातिवाद के नाम पर भाजपा सरकार लोगों को गुमराह कर रही है और समाज के वास्तविकता को आम जनता के बीच से दिग्भ्रमित कर के लोक लुभावना नारा देकर सत्ता पर काबिज हो रही है जिसके चलते अमीर और गरीब के बीच आर्थिक असमानता बढ़ रही है। फलस्वरूप महंगाई बेरोजगारी चरम पर है। आज हमें भूतकाल का विश्लेषण एवं समीक्षा के माध्यम से वर्तमान एवं भविष्य का रास्ता निकाला जा सकता है। उन्होंने अंत में कहा कि मार्क्सवाद वर्तमान विकट परिस्थितियों में और भी प्रासंगिक है। गोष्ठी के अध्यक्षता मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान एवं संचालन सुभाष चटर्जी ने किया।

## झामुमो कमिटी ने मो. शमीम अंसारी के 20वें पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मरहूम मो. शमीम अंसारी के 20वें पुण्यतिथि पर सिन्दरी विधानसभा अन्तर्गत बलियापुर चौक में झामुमो धनबाद जिला कमिटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मन्नु आलम, पुर्व विधायक फुलचंद मंडल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह सहित झामुमो परिवार के तमाम सदस्यों ने मरहूम मो.शमीम अंसारी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य धरनीधर मंडल, जिला उपाध्यक्ष लखन प्रमाणिक, पूर्व केंद्रीय स्दसय जग्गू महतो, युद्धेश्वर सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेन्द्र किस्कू, देबू महतो, अब्दुल कादिर, ईश्वर मराण्डी, लक्ष्मी नारायण, प्रखंड अध्यक्ष सूरजकांत सोरेन, प्रखंड सचिव गौउरचंद मंडल, निर्मल, हैदर अली सहित झामुमो परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।



# जन विरोधी ताकतों से क्षेत्र का विकास असंभव : राजेश

### चितमाडीह में भाकपा माले की बैठक, जन सवालों पर संघर्ष का ऐलान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** जन विरोधी तथा लुटेरी ताकतों से क्षेत्र का विकास संभव है, जबकि बरगलाकर जनता के का वोट लेकर इस प्रवृत्ति के कई लोग सत्ता में बैठकर राज कर रहे हैं। उक्त बातें भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने आज बेंगाबाद प्रखंड के चितमाडीह गांव में आयोजित ग्रामीणों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक का आयोजन स्थानीय जन सवालों को लेकर किया गया था, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याओं पर खुलकर चर्चा की।

माले नेता ने कहा कि, इस देश की सत्ता पर काबिज फासीवादी शासन हर मोर्चे पर विफल साबित होने के बाद उसपर पर्दा डालने के लिए आम लोगों को गैर जरूरी मुद्दों में उलझा रही। ये शासन जनता के जरुरी सवालों को पूरी तरह से नकारने का काम कर रहा है। राशन, पानी, आवास, चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार जैसे महत्वपूर्ण सवाल भले ही मुंह बाए खड़े हैं, लेकिन सरकार लगातार जनता का ध्यान बांटने में लगी है। साथ ही, लोगों से भाकपा माले के साथ जुड़कर जन सवालों पर संघर्ष शुरू करने का आह्वान किया। इस आह्वान पर बैठक में मौजूद लोगों ने पार्टी से जुड़ने का ऐलान किया तथा माले के जन संगठन झामस का सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया। इस दौरान मुख्य रूप से रामलाल मुर्मू, उमेश सिंह, भीम सिंह, विकास कुमार, गिरधारी वर्मा, फुलवा बीबी, सबीरन बीबी, सुनीता देवी सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच के 101 अमृतधारा पनशाला से बुझेगी कोयलानगरी की प्यास




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मारवाड़ी युवा मंच धनबाद शाखा सदैव ही मानव सेवा के लिए तत्पर रहता है। ऐसी धारणा है कि ग्रीष्म ऋतु में प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाने से पित्र और पूर्वज का आशीर्वाद प्राप्त होता है।मारवाड़ी युवा मंच धनबाद शाखा द्वारा अमृत धारा का शुभारंभ पुराना बाजार स्थित मंच भवन के समीप किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष कि भाँति इस वर्ष भी इस भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से 101 अस्थायी पनशाला शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगाया जाएगा।

## तालाब में मिला शव, नहीं हो सकी है शिनाख्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहर के धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबिया तालाब में शुक्रवार की दोपहर एक युवक का शव तैरता पाया गया। जिसकी शिनाख्त खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पानी से बाहर निकाला और जांच करने की बात कही। स्थानीय लोगों का कहना है कि विगत 2 दिनों से तालाब में शव होने की बात सामने आई थी। वहीं पुलिस का कहना है कि उन्हें भी तालाब में अज्ञात शव की सूचना थी। परंतु पुलिस द्वारा समय समय पर जांच के दौरान शव के बाबत कोई जानकारी नहीं मिली। शुक्रवार को तालाब में शव तैरता पाया गया तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को जप्त कर लिया है। वही शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## संक्षिप्त खबरे

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, प्राथमिक उपचार के बाद किया रिम्स रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा-कसपुर मुख्य पथ नौडीहा बगीचा के समीप बीती देर रात सड़क दुर्घटना में युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान तिगरा गांव निवासी जयप्रकाश उरांव के पुत्र सतीश उरांव (20 वर्ष) के रुप में हुई है। बताया जाता है कि सतीश उरांव कसपुर के रास्ते भंडरा होते हुए अपने अपाची मोटरसाइकिल से अपने घर तिगरा जा रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर चोटिल हो गया। इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने भंडरा थाना पुलिस को दिया। जहां घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना के अवर निरीक्षक विकास विश्वकर्मा ने घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया गया। सड़क दुर्घटना से युवक के शरीर में कई जगहों पर गंभीर चोटें आई है।

## सभी मसीही परिवार एकजुट होकर कार्य करें : विधायक भूषण बाड़ा

# खंजालोया चर्च परिसर बिशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में सपन्न हुआ पुरोहिताभिषेक, उमड़े मसीही

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** खंजालोया चर्च परिसर में शुक्रवार को पवन पुरोहिताभिषेक समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मौके पर अयाजक डिकन डेविड एक्का का पुरोहित अभिषेक गुमला धर्मप्रान्त के लिए किया गया। पुरोहिताभिषेक समारोह में मुख्य अनुष्ठाता के रूप में सिमडेगा धर्मप्रान्त के बिशप विन्सेंट बरवा उपस्थित थे। जहां मुख्य रूप से गुमला धर्मप्रान्त के प्रशासक फा लीनुष पिंगल भी उपस्थित थे। जिन्होंने पुरोहिताभिषेक समारोह की धर्मविधि सम्पन्न कराने में बिशप का सहयोग किया। अपने संदेश में बिशप ने कहा कि पुरोहित का जीवन मानव सेवा के लिए होता है पुरोहित ईश्वर के दुत होते हैं। जो मानव जाति के कल्याण के लिए



आए हैं। पुरोहितो का जीवन बहुत संघर्षपुर्ण जीवन होता है। पुरोहित को हमेशा सेवा और परोपकार के साथ चलना चाहिए और कलिसिया की सेवा में हमेशा समर्पित रहना चाहिए। मिस्सा पूजा सम्पन्न कराने में पल्ली पुरोहित फा गाब्रिएल केरकेट्टा, फा डोमनिक बरला, फा अल्फोंस एक्का, फा फबियन, फा इलियाजर खाखा, फा अरविंद, फा हेरमन एरगट, फा तारसीयूस, फा रामु, फा सेबेस्टियन आदि पुरोहितों ने बिशप का सहयोग किया। कार्यक्रम मे विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी मुख्य रूप से उपस्थित थी। मौके पर सि सरिता, सि शांतिला, सि अन्ना मेरी, सि ज्योति, सि सोफिया, शशिलता, सि अगुस्तिना, सि रेजिना, सि सुजाता, जोसेफा सोरेंग, तरसिला, स्टेनशिला, प्रतिमा, सुशीला, अनिल, जोसेफ बिलुंग, जॉन कुल्लू, अल्बर्ट चंद्र, नेशनल, समीर, निराला, विजया, सेकुन्दा, नीलमणि, इनोसेंट, फ्रांसिस्का सहित हजारों की संख्या में मसीही धर्मावलम्बी एवं सैकड़ों की संख्या में पुरोहित व धर्मबहन उपस्थिति थी।

**प्रभु यीशु की आराधना कर उनके बताए हुए सद्गुणों और पद चिन्हों पर चलें : भूषण बाड़ा**

सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि इतने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र से समाज के लिए गए हैं। इन्होंने न जाने कितनी ही संघर्ष किये होंगे। आज मसीही समाज के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन न्यौछावर कर दिया। इनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। यह किसी एक परिवार के लिए नहीं समूची कलीसिया के लिए ईश्वर ने चुना है। उन्होंने कहा कि कलिसिया और समाज को बेहतर बनाने के लिए पुरोहित हमेशा तत्पर रहते हैं। हमें भी प्रभु यीशु की हमेशा आराधना करना चाहिए। उनके बताए हुए सद्गुणों और पद चिन्हों पर चलना चाहिए। सभी मसीही परिवार एकजुटता के साथ कार्य करें।

**जीवन में आगे बढ़ने के लिए बेहतर और अच्छा काम करने की जरूरत : जोसिमा खाखा**

पाकरटांड़ जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि जीवन में हमेशा आगे बढ़ने के लिए बेहतर और अच्छा काम करने के लिए प्रयास करना चाहिए। ताकि समाज और कलिलिसा मजबुत बना रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज की ज्योति है। जिस समाज में लोग शिक्षित होते हैं, उनकी सोंच दार्शनिक होती है। इसलिए अपने बच्चों को सही शिक्षा दें।

## सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना के पश्चात यह उत्सव प्रारंभ हुआ। महात्मा बुध के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन किया गया। श्री गणेश साहू ने कहा महात्मा बुद्ध सत्य एवं अहिंसा के प्रवर्तक थे वह दयालु एवं परोपकारी थे प्राणी मात्र के प्रति असीम दया का भाव रखना चाहिए ।जहां सत्य है वही ईश्वर है जहां अहिंसा है। वही शांति है बौद्ध धर्म भारत नेपाल श्रीलंका जापान इंडोनेशिया आदि देशों में विख्यात हो गया असीम साधना एवं तपस्या के उपरांत गया में पीपल पेड़ के नीचे महात्मा बुद्ध को आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति हुई। इस अवसर पर श्री नंद किशोर साहू एवं श्री अशोक सिंह तथा श्री महेंद्र मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए श्री नंद किशोर साहू ने कहा सभी जीवो में परमात्मा का वास होता है अतः सभी जीवो से हमें प्रेम करना चाहिए। श्री महेंद्र मिश्र ने कहा आज के युग में सत्य अहिंसा अर्थात बौद्ध धर्म की प्रासंगिकता सर्वाधिक महत्व का विषय है एवं अनुकरणीय है। आज के इस कार्यक्रम में सभी भैया-बहन एवं समस्त आचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित थे।

## ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम में शामिल होंगे स्काउट गाइड और रोंवर रेंजर : गौतम लेलिन

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत स्काउट और गाइड जिला कमिटी से जुड़े रोंवर रेंजर और स्काउट गाइड के विद्यार्थी 6 मई से लेकर 10 मई तक नेतरहाट में आयोजित ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम में शामिल होंगे। सभी विद्यार्थियों के लिए नेतरहाट में रहने और अन्य व्यवस्थाएं करने का कार्य किया गया है। भारत स्काउट और गाइड झारखंड राज्य के द्वारा ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्य भर करीब 800 सौ रोंवर रेंजर और स्काउट गाइड शामिल होंगे। ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को प्रतिदिन उपयोग के समान के साथ साथ स्कार्फ, वगल, जींस टीशर्ट, ट्रैक शूट,जूता,ग्लूकोज,थाली, ग्लास,बिछावन,लाठी,पांच मीटर सूत की रस्सी लेकर अपने साथ शामिल होना है? जिला सचिव शैलेन्द्र कुमार सुमन ने कहा की स्काउटिंग का मूल प्रशिक्षण आउटिंग में ही है,ऐसे में प्रतिवर्ष भारत स्काउट और गाइड झारखंड राज्य के द्वारा विभिन्न इलाकों में ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जहां शामिल विद्यार्थियों को नेचर स्टडी कराने के अलावे जीवन को विकट परिस्थितियों में संभाल कर रखने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। लोहरदगा डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण,एसपी आर रामकुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा चंद्रमोलेश्वर दास,जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी ने शुभकामनाएं दी हैं। ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम में मुख्यालय आयुक्त सह जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन,मुमताज़ अहमद, पारस कुमार साहू सहित विभिन्न विद्यालयों के स्काउट और गाइड शिक्षक कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूरे कार्यक्रम में डीएफओ अरविन्द कुमार के द्वारा स्काउट और गाइड बच्चों और शिक्षकों के लिए कई सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में कार्य किया है। सभी रोंवर रेंजर और स्काउट गाइड 6 मई दिन शनिवार को सुबह 08.45 बजे साइडिंग बस स्टैंड से डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी आर रामकुमार हरी झंडी दिखाकर नेतरहाट के लिए रवाना करेंगे। यह जानकारी मुख्यालय आयुक्त सह जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन ने दी।

## लावागांई पंचायत को टीवी मुक्त बनाने को लेकर नंतिलो गांव में चलाया जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** टीबी मुक्त पंचायत के लक्ष्य को धरातल पर उतारने के लिए कुडू प्रखंड अंतर्गत लावागांई पंचायत के नंतिलो गांव में टीबी बिमारी से मुक्ति के लिए जनभागीदारी बढ़ाने को लेकर पाहन विश्वनाथ उरांव,युथ कमलेश उरांव एवं जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि संगीता लकड़ा के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें जन जागरुकता बढ़ाने के लिए के लिए एक रणनीति बनायी गई। इस दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताया कि पंचायत एवं गांव स्तर से टीबी मुक्त अभियान को जोड़ देने के लिए सभी को कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल संचालन में पंचायत प्रतिनिधियों, वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान एवं सचिवों की अहम



भूमिका होगी। उन्होंने बैठक के माध्यम से सभी ग्राम पंचायतों के मुखिया, प्रधान एवं सचिवों से अपील की है कि सभी पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत बनाने हेतु टीबी बिमारी को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करें। उन्होंने बताया कि इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ( सीएचओ), एएनएम, सहिया साथी एवं सहियाओं से भी सहयोग लिया जा रहा है। सुधीर कुमार राय ने बताया कि पंचायत स्तर पर होने वाले सभी बैठक में टीबी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियां को दूर करने,घर में छिपे संदिग्ध टीबी रोगियों को चिन्हित कर जांच के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि टीबी बिमारी की जांच एवं उपचार सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुफ्त में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत 500 प्रतिमाह पौष्टिक आहार लेने के लिए टीबी रोगियों के खाते में भेजें जाते है।

## परिवार कल्याण जागरूकता को लेकर चिकित्सा प्रभारी ने हरी झंडी दिखा रथ को किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मिशन परिवार विकास अभियान के तहत जगरुक्ता रथ को सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सा प्रभारी ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में परिवार कल्याण जगरुक्ता को लेकर चिकित्सा प्रभारी दिव्या निशि ने हरी झंडी दिखा कर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर सेन्हा से रथ को रवाना किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तत्वधान में आयोजित किया गया है। जिसके माध्यम से परिवार नियंत्रण एवं कम उम्र में विवाह से होने वाली समस्याओं को लेकर जगरुक किया जा रहा है। और पूरे प्रखंड क्षेत्र में प्रचार रथ के माध्यम ग्रामीण को परिवार कल्याण हेतु बताए गए मार्गदर्शन को अमल करने का अपील किया जा रहा है। चिकित्सा प्रभारी दिव्या निशि ने परिवार कल्याण योजना से लाभ एवं



नियंत्रण नही होने पर होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह होने से जच्चा बच्चा पर बुरा असर पड़ता है। और भविष्य में उन बच्चों को एवं माता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जनसंख्या नियंत्रण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम दो हमारे दो अभियान को पालन करने वाले को सरकारी लाभ एवं बच्चों को उच्च शिक्षा स्तर तक लाभ मिलता है। साथ ही परिवार कल्याण को लेकर विभिन्न बिंदुओं से लोगो को ध्यान आकृष्ट कराते हुए सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से परामर्श लेने का सुझाव दिया गया।

## सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र में हाथी के आगमन पर किसानों के बीच भय का माहौल वन विभाग मौन



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धरधरिया जलप्रपात के समीप उरु चटकपुर क्षेत्र में हाथी मचा रहा आतंक किसानों का फसल को नष्ट कर रहा है। वन विभाग को सूचना के बाबजूद मौन है। सेन्हा प्रखंड अन्तर्गत अलौदी पंचायत क्षेत्र के धरधरिया जलप्रपात के समीप उरु चटकपुर ग्राम के समीप एक जंगली हाथी लगभग 20 दिन से डेरा जमाये हुए है। जो किसानों का फसल को आए दिन नष्ट करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। वहीं सुदुर्वर्ती जंगली क्षेत्र में किसान वर्ग के लोग बड़े पैमाने पर टमाटर फसल की बुआई किये है। जिसे हाथी रौंद रहा है। इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारी को अवगत कराया गया था। परंतु विभाग की ओर से कोई पहल नही किया गया। इलाके में हाथी के आगमन से ग्रामीण किसान भयभीत हो कर खेत में काम करते हैं। और शाम ढलने से पूर्व सभी अपने अपने खेत से घर चले आते हैं। उरु चटकपुर के ग्रामीणों ने बताया कि विगत 21अप्रैल से क्षेत्र में एक हाथी को देखा जा रहा है। जो देर शाम जंगल से निकल कर किसानों का फसल को नष्ट कर रहा है। किसान रामप्रसाद महतो,धनी उरांव,विशु उरांव,उमेश भगत,शंकर उरांव,रोपा अशूर,रामचन्द्र उरांव इत्यादि ग्रामीणों का कहना है। कि क्षेत्र में नित्यदिन हाथी के अगमन से हमलोगों का फसल काफी नष्ट हो रहा है। इससे पूर्व खलिहान में रखा गेंहू का फसल को भी काफी नष्ट को दिया है। किसानों ने पत्रकार को बताते हुए वन विभाग से सहयोग का उम्मीद जताया है।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कैरो थाना ने कैरो-चट्टी मार्ग में चलाया वाहन जांच अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के निर्देश पर कैरो-चट्टी मार्ग मे 05 मई शुक्रवार को कैरो थाना ने चलाया सघन वाहन जाँच अभियान। उक्त जाँच अभियान में कैरो थाना के एएसआई वर्मा उराँव एवं थाना बल के द्वारा कैरो-चट्टी मार्ग पर चौपहिया-एवं दूपहिया वाहनों की जाँच राहगीरों से किया गया, वही दूपहिया वाहनो के चालको को हेलमेट नहीं पहनने पर कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी देकर छोड़ भी दिया गया। जाँच अभियान के क्रम मे वाहन का पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, इन्सुरेंस इत्यादि कागजात की जाँच की गई। मौके पर थाना के एएसआई वर्मा उराँव के अलावा आरक्षी राजकुमार उराँव, विट्टू कुमार, प्रदीप साहू, राजीव रंजन इत्यादि आरक्षी बल उक्त वाहन जाँच अभियान में अपनी-अपनी ड्यूटी में मुश्तैद थे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जलसहिया दीदीयों के साथ चला गया सफाई अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहतदगा :** प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत और मुर्की तोड़ार पंचायत में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत् जलसहिया दीदीयो के द्वारा साफ सफाई अभियान चलाया गया। उगरा पंचायत कोराम्बे ग्राम में और मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में ग्रामीणों को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाते हुए अस्वच्छता अभियान चलाया गया। वही स्वच्छता अभियान का प्रखंड मोबलाइजर मनसा रानी द्वारा बताया गया। की ग्रामीणों को गाँव, घर और गली मुहल्ला को साफ तथा स्वच्छ रखने के लिये ग्रामीणों को शपथ दिलाया गया। और कोराम्बे एवं तोड़ार ग्राम में जल सहिया दीदी लोगो द्वारा गाँव मे सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही ग्रामीणो को सफाई के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया। कि सभी ग्राम वासी सफाई के प्रति जागरूक होने से मलेरिया, चेचक, हैजा जैसा घातक बीमारीयों से बचाव हो सकता है। साथ ही सुख कचड़ा ऑफ गिला कचड़ा को अलग अलग जगहों में रखने के लिये कहा गया और उज़क उपयोग के बारे में बताया गया। मौके पर जल सहिया सीमा देवी, रानी देवी, रजिया प्रवीण, तिजैन उराँव सहित सैकड़ों महिलाएँ उपस्थित थीं।


## कुडू में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री सह झारखण्ड भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का लातेहार से सड़क मार्ग से रांची जाने के क्रम में शुक्रवार 5 मई को प्रखंड अध्यक्ष सुदामा प्रसाद के नेतृत्व में प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू के आवास पर पुष्पगुच्छ तथा फूल माला से भव्य स्वागत किया। उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवीण कुमार सिंह भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर सुदामा प्रसाद ने कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। श्री मरांडी ने प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार स्वीकार किया। स्वागत करने वालों में धीरज प्रसाद, नवीन कुमार टिंकू, राजू रजक, सरजु कुमार साहू, अमित कुमार बंटू, शशि साहू, वरुण बैठा आदि शामिल थे।

## पुलिस प्रशासन ने चलाया सेन्हा थाना के समीप सघन वाहन जांच अभियान



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस प्रशासन द्वारा सेन्हा थाना के समीप वाहन जाँच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप ए एस आई पवन सोरेन के नेतृत्व में शस्त्र बल के सहयोग से लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग वाहन जांच चलाया गया। वाहन जांच के दौरान वाहन की डिक्की,बैग,थैला खुलवा कर आपत्तिजनक वस्तु या नशीला पदार्थ होने की सम्भवना में जांच किया गया। वाहन जांच के दौरान लोहरदगा जिला तथा गुमला जिला की ओर से आ रही टेम्पू,चार पहिया वाहन सहित बाइक,स्कूटी पर भी पुलिस की पौनी नजर बनी हुई थी। और वाहन से सम्बंधित आवश्यक कागज तथा हेलमेट का जांच किया गया। वही टेम्पू में क्षमता से अधिक सवारी बैठने पर चालक को ऊठक बैठक कराया गया। तथा स्कूटी व बाइक में तीन सवारी नही चलने का निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन सवार लोगों से आने जाने के बारे में पूछताछ भी किया जा रहा था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर वाहनों को बारीकी से जांच किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में क्राइम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके और वैसे लोगो के विरुद्ध कारवाई किया जा सके जो क्राइम में संलिप्त हो या जिनके द्वारा क्राइम को बढ़ावा देने की सम्भवना प्रतीत होता है। साथ ही उन्होंने कहा की वाहन जांच अभियान पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अगले आदेश तक जारी रहेगा।

## समाज, कलीसिया और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा/ठेठईटांगर :** प्रखंड के केरया जीईएल चर्च परिसर में जीईएल चर्च पास्टोरेट महिला समिति की द्वितीय वार्षिक अधिवेशन धूमधाम के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का उपस्थित हुए। मौके पर फादर के अगुवाई में मिस्सा पूजा का आयोजन हुआ जिसमे अन्य पुरोहितों ने सहयोग किया। मौके पर रंगारंग आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर ने अपने संदेश में कहा कि हमारे जीवन में ईश्वर का वचन तब पूरा होता है, जब हम उसे ध्यान से सुनते और उस पर मनन-चिन्तन करते हैं। हमें भी जीवन में माता मरियम की तरह संयम होना चाहिये। हमारे मुख से निकलने वाले शब्दों से शांति की स्थापना होनी चाहिए।आगे कहा कि हम वचन के श्रोता ही नहीं, बल्कि उसके पालनकर्ता बनें। माता मरियम की तरह हम सुनने के लिए तत्पर रहें और बोलने तथा क्रोध करने में देर करें। अपने शब्दों से किसी को भी चोट न पहुंचाएं। परिवार की मां जिस तरह अपने औलाद की खुशी के लिए दुखों को उठाती है और त्याग करती है। उसी तरह समाज, कलीसिया और राष्ट्र निर्माण में भी महिलाओं की भूमिका अहम है। धर्मशास्त्र बाइबल के अनुसार परमेश्वर के नजरों में समाज में महिलाओं को उंचा स्थान है। विश्वासी मां बहनों को प्रेम, सेवा, क्षमा और त्याग जैसे ख्रीस्तीय मूल्यों में बढने और माता मरियम की तरह ही अपनी मध्यस्थता में ईश्वरीय योजनाओं को पूरा करने के लिए आगे बढ़ें। कहा कि शिक्षा और महिला ससक्तिकरण के बिना परिवार, समाज और देश का विकास नहीं हो सकता।

## डीएवी विद्यालय में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर ऑनलाइन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के तत्वावधान में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। वैशाख मास की पूर्णिमा को बुद्धपूर्णिमा मनाया जाता है इसी दिन गौतम बुध का जन्म हुआ था साथ ही उन्हें ज्ञान तथा निर्वाण की प्राप्ति इसी दिन हुई थी। महात्मा बुद्ध का जीवन आज भी समस्त मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने 84 हजार शिक्षाएं मानव जाति के कल्याण हेतु दीं। उनके बताए मार्ग पर चलने से हिंसा का त्याग और अहिंसा को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। महात्मा बुद्ध के प्रकाशमय जीवन से विद्यार्थियों को अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के बच्चों के मध्य



ऑनलाइन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें बच्चों को महात्मा बुध का रूप धारण कर उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं का सस्वर वाचन करना था। नन्हे बच्चों ने नन्हे गौतम बुद्ध का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी में विभान राज, अर्चिता मिश्रा, जयेश कुमार, तानिया उरांव, अनुराज कुंडू, अहान उरांव, आरव तमेरा, वेदिका मेहता, समृद्धि कुमारी व स्नेहा कुमारी ने कक्षा यूकेजी में अलिका अम्बर,काव्या मुखीयार, एस. के. सुहान, अथर्व कृत, रक्षित झा, काव्या गुप्ता, प्रतिष्ठा गोराइ व प्रानवी प्रिया, कक्षा प्रथम में रेयांश विश्वकर्मा, भावेश शर्मा, अनुश्री लकड़ा, अनन्या गर्ग, परी कुमारी, देवाशं बर्मा, अनोखी उरांव व अदिती वर्मा ने तथा कक्षा द्वितीय में जिविशा बोचिवाल रीत कुमार, यश कुमार साहू, हेमांगी नाग,शिवम कुमार, आरूष चौधरी, नव्या तारूशी, संस्कार साहू, कोमल कुमारी, प्रिंस कुमार, शांभवी शरण, हर्षित राज व अर्चिता कुमारी ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में शिक्षक अश्विन पात्रों, संगीता मित्तल, सोमिता दास, रजनी प्रसाद व स्वाति कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

चलते चलते एक नजर

## उत्तरी सेना कमांडर ने ध्रुव हेलीकॉप्टर दुर्घटना में बलिदान हुए तकनीशियन को दी श्रद्धांजलि


**किश्तवाड़** : उत्तरी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र दिवेदी ने जम्मू संभाग के किश्तवाड़ जिले में सेना के ध्रुव हेलीकॉप्टर की 'हार्ड लैंडिंग' के दौरान दुर्घटना में बलिदान हुए तकनीशियन पाब्बल्लस अनिल को गुरुवार श्रद्धांजलि अर्पित की। दरअसल, जम्मू संभाग के किश्तवाड़ में गुरुवार को मारुआ नदी के तट पर ऑपरेशनल मिशन के लिए एहतियाती लैंडिंग करते समय आर्मी एविएशन एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें दो पायलट और एक तकनीशियन सवार थे। दुर्घटना में घायल तकनीशियन पाब्बल्ला अनिल उधमपुर सैन्य अस्पताल में उपचार के दौरान बलिदान हो गया, जबकि अन्य दो घायल पायलटों की हालत स्थिर बताई गई है। भारतीय सेना के उत्तरी कमान के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट ने पोस्ट किया कि लेफ्टिनेंट जर्नल उपेंद्र दिवेदी, सेना केडर एनसी, उत्तरी कमान के सभी रैंक अधिकारियों ने ऑपरेशनल उड़ान में अपनी ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान हो जाने वाले तकनीशियन पाब्बल्ला अनिल को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस हेलीकॉप्टर दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं।

## पहलवानों की सारी मांगे पूरी की गयीं, उनसे धरना खत्म करने की अपील : अनुराग ठाकुर

**लखनऊ :** केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों से दिल्ली में जंतर मंतर पर चले रहे धरने को खत्म करने की अपील की है। खेलो इंडिया से संबंधित कार्यक्रम में सिरकत करने के बाद केन्द्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को लखनऊ में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि पहलवानों की जायज मांगों को हम मान चुके हैं। दिल्ली पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है। दोषी के खिलाफ कार्रवाई करेगी। इसलिए पहलवानों को धरना खत्म करना चाहिए।केन्द्रीय खेल मंत्री ने कहा कि दिल्ली पुलिस एफआईआर दर्ज कर चुकी है। अब तो सुप्रीम कोर्ट का भी फैसला आ गया है। इस पूरे मामले में काननू अपना काम कर रहा है। इसलिए जंतर मंतर पर पहलवानों को धरना प्रदर्शन बंद कर देना चाहिए।अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने सदा खेल और खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी है। सभी क्षेत्रों में खेलों में भारत लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। हमने बैडमिंटन से लेकर अन्य खेलों तक प्रदर्शन किया है। खेलों में बजट का बढ़ाया गया है। 964 करोड़ से बढ़ाकर 3393 करोड़ कर दिया गया है। 11 खिलाड़ी के ऊपर ढाई से तीन करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं ।केन्द्रीय खेल मंत्री ने कहा कि जहां तक खिलाड़ियों की मांगों का सवाल है तो मैं यही कहूंगा कि उनकी मांग निष्पक्ष चुनाव की बात थी, उसकी तैयारी की जा रही है। एक कमेटी गठित करने की मांग की थी। वह कमेटी भी गठित कर दी गई है। निष्पक्ष जांच कराने की मांग थी। दिल्ली पुलिस वह भी कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपना निर्णय दे दिया है। मेरी आग्रह है कि जो भी खिलाड़ी वहां प्रदर्शन कर रहे हैं, वह निष्पक्ष जांच होने दें। दूध का दूध पानी का पानी अलग हो जाएगा।

# झारखंड में भी दिखेगा मोचा चक्रवात का असर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखंड में भी मोचा चक्रवात का असर दिखेगा। सात मई तक चक्रवात की तीव्रता का निर्धारण होने और कम दबाव का क्षेत्र बनने के बाद ही राज्य में इसका असर होगा। बंगाल के कुछ हिस्सों में और उत्तर पूर्वी राज्यों में इसका असर अधिक देखने को मिलेगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने अलर्ट जारी करते हुए बताया कि बंगाल की खाड़ी में नौ मई के आसपास चक्रवात बनने की संभावना है, जिसका असर झारखंड समेत आसपास के कई राज्यों में देखने को मिल सकता है। झारखंड में बंगाल से सटे इलाकों में मोचा का असर ज्यादा देखने को मिल सकता है। हालांकि, इस चक्रवात की तीव्रता का आंकलन मौसम विभाग ने अभी तक नहीं किया है। यह साल का पहला चक्रवात है। संभावना जताई गई है कि नौ मई के पहले तक राज्य के तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि दर्ज की जायेगी। इसके बाद तापमान में वृद्धि की संभावना नहीं है। विभाग ने पांच मई से राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ होने की बात कही है। दस मई तक मौसम में किसी तरह का बदलाव नहीं देखा जायेगा। लोगों को गर्मी का एहसास होगा।

## मणिपुर के हालात धीरे धीरे हो रहे सामान्य

**एजेंसी**

**इंफाल :** मणिपुर में बुधवार से शुरू हुई हिंसा के बाद स्थिति बेहद गंभीर हो गयी, जिसके चलते सेना और केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों को हिंसा प्रभावित इलाकों में तैनात किया गया। राज्य के आठ जिलों में धारा 144 अभी भी लागू किया गया है। मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अभी भी बंद हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज हालात सामान्य हैं, लेकिन अभी भी तनाव की स्थिति बनी हुई है। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से हजारों लोगों को सेना ने आश्रय दिया है। सभी हितधारकों द्वारा समन्वित कार्रवाई के माध्यम से स्थिति को नियंत्रण में लाया गया है। इंडियन एयर फोर्स ने सी-17 ग्लोबमास्टर और एएन-32 वायुयानों को नियोजित करते हुए असम में दो हवाई क्षेत्रों से निरंतर उड़ानें भरीं। बीती रात को अतिरिक्त सुरक्षा बलों को एयर लिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हुई जो आज तड़के तक जारी रही। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को हिंसा प्रभावित इलाकों में तैनात किया गया है। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से सभी समुदायों के नागरिकों की निकासी का कार्य पूरी रात जारी रही। सीसीपुर एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में सेना का फ्लैग मार्च जारी है। मोरेह और कांगपोकपी में स्थिति नियंत्रण में और स्थिर है। इंफाल और सीसीपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। सूत्रों ने बताया है कि मणिपुर में अतिरिक्त सैनिकों की एहतियाती तैनाती जारी रहेगी।

## शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने उठाया आतंकवाद का मुद्दा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना उसकी जमकर खिंचाई की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सीमा पार आतंकवाद सहित 'आतंकवाद के खतरे' पर कड़ा बयान दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया एक तरफ कोविड से लड़ रही थी और दूसरी ओर आतंकवाद का खतरा बेरोकटोक जारी था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गोवा में एससीओ विदेश मंत्री शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन सदस्यों को याद दिलाया कि आतंकवाद का मुकाबला करना एससीओ के मूल उद्देश्यों में से एक है। अपने शुरुआती संबोधन में उन्होंने आज कहा कि आतंकवाद को किसी भी तरीके से सही नहीं ठहराया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद सहित इसके सभी प्रारूपों को रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन मुहैया कराने के सभी चैनल पर भेदभाव से रहित रोक लगनी चाहिए ।विदेश मंत्री ने कहा कि भारत एससीओ में बहुमुखी सहयोग के जरिए विकास और शांति, स्थिरता को बढ़ावा देने को बहुत महत्व देता है। जयशंकर ने आगे कहा कि एससीओ अध्यक्ष के रूप में भारत ने 14 से अधिक सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एससीओ पर्यवेक्षकों और संवाद भागीदारों को भाग लेने के लिए आमंत्रित कर उनके साथ जुड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वे एससीओ की तीसरी आधिकारिक भाषा के रूप में अंग्रेजी को बनाने के लिए भारत की लंबे समय से चली आ रही मांग के लिए सदस्य देशों का समर्थन चाहते हैं।

# अपने शहर का आदमी धारावाहिक की नौवीं कड़ी में दिखेंगे अशोक पागल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची।** अपने शहर का आदमी धारावाहिक की नौवीं कड़ी अमीबा से बिम्बिसार तक और इतिहास की अभिनेता, लेखक, कवि और पत्रकार अशोक पागल पर एक विडियो बुक का लोकार्पण रांची के विधायक सीपी सिंह ने किया।इस मौके पर डॉ . सुशील कुमार अंकन धारावाहिक निर्माता-निर्देशक ने बताया कि अपने शहर की ख्यातिप्राप्त हस्तियाँ समय के साथ चुकती जा रही हैं। उनके कार्यो और उपलब्धियों को सहेज कर सुरक्षित रखना और आने वाली पीढ़ियों को विरासत के रूप में सौंपना इस धारावाहिक का मुख्य उद्देश्य है। अपने शहर का आदमी% का निर्माण, इलेक्ट्रोनिक माध्यम से पुस्तक-लेखन के कार्य जैसा है। इस विडियो- बुक पाठक/दर्शक/श्रोता, लेखक की केवल कल्पनाशीलता और शब्द ही नहीं पढ़ते बल्कि पात्रों के शब्द भाव ध्वनि वातावरण और परिस्थितियों का साक्षात दर्शन भी करते हैं। ऐसी किताबों से हम स्वयं की वर्चुअल दुनिया नहीं रह बल्कि पात्रों की वास्तविकता देखते और पढ़ते हैं, इसलिये हम सत्य के करीब पहुँच पाते हैं। 2007 में विचारों से शुरू होकर 2009 में धरातल पर उतरे अपने शहर का आदमी... श्रृंखला की यह नौवी कड़ी है। अमीबा से बिम्बिसार तक। अपने शहर का आदमी श्रृंखला के तहत अबतक बनी फिल्में (विडियो बुक) : काकिला के सुर सितार वादक प्रभात ठाकुर,यदि मैं शाहजहाँ होता डॉ. श्रवणकुमार गोस्वामी, हौसला अभी बुलंद है,साहित्यकार अभिनेता बलदेव नारायण ठाकुर,एक किताब नाटक की अभिनेता-लेखक तिनकौड़ी साहु , दुनिया शब्द संवाद की कवि-साहित्यकार डॉ. विद्याभूषण,रवीन्द्र संगीत गेये जाबो रवीन्द्र संगीत नाधिका प्रणति लाहिरी पर आसमान छूते सपने कार्यक्रम अधिशासी डॉ. गनौरी राम , रंगयात्रा चंदर की अभिनेता चन्द्र खन्ना पर अमीबा से बिम्बिसार तक नाट्यकर्मी एवं पत्रकार अशोक पागल पर बनाई गई है। इस मौके पर विधायक सीपी सिंह ने अशोक पागल के जीवन पर संबोधित किए। साहित्यकार डॉ. विद्याभूषण, निर्देशक ऋषि प्रकाश मिश्रा,रमण कुमार,उदय साहू सहित कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

# कांग्रेस ने आतंकवाद को पाला पोसा और पनाह दी : मोदी

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए 'लव जिहाद' का मुद्दा उठाया और उसपर बनी फिल्म 'केरला स्टोरी' का जिक्र किया। साथ ही इस मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस समाज को तहस-नहस करने वाली इस आतंकी प्रवृत्ति के साथ खड़ी नजर आ रही है और पिछले दरवाजे से इस प्रवृत्ति वालों के साथ राजनीतिक सौदेबाजी कर रही है। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के बल्लारी में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति की वजह से कांग्रेस ने आतंकवाद को पाला-पोसा और पनाह दी। फिल्म 'केरला स्टोरी' का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल देश का एक खूबसूरत राज्य है। यहां के लोग परिश्रमी और प्रतिभाशाली हैं। इसी केरल में चल रही 'आतंकी साजिश' (लव जिहाद) का खुलासा इस फिल्म में किया गया है। फिल्म एक राज्य में चल रही आतंक की छद्म नीतियों पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद का स्वरूप बदल रहा है। तस्करी, नशीले कारोबार और सांप्रदायिक उन्माद के आतंकवाद से तार जुड़े हैं। बीते कुछ वर्षों में आतंकवाद का नया स्वरूप (लव जिहाद) पैदा हो गया है। बम-बंदूक और पिस्तौल की आवाज सुनाई देती है लेकिन समाज को भीतर से खोखला करने की आतंकी साजिशों की आवाज नहीं होती। कोर्ट तक ने आतंकवाद के इस स्वरूप पर चिंता जताई है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर चुनाव जीतने के लिए 'झूठे नैरेटिव' गढ़ने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठे सर्वे करवाकर अपनी वाहवाही करती है और कर्नाटक में भी यही कर रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कावेरी' के जरिए सूडान से भारतीयों को निकालने का भी विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े देश अपने नागरिकों को वहां से निकालने से मना कर रहे हैं। इसके बावजूद हमने पूरी वायु सेना और नौसेना इस काम में लगा दी।

## टाना भगत स्टेडियम में हुआ मेडिटेशन कैंप का आयोजन

**रांची।** योग विद्या प्राणिक हीलिंग झारखंड ट्रस्ट द्वारा 5 मई बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर रांची के खेल गांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में भव्य मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया गया। इसमें करीब 4000 लोगों ने एक साथ बैठकर मैडिटेशन किया। इसमें पूर्णिमा के दिन मेडिटेशन करने के महत्व के बारे में बताया गया तथा मास्टर चोआकाक सुई जी द्वारा बताई गई। द्वि- हृदय ध्यान तकनीक द्वारा सभी ने एक साथ बैठकर सामूहिक रूप से मैडिटेशन किया। ताना भगत स्टेडियम में प्राणिक एक्सपो का भी कैंप लगाया गया था। जिसमें लोगों ने निशुल्क प्राणिक उपचार करवाकर ईसका लाभ उठाया। इस मैडिटेशन को कराने का उद्देश्य यह था इसके माध्यम से समाज में प्रेम, दया, सद्भावना, आपसी सामंजस्य जैसी सकारात्मक भावना का संचार हो।

ट्रैफिक नियमों का पालन करने में ढिलाई बरत रहे रांचीवासी

# छह माह में काटे गये 20683 चालान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** राजधानी रांची के कुछ लोग ट्रैफिक नियम का पालन करने को लेकर लापरवाह हैं। इसका अंदाजा एक नवंबर, 2022 से 30 अप्रैल तक पिछले छह माह में कट चुके 20 हजार 683 ट्रैफिक चालान से लगाया जा सकता है। इस वजह से आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। हालांकि, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर पकड़े जाने पर कुछ युवा और युवतियों का कहना था कि हेयरस्टाइल खराब होने के डर से वह हेलमेट नहीं पहनते हैं।

इस दौरान 3599 लोगों को बाइक पर ट्रिपल राइडिंग के लिए जुर्माना लगा है। बिना हेलमेट के 1330, कार में बिना सेफ्टी बेल्ट लगाए 1788, कार में काला शीशा लगाने में 231, प्रेशर हॉर्न 282 और रेड लाइट जंप के 13453 लोगों ने उल्लंघन किया है। सभी लोगों से अलग-अलग एमवी एक्ट की धाराओं में जुर्माना वसूला गया है। आंकड़ों को गौर करे तो सबसे ज्यादा लोगों ने 13453 रेड लाइट जंप किया है।

ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमां ने बताया कि राजधानी में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन के खिलाफ लगातार फाइन काटा जा रहा है। राजधानी रांची में ट्रैफिक पुलिस लगातार जाम से निजात दिलाने के लिए अभियान चला रही है। साथ ही लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए लगातार जागरूक भी कर रही है। इसके बावजूद राजधानी के लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

## अनाथ हो गया शहर की सरकार : धर्मेंद्र तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्य की हेमंत सरकार ने ओबीसी आरक्षण सर्वेक्षण, रोटेशन पद्धति, के आड में किसी षडयंत्र के तहत नगर निकाय चुनाव नहीं होने दिया, जिसका खमियाजा राज्य की जनता भुगत रही है। ससमय निकाय चुनाव नहीं होने के कारण वित्त आयोग द्वारा मिलने वाली सहायता राशी पर भी रोक लग गई है। साथ ही समयावधि पूर्ण हो जाने के कारण राज्य के सभी नगर निकायों के जन-प्रतिनिधियों को संविधान द्वारा प्रदत अधिकार बीते 28 अप्रैल को समाप्त हो गया और शहर की सरकार जन-प्रतिनिधि विहीन, अनाथ हो गई। अब पार्षदों का अधिकार और शक्ति को नगर निगम ने सुपरवाईजरों को सौंप दी है, जो कि निगम के अधीन अनुबंध पर कार्यरत है। पहले जहां लोग अपने मुहल्ले में रहने वाले पार्षदों से मिलकर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सड़क, नाली, बिजली, पानी, स्ट्रीट लाईट जैसी बुनियादी सुविधाओं का कार्य आसानी से करा लेते थे। अब लोगों को इसके लिए नगर निगम के कार्यालय में जाकर बाबुओं से चिरौरी करनी पड़ रही है। एक ही काम के लिए उन्हें अनेक बार निगम कार्यालय दौड़ना पड़ रहा है। निगम का कंट्रोल रूम भी कारगर साबित नहीं हो रहा है। शहर की सरकार में फिर से बाबुराज कायम हो गया है। पानी और बिजली की समस्या से राजधानी के लोग काफी हलकान और परेशान है। यह बातें भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष, धर्मेन्द्र तिवारी ने कही।

उन्होंने कहा कि आज हर सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिचौलिए सरकारी व्यवस्था पर हावी है, सरकार भी कुछ नहीं कर पा रही है, उनके आगे नतमस्तक बनी हुई है। ऐसे में भारतीय जनतंत्र मोर्चा जनहित के कार्य हेतु शहरवासियों के सेवा में आगे आया है। आपसे आग्रह है आप अपनी समस्याओं को हमें बताएं, समाधान हम करेंगे। जन सुविधा हेतु भारतीय जनतंत्र मोर्चा के कार्यकर्ता से संपर्क करें। पार्टी अपने मूल मंत्र- संपर्क, समस्या, समाधान के तहत जनता की सेवा करने हेतु उनके बुनियादी समस्याओं के निराकरण में लगा हुआ है। आपकी सेवा ही हमारी पार्टी का लक्ष्य है। श्री धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि हमारी पार्टी सत्ता और सरकार के लिए नहीं बल्कि जन सरोकार की राजनीति करती हैं।

## हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सह पायलट की मौत, चार घायल

**काठमांडू।** नेपाल के संखुवासभा जिला में शुक्रवार को हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में घायल सह पायलट भाविन गुरुंग की इलाज के दौरान मौत हो गई। चार अन्य घायलों का इलाज काठमांडू में चल रहा है।जिला पुलिस कार्यालय संखुवासभा के प्रवक्ता भुवनबाबू खड्का ने बताया कि यह हेलीकॉप्टर सिमरिक एयर का था, जो अपर अरुण हाइड्रो-इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के सिलसिले में अपने गंतव्य की ओर जा रहा था। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि हेलीकॉप्टर का पंखा पहाड़ी से टकरा गया, जिससे यह दुर्घटना हुई।हेलीकॉप्टर के पायलट और सह पायलट समेत पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए काठमांडू ले जाया गया। दुर्घटना में घायल सह पायलट भाविन गुरुंग की इलाज के दौरान मौत हो गई।संखुवासभा के सहायक मुख्य जिला अधिकारी मोहन घिमिरे ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि सेना और पुलिस की एक टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर का मलबा जंगल से बरामद कर लिया है।

# आईएएस छवि रंजन ने पद का दुरुपयोग कर भू-माफियाओं को पहुंचाया लाभ, अंचल कार्यालय से ली रकम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए रांची के पूर्व डीसी आईएएस छवि रंजन को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पूरे घोटाले से पर्दा उठाने के लिए ईडी आईएएस छवि रंजन को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। ईडी की जांच में कई खुलासा हुआ है। ईडी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वर्ष 2020-2022 तक तक रांची डीसी रहे छवि रंजन ने पद का दुरुपयोग कर भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाया। कई निजी लोग को फर्जीवाड़े में मदद की। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि चर्चित प्रेम प्रकाश के माध्यम से बारगेन मौजा स्थित एक भूखंड को प्रतिबंधित सूची से हटाने के लिए एक करोड़ रुपये लिया गया था। रांची के अलग अलग अंचल कार्यालय से किस्तों में 2 से 2.5 लाख रुपये की राशि छवि रंजन को दी गई। ईडी जांच में यह भी पता चला है आईएएस छवि रंजन ने मौखिक रूप से अंचल अधिकारी मनोज कुमार से व्यवसायी विष्णु अग्रवाल और उनकी पत्नी अनुश्री अग्रवाल के नाम चेशायर होम रोड पर एक एकड़ के एक पार्सल का नामांतरण करने के लिए कहा था। हालांकि, अंचल कार्यालय के समक्ष मौजूदा विवाद लंबित थे।

विष्णु कुमार अग्रवाल के मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच से पता चला कि उन्होंने छवि रंजन की गोवा यात्रा की सुविधा प्रदान की है, जिसमें गोवा के अगुआडा में ताज फोर्ट होटल में व्यवस्था की जाती थी। बुकिंग के तरीके को छुपाने के लिए एक ट्रैवल एजेंट के माध्यम से यह व्यवस्था की जाती थी। बुकिंग की राशि विष्णु कुमार अग्रवाल के एक कर्मचारी द्वारा दिल्ली में एक ट्रैवल एजेंट को नकदी में किया जाता था।

इसके अलावा ईडी जांच में पता चला है कि नामकुम स्थित पुगरू मौजा में एक गैर-बिक्री जमीन खाता संख्या 7.16 में लगभग 7.16 एकड़ ओर हेहल मौ स्थित एक जमीन बिनोद सिंह के नाम पर म्यूटेशन के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था। नामांतरण के बाद यह संपत्ति श्याम सिंह और रवि सिंह भाटिया के नाम दर्ज की गई। इस जमीन का वास्तविक मूल्य 29 करोड़ था, जिसे 15.10 करोड़ में तय किया गया। चेक के माध्यम से 3.45 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था।

हालांकि, विनोद सिंह के दावे को पहले सीओ और एलआरडीसी द्वारा वर्ष 2021 में खारिज कर दिया गया था लेकिन छवि रंजन ने विनोद सिंह के नाम पर नामांतरण की अनुमति दी थी। यहां तक कि छवि रंजन द्वारा साहू परिवार के नाम पर जमाबंदी रद्द कर दी गई थी। तत्कालीन उपायुक्त और जिला मजिस्ट्रेट छवि रंजन ने पुलिस की मौजूदगी में उपरोक्त स्थल पर चारदीवारी निर्माण के निर्देश जारी किए थे। छवि रंजन ने पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश और व्यवसायी विष्णु अग्रवाल के साथ रांची में सेना की 4.55 एकड़ जमीन मैसर्स जगतबंधु टी एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित करने की भी साजिश रची थी।